


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, रविवार, 12 मई 2024, वर्ष-25, अंक-99, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 72,664.47 ▲ +260.30
डॉलर 83.553 ▲ +0.101

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 68,600
चांदी (1 किलो) 90,000

**आज के मैच**

CHENNAI SUPER KINGS VS RAJASTHAN ROYALS

समय : 12 मई, 3:30 बजे से
स्थान : चेन्नई

**आज के मैच**

ROYAL CHALLENGERS VS DELHI CAPITALS

समय : 12 मई, 7:30 बजे से
स्थान : बेंगलुरु

## एक नजर

### कार से 4.56 लाख बरामद, 3 गिरफ्तार

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर रांची पुलिस अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में विधानसभा थाना क्षेत्र की पुलिस ने शनिवार को देर शाम एक लाल रंग की स्विफ्ट कार से चार लाख 56 हजार रुपये बरामद किया गया है। मामले में पुलिस ने रवि कुमार राय और दो अन्य लोगों को पकड़ा है। इनके पास से रुपये बरामद किये गये है। बताया जा रहा है कि ये लोग रुपये सूद पर लगाते है वही रुपये वसूल कर आ रहे थे। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हथियार लेकर कोई जाने वाला है। इसी को लेकर चेकिंग शुरू की गयी। इसी क्रम में एक कार से रुपये बरामद किये गये।

### धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम में शनिवार को डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से बच्चों को डैम से बाहर निकालने की कोशिश कर रही है। डूबे हुए बच्चों में आलोक कुमार और बंटू कुमार शामिल है।

**आजकल**




# झारखंड में पहले चरण की चार सीटों पर मतदान कल

### चुनाव प्रचार समाप्त, तीन पर एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला

### लोहरदगा में त्रिकोणीय संघर्ष, झामुमो के बागी चमरा लिंडा भी दे रहे चुनौती

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

देश के चौथे चरण और राज्य के पहले चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा। राज्य की चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू के लिए सोमवार को वोट डाले जाएंगे। इसको लेकर शनिवार शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। चारों सीटों आरक्षित हैं, जिसमें तीन सीट सिंहभूम, खूंटी, और लोहरदगा अनुसूचित जनजाति के लिए और एक पलामू अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन चार सीटों में से तीन पर अभी भाजपा का कब्जा है, एक सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। लेकिन 2019 के मुकाबले समीकरण और प्रत्याशी बदल गए हैं। सभी सीटों पर भाजपा और इंडी गठबंधन के बीच ही सीधा मुकाबला है। लेकिन खूंटी और लोहरदगा में त्रिकोणीय मुकाबले के पूरे आसार हैं।

### खूंटी : अर्जुन और काली के बीच सीधी टक्कर



**खूंटी** लोकसभा में इस बार कुल सात प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन पिछली बार की तरह ही इस बार भी भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा के बीच ही सीधा मुकाबला है। वहीं पत्थलगड़ी आंदोलन का नेतृत्व करने वाली बबीता कच्छप निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटी है। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पीएम मोदी के नाम पर ही वोट मांग रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा के नाम का भी सहारा लिया जा रहा है। वहीं कांग्रेस स्थानीय मुद्दों पर फोकस कर रही है। साथ ही कांग्रेस के मेनिफेस्टो से मिलने वाले फायदे लोगों को गिनाए जा रहे हैं।

### सिंहभूम : दो महिलाओं के बीच रोचक संघर्ष



**सिंहभूम** लोकसभा सीट पर पहली बार दो आदिवासी महिलाओं के बीच मुकाबला बेहद रोचक होने वाला है। सिंहभूम हो आदिवासियों का इलाका माना जाता है, लेकिन संथाली, उरांव, मुंडा और गौड़ आदिवासी भी रहते हैं। 2019 में कांग्रेस की टिकट पर सिंहभूम सीट से विजयी गीता कोड़ा इस बार भाजपा के टिकट पर मैदान में है, तो इंडी गठबंधन की ओर से झामुमो की प्रत्याशी विधायक जोबा मांझी गीता कोड़ा को टक्कर देने में जुटी है। गीता कोड़ा जहां हो आदिवासी समाज से आती हैं, वहीं जोबा मांझी संथाली समाज से आती हैं। इसलिए दोनों के बीच होने वाले मुकाबले पर सबकी नजर है।

### पलामू : वीडी राम-ममता भुइयां के बीच मुकाबला



**पलामू** लोकसभा क्षेत्र में भी सीधा मुकाबला भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच ही है। भाजपा ने तीसरी बार वीडी राम को भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है, वहीं इंडी गठबंधन की ओर से राजद ने ममता भुइयां को दांव खेला है। ममता पहले भाजपा में ही थी लेकिन टिकट मिलने पर राजद में शामिल हो गईं। राजद ने पलायन और सुखाड़ को मुद्दा बनाया है। इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। वहीं, भाजपा प्रत्याशी वीडी राम भरोसा दिला रहा हैं कि इस बार पलायन खत्म करने के लिए पलामू में उद्योग स्थापित किया जाएगा ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके।

### लोहरदगा : बागी ने बनाया त्रिकोणीय मुकाबला



**लोहरदगा** सीट पर भाजपा का कब्जा है, लेकिन भाजपा ने इस बार प्रत्याशी बदल कर समीर उरावं को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने पिछली बार की तरह ही सुखदेव भगत पर ही दांव खेला है। लेकिन इस बार झामुमो के बागी विधायक चमरा लिंडा ने चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। वैसे सीधे तौर पर देखें तो मुकाबला कांग्रेस के सुखदेव भगत और भाजपा के समीर उरांव के बीच है। यहां 59 प्रतिशत आदिवासी हैं। भाजपा मोदी की गारंटी का जिक्र हो रहा है। समीर उरांव कह रहे हैं गुमला को रेलवे से जोड़ने की कोशिश होगी। सुखदेव भगत पलायन, सरना धर्म कोड जैसे मुद्दे उठा रहे हैं, तो चमरा लिंडा का कहना है कि आदिवासी व आदिवासियत को बचाना है तो हमें जीतना होगा।

# हेमंत के विकास कार्य से घबराकर केंद्र ने भेजवाया जेल : कल्पना



### भाजपा लोगों को झूठे सपने दिखलाकर सत्ता में बने रहना चाहती है

### हमने बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ मांगा तो केंद्र नाराज हो गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू/गढ़वा।** पलामू लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कल्पना सोरेन पलामू पहुंची । इंडी गठबंधन से राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में उन्होंने गढ़वा के चिनियां और चैनपुर के हरिनामाड़ में चुनावी सभा की। कल्पना सोरेन ने चैनपुर में कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विकास की गाड़ी को देखकर केंद्र सरकार इतनी घबरा गई थी कि एक साजिश के तहत उन्हें चुनाव से पहले जेल भिजवा दिया। केंद्र सरकार को इस बात की डर थी कि कही हेमंत सोरेन बाहर रहकर पूरे झारखंड से उनका सुपड़ा ना साफ कर दें। उनके जेल में रहते हुए भी झारखंड की जनता केंद्र की भाजपा सरकार को सबक सिखाएगी और इंडी गठबंधन प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य वोट देगी। कल्पना ने यह भी कहा कि सबको हरा राशन कार्ड मिला था, लेकिन केंद्र सरकार ने उसे काट दिया, लेकिन ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

# ‘शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी’

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चतरा के सिमरिया स्थित मुरवे मैदान में भाजपा के हजारीबाग प्रत्याशी मनीष जायसवाल और चतरा प्रत्याशी कालीचरन सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और झामुमो पर तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। सभा में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पीएम ने कहा कि चार जून को क्या नतीजे आएंगे वह यहां साफ दिख रहा है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि इा बार शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीटें मिलने जा रही हैं। कहा, पूरा गठबंधन सिर्फ इस बात की कोशिश कर रहा है कि उन्हें विपक्ष का दर्जा मिल जाए। इसलिए ये अब छोटे और क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस में विलय की बात करने लगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहां नेताओं के पीएस के घर से भी नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पीएस और उसके नौकर के घर में इतने पैसे निकल रहे हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उनके पास कितने पैसे होंगे। बेशर्मी देखिए इतने नोट निकलने के बाद शर्म से आंखें झुक जानी चाहिए लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। कहा, इस लूट के काले धन को सिर्फ एक ही व्यक्ति बाहर ला सकता है, जिसके ऊपर एक भी दाग नहीं हो और वह है सिर्फ आपका बेटा मोदी।

**तुष्टीकरण की राजनीति करने को दलित, आदिवासियों के आरक्षण पर हकमारी कर रहा इंडी गठबंधन**

**झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर, यहां नेताओं के पीएस के नौकर के घर से भी नोटों के पहाड़ निकल रहे**

**राष्ट्रपति रामलला के पूजन को अयोध्या गईं, तो कांग्रेस ने मंदिर को गंगाजल से शुद्ध करने की बात की**




### प्रभु राम को आदिवासियों ने बनाया मर्यादा पुरुषोत्तम

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब प्रभु राम को 14 वर्षों का वनवास मिला तो वह आदिवासियों के ही बीच रहे। इस वर्ग के सहयोग से ही वे बाद में वह मयार्दा पुरुषोत्तम बने। हम राम की भक्ति करते हैं, उन्हें प्रभु राम बनाने वाले आदिवासियों को भी नमन, पूजा करते हैं। इसके विपरीत झामुमो, कांग्रेस जैसे दलों का आदिवासियों के अतीत, गौरव से जुड़ाव नहीं है। इस राज्य में राज्यपाल रह चुकी आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को भाजपा ने आपके वोट से मिली ताकत से राष्ट्रपति बनाया। वे पिछले दिनों रामलला के पूजन, दर्शन को अयोध्या गयीं। इस पर कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस कर मंदिर को गंगाजल से शुद्ध करने की बात कही। झारखंड में घुसपैठिए यहां की आदिवासी बहनों से शादी कर उनकी जमीन लूटी रहे हैं। कांग्रेस और झामुमो इनके वोट के लिए झारखंड और भारत की पहचान को ही बदल देना चाहते हैं।

### कांग्रेस की सरकार आई तो वे संपत्ति की जांच कराएंगे

मोदी ने कहा कि कांग्रेस का पंजा दलितों, ओबीसी, एसटी और एससी आरक्षण को छीनने में लगा हुआ है। वे संविधान के खिलाफ धर्म के नाम पर आरक्षण देना चाहते हैं। भाजपा ऐसा कभी होने नहीं देगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल नया फॉमूर्ला लेकर आ रहे हैं। वे आपकी संपत्ति की जांच कराएंगे। कितनी जमीन है, इसकी भी जांच की जाएगी। फिर वे आपकी आधी संपत्ति लेकर घुसपैठियों में बांट देंगे। वे ऐसा कानून लाने वाले हैं। मतलब आपकी अपनी कमाई संपति को भी वे आपको अपने ही संतान को पूरी तरह नहीं देने देंगे। गांव और शहर में आपका एक- एक घर है तो एक घर ले लेंगे। ये दलित, आदिवासी, ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। आंध्रप्रदेश, कर्नाटक में ये ऐसा कर चुके हैं।

### जेएमएम-कांग्रेस का एक ही एजेंडा, ना करेंगे, ना करने देंगे

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले विकास में रोड़ा हैं। झामुमो और कांग्रेस का एक ही एजेंडा है, ना कुछ करेंगे और ना ही करने देंगे। उन्होंने कहा कि ये भ्रष्टाचार के अलावा कुछ करते भी नहीं है। मोदी जो काम करता है, उसे भी ये करने नहीं देते हैं। साथियों, मैं गरीब परिवार में पैदा हुआ हूं। गरीबी क्या होती है मैं जानता हूं। इसीलिए मैं चाहता हूं कि मेरे देश के गरीब का चूल्हा जलता रहना चाहिए लेकिन ये लोग चाहते है कि मोदी का भेजा राशन आपको मिले ही नहीं।

### राज्य में अफीम का उद्योग लगा

मोदी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि आदिवासियों के बच्चे भी इंजीनियर-डॉक्टर बनें। हम स्थानीय भाषाओं में हायर स्टडी को प्रोत्साहित कर रहे। लेकिन ये झारखंड में एक ही उद्योग लगा रहे, अफीम का उद्योग। ये आपके बच्चों को नशे में ढकेलना चाहते हैं।

### गिरिडीह में पीएम की रैली 14 को, आज पटना में रोड शो

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 14 मई को झारखंड के गिरिडीह जिले के बिरनी में रैली करेंगे। इस दौरान मोदी की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर हथियाबंद जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती होगी। इसमें 50 इंस्पेक्टर, 280 एसआई और एएसआई, 1146 लाठी बल, 50 यातायात पुलिसकर्मी, दो बीडीएस की टीम, दो हिट टीम, तीन डॉग स्कवाईड सहित इको की आधा दर्जन टीमें तैनात रहेंगी। आसपास के जिलों और ट्रेनिंग सेंटर से भी पुलिस बल बुलाया गया है। इस दौरान यातायात व्यवस्था भी बदली रहेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व पीएम मोदी गिरिडीह के जमुआ में आये थे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को राजधानी पटना की सड़कों पर भाजपा के समर्थन में रोड शो करेंगे। भाजपा इसे मेगा शो बनाने की तैयारियों में जुटी है।

# घुसपैठिए कर रहे आदिवासी जमीन पर कब्जा : हिमंता

### अर्जुन मुंडा आदिवासियों के सबसे बड़े नेता, जनजातीय कल्याण के लिए उनका जीतना जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा भारी बारिश और आंधी के कारण शनिवार को रांची के तमाड़ नहीं पहुंच सके। देश में चौथे और झारखंड के पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्हें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए बोकारो से हेलीकॉप्टर से तमाड़ आना था लेकिन खराब मौसम ने बाधा खड़ी कर दी। इसके बाद उन्होंने मोबाइल से तमाड़ के अमलेशा मैदान में जुटे लोगों से कहा कि अर्जुन मुंडा खूंटी का तो बेटा है ही, देश के आदिवासी समाज का सबसे बड़ा नेता है। अर्जुन मुंडा खूंटी के अलावा असम सहित अन्य क्षेत्रों में जाकर आदिवासी समाज का कल्याण करते हैं। देश के आदिवासियों के कल्याण के लिए अर्जुन मुंडा को जीतना जरूरी है। अर्जुन मुंडा जीत कर जाएंगे तो मंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासी इलाकों में घुसकर आदिवासी बहनों से शादी करते हैं और उसके बाद आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लेते हैं। झारखंड में जितना कन्वर्जन चल रहा है, उनके खिलाफ भी हमें आवाज उठाने की जरूरत है। आप देख रहे हैं कि झारखंड में क्या चल रहा है। कुछ दिन पहले मंत्री के पीएस के नौकर के घर से ईडी को 35 करोड़ रुपये मिले। इससे आप समझ सकते हैं कि मंत्री के घर में कितना कैश मिलेगा। इसके बाद झारखंड में भी भाजपा की सरकार बन जाएगी। सरमा ने कहा कि देश में भाजपा की सरकार बनेगी। झारखंड में भी डबल इंजन सरकार बनेगी। उन्होंने जनसमूह से अनुरोध किया कि अर्जुन मुंडा की जीत तय हो। देश और आदिवासी समाज को अर्जुन मुंडा की जरूरत है।

# इंडिया मोदी सरकार बनी तो होंगे 4 ऐतिहासिक कार्य, जिन्हें याद किया जाएगा



सुनील बादल

***इस*** बार चुनाव में सामानों की तरह वारंटी और गारंटी की चर्चा जोरों पर है और आरोपों प्रत्यारोपों या अफवाहों के बीच कुछ खास है जिसकी चर्चा चुनाव परिणाम के बाद हो सकती है और यदि ऐसा हुआ जिसकी अधिक संभावना है तो भारत का इतिहास इसे लंबे समय तक याद रखेगा। यह मामला मोदी की गारंटी से जुड़ा है। लोग जानते हैं कि मोदी कोई काम चोरी छिपे नहीं करते और उनके सार्वजनिक बयानों में उनकी भविष्य की योजनाओं की खुली घोषणा होती है। ऐसा निश्चित रूप से होगा यह भी नहीं कहा जा सकता पर मोदी जी के ट्रैक रिकॉर्ड से इसका पक्का अनुमान जरुर लगाया जा सकता है। 4 जून के बाद यदि उन्हें पूर्ण बहुमत मिल जाता है तो वे बंगाल के संदेशखाली की महिलाओं को न्याय दिलाने का वायदा पूरा करेंगे। चूंकि वहां उनकी सरकार नहीं है तो इसके लिए वहां की अराजक स्थिति को आधार बनाकर सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू कर ही ऐसा किया जा सकेगा। मोदी जी संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं को इसी तरह न्याय दिला पाएंगे। इसी तरह दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल गिरफ्तार होने के बाद इस्तीफा नहीं देने पर अड़े हैं इडी के सम्मन को दस बार नकार कर अपना केस वे खुद खराब कर चुके हैं और जेल के अंदर से तकनीकी रूप से सरकार नहीं चल सकती ऐसे में उनकी सरकार भी बर्खास्त होगी जिससे एक कड़ा संदेश जाएगा। केजरीवाल जी को पूरी उम्मीद थी कि उनकी ईमानदारी और गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली की जनता सड़कों पर उतरेगी पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। दूसरी तरफ निचली से शीर्ष अदालतों तक में बड़े से बड़े वकील उन्हें जमानत नहीं दिलवा पा रहे जिससे उनके विरुद्ध कार्रवाई की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है इंतजार है चुनाव के समाप्त होने और नई सरकार के बनने का। इसी तरह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को औपचारिक रूप से भारत के अभिन्न अंग के रूप में शामिल करने की बात मोदी जी सहित रक्षा मंत्री राजनाथ और अन्य मंत्री सार्वजनिक मंचों पर कहते रहे हैं। यह भी 370 हटने की तरह पूरी तैयारी के साथ होगा जिसके लिए बहुत दिनों से रणनीति बनाई जा रही है इंतजार चुनाव के समाप्त होने का है ताकि विरोधी चुनाव प्रक्रिया को बाधित न कर पाएं। चौथा ऐतिहासिक काम होगा भ्रष्टाचार पर प्रहार का। संभावना है कि सभी लेनदेन ऑनलाइन कर दिए जाएं और सेवाओं की समयावधि तय की जाए। अभी बड़े भ्रष्टाचारियों पर चल रही इडी, आयकर विभाग और सीबीआई की कार्रवाई को तेज कर पूरी व्यवस्था को सुधारने के लिए तकनीक की मदद ली जाएगी और अदालतों में होने वाली देरी को कम करने के लिए नया मैकेनिज्म विकसित किया जा सकता है ताकि छोटे मामलों से अदालतों का समय बर्बाद न हो। इन सभी की गारंटी मोदी जी दे चुके हैं और पहले उन्होंने अपना कहा हुआ पूरा कर दिखाया भी जिससे इसकी पूरी संभावना बनती है। पर सब कुछ चुनाव के परिणामों पर निर्भर करता है जिसपर अनुमान ही लगाया जा सकता है जबकि भाजपा जीत के प्रति आश्वस्त होकर पूरे आत्मविश्वास के साथ इसके इसकी तैयारी में



लगी है जबकि विपक्ष उन्हें हर मोर्चे पर विफल बता रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि 'जब सभी से उम्मीद खत्म हो जाती है, तब 'मोदी की गारंटी' शुरू होती है।' मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के उनके संकल्प के केंद्र में छोटे शहरों का विकास है। 'राहुल गांधी जैसे नेताओं ने खुलेआम आरोप लगाए हैं कि भाजपा की योजना संविधान बदलने और लोकतंत्र के मूल स्वरूप में परिवर्तन करने की है। उन्होंने ऐसे किसी संभावित ‘दुस्साहस’ के परिणाम भुगतने और सड़कों पर उतरकर उसके विरोध की धमकी भी दी है। ऐसे उकसावे और संकेतों से मोदी विरोधियों ने वैश्विक समुदाय के समक्ष यही संदेश देने का प्रयास किया है यदि मोदी सत्ता में लौटते हैं तो इससे भारतीय लोकतंत्र के समक्ष जोखिम बढ़ सकते हैं।ऐसी मनगढ़ंत बातों को अंतरराष्ट्रीय मीडिया के एक हिस्से द्वारा लपक लिया जाता है। वह लोकतांत्रिक संस्थानों पर आरएसएस के कब्जे, मीडिया पर नियंत्रण, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और चुनावी बांड के जरिये भ्रष्टाचार से जुड़े विपक्ष के आरोपों में अपना सुर मिलाने लगता है। कुछ लोग तो न्यायपालिका तक को नहीं बख्शते कि उसकी भी सरकार से मिलीभगत है। कुछ को ईवीएम में खोट नजर आता है कि उसके जरिये चुनाव प्रभावित किया जा सकता है। इन सबके बीच मोदी बेफिक्र होकर अपने लक्ष्य की पूर्ति में जुटे हुए हैं। मोदी कई मंचों पर कह चुके हैं कि तीसरे कार्यकाल की उनकी कार्ययोजना तैयार है। आचार संहिता लागू होने से पहले ही उन्होंने सत्ता में वापसी के बाद शुरूआती सौ दिनों का एजेंडा भी पेश किया। भाजपा ने संकल्प पत्र के नाम से अपने घोषणा पत्र में भविष्य को लेकर अपनी योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया है, जिसमें कई नीतियों में निरंतरता रखने का उल्लेख है।

# अंग्रेजी साहित्यकार रस्किन बॉन्ड को साहित्य अकादमी का सर्वोच्च सम्मान महत्तर सदस्यता



**एजेंसी। नई दिल्ली**

साहित्य अकादमी का सर्वोच्च सम्मान महत्तर सदस्यता अंग्रेजी के प्रख्यात लेखक एवं विद्वान रस्किन बॉन्ड को शनिवार को प्रदान किया गया। साहित्य अकादमी के सहायक संपादक अजय कुमार शर्मा ने बताया कि रस्किन बॉन्ड की अस्वस्थता के कारण यह सम्मान उनके उत्तराखंड के मसूरी स्थित घर पर साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और सचिव के. श्रीनिवासराव ने प्रदान किया। इस अवसर पर उनके पुत्र भी उपस्थित थे। हिमाचल प्रदेश के कसौली में 19 मई 1934 को जन्मे रस्किन बॉन्ड पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से लेखन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने साहित्य की विभिन्न विधाओं में लिखा है। उनकी आरंभिक कथा कृतियों में कहानी संग्रह तथा उपन्यास के साथ साथ कुछ आत्मकथात्मक कृतियां भी हैं। बाद में उन्होंने कथेतर, रोमांस तथा बाल पुस्तकों की रचना भी की। उनकी उल्लेखनीय कृतियों में- वैग्रन्ट्स इन द वैली, वन्स अपॉन ए मानसून टाइम, एंग्री रिवर, स्ट्रेंजर्स इन द नाइट, ऑल रोड्स लीड टू गंगा, टेल्स ऑफ फोस्टरगंज, लेपर्ड ऑन द माउंटेन तथा टू मच ट्रबल शामिल हैं। 1978 की हिंदी फि ल्म जुनून रस्किन के ऐतिहासिक उपन्यास ए फ्लाइट ऑफ पिजन्स (1857 के भारतीय विद्रोह) पर आधारित है। उनकी कहानियों का रूपांतरण टीवी धारावाहिक 'एक था रस्टी' के नाम से दूरदर्शन पर प्रसारित किया गया। उनकी कई कहानियों- द नाइट ट्रेन ऐट देओली, टाइम स्टॉप्स ऐट शामली तथा आवर ट्रीज स्टिल ग्रो इन देहरा को भारत के विद्यालयी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

## एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने तपकारा में चलाया प्रचार अभियान

**खूंटी।** विश्व हिंदू परिषद के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष एपी सिंह, कृष्णा भगत और अनूप भाई ने शनिवार को तपकारा साप्ताहिक हाट में प्रचार अभियान चलाकर भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। विहिप अध्यक्ष एमपी सिंह ने लोगों से अपील की कि आपका एक-एक बहुमूल्य हैं इसलिए आप मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि कंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप अर्जुन मुंडा अपना कीमती वोट दें। भाजपा की सरकार ने लोगों तक हर सुविधा उपलब्ध कराया है। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश संयोजक अनूप भाई ने लोगों से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है कि अर्जुन मुंडा को पुनः भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। अब खूंटी लोकसभा क्षेत्र वासियों को अपना बहुमूल्य वोट देकर अर्जुन मुंडा को भारी से भारी मतों से विजयी बनाना है। लक्ष्मी नारायण बड़ाईक ने वोट का महत्व के बारे में विस्तार रूप से लोगों को बताया।

### अर्जुन मुंडा को समर्थन देगा ओबीसी समाज : ब्रह्मदेव प्रसाद

**खूंटी।** पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि खूंटी संसदीय सीट से पिछड़ा वर्ग के लोग अर्जुन मुंडा को अपना समर्थन देंग।गोल्डन पैलेस में शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जहां-जहां पिछड़ी जाति के उम्मीदवार हैं चाहे वह इंडी गठबंधन के हों या एनडीए का, ओबीसी समाज के लोग उसी को समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खूंटी में ओबीसी के हक की बात कही है, इसलिए मोर्चा ने खूंटी से अर्जुन मुंडा को समर्थन देने की घोषणा की है मौके पर केंद्रीय महासचिव श्रवण कुमार, केंद्रीय मंत्री शकुंतला जायसवाल, शुभम कुमार, जितेंद्र कश्यप, पप्पू यादव आदि भी मौजूद थे।

### उत्पाद विभाग ने 1000 किलोग्राम जावा महुआ किया नष्ट

**रामगढ़ ।** लोकसभा चुनाव के दौरान उत्पाद विभाग की टीम लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रही है। शनिवार को भी विभाग के पदाधिकारियों ने छापेमारी कर 50 लीटर अवैध महुआ शराब और 1000 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया है।यह छापेमारी अभियान गोला थाना अंतर्गत कामता गांव में भैरवी नदी के किनारे चलाई गई। यहां संचालित अवैध शराब भट्टियों में सघन और व्यापक छापामारी कर कुल 50 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 1000 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। छापामारी अभियान में कामता गांव के निवासी संतोष साव, कृष्ण जीवन साव, उमेश साव, काली साव, मंसु साव आदि के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है।

## हेमंत को जेल भेजे जाने से आदिवासी समाज में भाजपा के प्रति भारी नाराजगी : जुबैर अहमद



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने शनिवार को कहा कि गांव-गांव में भाजपा के प्रति लोगों में नाराजगी है और इसका लाभ इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को मिलेगा और वे भारी मतों से जीतेंगे। चुनाव प्रचार के समाप्त होने के बाद जिलाध्यक्ष शनिवार की शाम तोरपा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया के साथ संबोधित कर रहे थे। जुबैर अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने से आदिवासी समाज में भारी नाराजगी है और इसका खमियाजा भाजपा प्रत्याशी को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गांव के लोग भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को वोट देने का मन बना चुके हैं उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता जिले के हर गांव में गये. इस दौरान देखा गया कि आम मतदाता स्वयं ही अपने सांसद के चुनाव के लिए तैयार बैठी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता से झूठे वादे कर चुनाव जीतती रही है। इस चुनाव में जनता भाजपा के झूठे वादे के चक्कर में नहीं पड़ने वाली है। उन्होंने कहा कि खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा दो-दो विभाग के केंद्रीय मंत्री हैं। इसके बावजद खूंटी की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

**अंतिम दिन सभी पार्टियों ने प्रचार में झोंक दी अपनी पूरी ताकत**

## हर पार्टी अपनी-अपनी जीत को लेकर ठोक रहे दावे



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो /मांडर** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन एनडीए और इंडिया गठबंधन की ओर से क्षेत्र के लगभग सभी गांव में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मांडर के चटवाल, नारो, झिंझरी समेत कई गांवों का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि दस सालों में बीजेपी ने देश को बहुत पीछे धकेल दिया है। संविधान बचाने के लिए देश में इंडिया गठबंधन की सरकार को लाना है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी पार्टियां ने जीत के ठोक रहे हैं दावे। भाजपा के लोहरदगा लोकसभा के सहसंयोजक सन्नी टोप्पो ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई । सन्नी टोप्पो ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने केवल 10 सालों में भारत को विकसित देशों की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने अबकी बार जो 400 पर का सपना देखा है वह निश्चित थी भारत को 2047 तक विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनकर ही रखेंगे। वहीं दूसरी ओर चान्हो के करकट, रोल , टांगर , बेयासी , मूरतो आदि गांव में जिप सदस्य आजसू के केंद्रीय सचिव आशुतोष तिवारी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सोच और नियत स्पष्ट है ।आए दिन भ्रष्टाचारियों पर ई डी द्वारा की जा रही कार्रवाई और भारी मात्रा में नोट बरामद की इसका एक उदाहरण है। नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट तौर पर कहा है ना खाएंगे और ना खाने देंगे।

**एक साल से खराब है हुटाप मोड़ बस्ती का जलमीनार**

# पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** प्रखंड के खलारी पंचायत अंतर्गत हुटाप मोड़ बस्ती में लगा सोलर जलमीनार पिछले एक साल से खराब है। जिससे यहां के लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी हो रही है। लोग आधा किलोमीटर दूर दूसरे जगह से पानी लाकर अपना काम कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस गांव में दो जलमीनार लगाया गया था, लेकिन दोनों खराब हो गया है। अकबर अंसारी, आजाद अंसारी, बबलू लोहरा, चंदन कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह जलमीनार एक साल से अधिक समय से खराब पड़ा है, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। सोलर जलमीनार खराब होने की शिकायत स्थानीय मुखिया से लेकर पेयजल विभाग से की गई। लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने के पानी का एकमात्र साधन यह सोलर जलमीनार ही था। इसके खराब हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों के साथ साथ इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बस्ती के अन्य चापाकलों का जलस्तर नीचे चला गया है, जिससे उनसे पानी नहीं निकल रहा है। कुओं का भी यही हाल है। दो दिनों के बारिश में भी कुएं कारगर नहीं हो सके हैं। पांच पंचायतों के लिए बने बुकबुका बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पाइपलाइन द्वारा पानी का कनेक्शन दिया गया था। लेकिन खलारी-बिजुपाड़ा रोड बनने के दौरान सप्लाई पाइप उखाड़ना पड़ा। इसकी जानकारी पेयजल विभाग को कई बार दी गई, लेकिन आज तक न दूसरा पाइप लगाया गया न ही किसी तरह की वैकल्पिक व्यवस्था की गई। इस गांव में मुस्लिम, आदिवासी व लोहरा सहित लगभग 200 परिवार रहते हैं। पानी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बीडीओ से पहल कर जल्द से जल्द सोलर जलमीनार को दुरूस्त कराने तथा बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के पाइप को जोड़वाने की मांग किया है।

**आम आदमी पार्टी ने चलाया जनसंपर्क अभियान**

## लोगों से सुखदेव भगत के पक्ष में वोट करने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** शनिवार को मांडर प्रखंड के विभिन्न गांव में आम आदमी पार्टी ने जनसम्पर्क अभियान चला कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में प्रचार किया। लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए सभी समुदाय के लोग एकजुटता के साथ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को हाँथ छाप में वोट देकर विजय बनाने का अपील किया गया ।प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने मौके पर कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जनता का मिल रहे जन समर्थन से सत्ताधारी दल के नेता बौखलाए हुए हैं और हिन्दू मुस्लिम करने में उतर गए है। जनता मन बना लिए है इंडिया गठबंधन की जीत निश्चित है। जनसम्पर्क अभियान में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत, प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर, राँची जिला कार्यकारी अध्यक्ष अल्बर्ट एक्का, रांची जिला ग्रामीण संयोजक अशोक उराव,जिला उपाध्यक्ष मनोज राम, रांची जिला नगर उपाध्यक्ष मनोज पूनोरिया, राजेश लिंडा, महिला नेत्री माधुरी सोरेंग,नीलेश उराव रौशनी खलखो सहित अन्य उपस्थित थे ।

**आज आएंगे मतदान कर्मी, मतदान की तैयारियां पूरी**

## चुनाव प्रचार थमा, अंतिम दिन प्रत्याशियों के समर्थकों ने डोर टू डोर मांगा वोट



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड में चुनावी प्रचार का भोंपू पांच बजते ही खामोश हो गया। सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ मैनेजमेंट की तैयारी में जुट गए हैं। वही अलग-अलग परियों के कार्यकताओं ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अपनी ताकत झोंक दी है। उल्लेखनीय है कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र का चुनाव 13 मई को है। लापुंग प्रखंड के 65 बूथों पर लगभग 54205 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। हालांकि लापुंग प्रखंड के हजारों मतदाता मजदूरी करने के लिए बाहर पलायन कर गए हैं। बीएलओ प्रत्येक घरों में जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया है। हालांकि अनुपस्थित 3927 मतदाताओं के पर्चियों को बीएलओ के द्वारा वापस कर दिया गया है। जबकि पलायन करने वाले मजदूरों के घरों में ताला लटका हुआ है। लापुंग प्रखंड के सभी बूथों को अधिग्रहित कर लिया गया है। प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने बूथों वाले स्कूल के सभी शिक्षकों को रविवार को अपने-अपने विद्यालय में मतदान कर्मियों के दल के आने तक रुकने का निर्देश दिया है।

# मोदी ही भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं : विनय महतो धीरज



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार के दिन छोटा मुरी पुराना बाजार में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनोद साहू ने किया। सभा के दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ही भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं। इसके लिए हम लोगों को उनका साथ देना नितांत आवश्यक है। मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर चल रही है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि 25 मई को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर अपना बहुमूल्य वोट अवश्य दें। इसी क्रम में भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रभु दयाल बडाईक ने लोगों के बीच कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सभी धर्मो को लेकर चलने में विश्वास करती है। केंद्र की सरकार ने वैश्विक महामारी कोरोना काल में हर धर्म के लोगों की सहायता की। ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय की व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड के तहत मुफ्त स्वास्थ्य चिकित्सा, मुफ्त अनाज, उज्ज्वला योजना जैसे स्कीमों को देकर गरीबों का उत्थान का कार्य किया है। हमें पुनः भाजपा की सरकार बनाने के लिए रांची लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को जिताना चाहिए। इस मौके पर प्रमोद प्रसाद, अमित महतो, मधुबाला समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

**सिल्ली पॉलीटेक्निक में राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ**

# गणित भाषाओं की रानी है : डीके सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली पॉलीटेक्निक में शनिवार से कंप्यूटेशनल गणितीय तरीके पर दो दिवसीय (11 और 12 मई 2024 ) राष्ट्रीय सम्मेलन ( सीएमएईएस 2024) का आयोजन किया गया है । इस राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, प्रोफेसर डी .के. सिंह (वाइस चांसलर जेयूटी), डॉक्टर राज शेखर प्रसाद (एक्सक्यूटिव डायरेक्टर जेसीएसटीआई), टेक्नो इंडिया के वाइस चेयरमैन मोहित चट्टोपाध्याय, आईईआई के अध्यक्ष एमके गुप्ता, डॉक्टर बीबी चट्टोपाध्याय (निर्देशक सिल्ली पॉलिटेक्निक), मिस्टर समीर शर्मा (प्राचार्य सिल्ली पॉलिटेक्निक) समित कई सीक्षावित ने इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन का दीप जलाकर शुभारंभ किया।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो ने कहा कि प्रौद्योगिकी हमारे जीवन का एक अविभाज्य और अभिन्न अंग बन गई है। प्रौद्योगिकी का विकास एक राष्ट्र का विकास तय करता है जैसे की (विकसित भारत 2047) उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्र के विकास के लिए प्रतिभा पलायन को रोका जाना चाहिए, समाज और राष्ट्र के विकास के लिए मानसिक रूप से तैयार होना चाहिए। हमें अपनी स्थिरता के लिए नई तकनीकों को अपनाना और अनुकूल बनाना होगा। सिल्ली पॉलिटेक्निक सिल्ली का गौरव है। उन्होंने कहा कि सिल्ली पॉलिटेक्निक के छात्र एवं छात्राएं एक परिवार के सदस्य की तरह हैं। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डी.के. सिंह ने कहा कि गणित भाषाओं की रानी है, कम्प्यूटिंग इस पीढ़ी की आवश्यकता है। गणित और कंप्यूटर के बीच संबंध में कंप्यूलेटेड गणित को जन्म दिया है जो दुनिया पर राज कर रहा है। उद्यामिकता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए । इस राष्ट्रीय सम्मेलन में कॉलेज के सभी शिक्षक गण एवं कॉलेज के छात्र छ्त्राए उपस्थित थे एवं कॉलेज के शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं का इस सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान रहा। सभी मुख्य अतिथि ने कहा की उन्हे इस सम्मेलन में आमंत्रित किए जाने पर बेहद खुशी हो रही है और वे इस सम्मेलन सीएमएईएस-2024 की शानदार सफलता की कामना करते है।

### खूंटी में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूरी : डीसी

**खूंटी।** खूंटी लोकसभा सीट में 13 मई को होने वाले मतदान को स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान कर्मियों को बिरसा कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर से रविवार को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। यह जानकारी निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार शाम समाहरणालय के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि मतदान से 48 घंटे पूर्व आज शाम पांच बजे से चुनावी प्रचार प्रसार पर प्रतिबंध लग गया है। अब प्रत्याशी अब प्रत्याशी डोर टू डोर अपने पक्ष में वोट मांग सकते हैं। साथ ही मतदान पूर्ण होने तक जिले में धारा 144 लगा दी गई है। मतदान शुरू होने से पहले जो खूंटी के मतदाता नहीं है उन्हें क्षेत्र छोड़ना होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सभी बूथों और बूथों तक पहुंचने वाले मार्गो में पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया गया है।

## पानी आपूर्ति को लेकर रेल कर्मियों ने सहायक मंडल अभियंता का किया घेराव



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी/सिल्ली** रेल कर्मियों ने शनिवार को सुबह लगभग 9 बजे सहायक मंडल अभियंता ए के तिवारी के आवास पर रेलवे क्वार्टर में पानी की आपूर्ति नहीं होने को लेकर शिकायत करने के लिए मुख्य गेट पर इकट्ठा हुए। सूचना पाकर रेलवे सुरक्षा बल के थाना प्रभारी संजीव कुमार भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और रेल कर्मियों को समझाने का प्रयास किया। तत्पश्चात सभी मिलकर सहायक मंडल अभियंता के कार्यालय पहुंचे और वहां बैठक कर मामला को सुलझाया गया। रेल कर्मियों का कहना था कि भीषण गर्मी होने के बावजूद तीन-चार दिनों से रेलवे क्वार्टरो में पानी की एक बूंद भी आपूर्ति नहीं की जा रही है। रेलवे परिसर में जितने भी चापाकल है उसमें से ज्यादा चापाकल खराब है। पानी के अभाव में हम लोग सही रूप से ड्यूटी नहीं कर पा रहे हैं। सहायक मंडल अभियंता ने वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य)सुबोध पासवान को निर्देश दिया कि रेलवे परिक्षेत्र में जितने भी चापाकल खराब है उनका आकलन कर अविलंब दुरुस्त किया जाए तथा जरूरत पड़ने पर टैंकर से पानी की व्यवस्था की जाए और जहां-जहां पानी ओवरफ्लो हो रहा है वहां ध्यान दिया जाए। नदी से पानी लाने में जो भी परेशानी है उसे तुरंत दुरुस्त किया जाए ताकि रेलवे क्वार्टर में पानी की समस्या से निजात मिल सके।

## न्यूज बॉक्स

### भाकपा उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार के पक्ष में प्रचार कर मांगा वोट

**हजारीबाग ।** लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अधिवक्ता अनिरुद्ध प्रसाद के पक्ष में भाकपा के वरिष्ठ नेता सह हजारीबाग के पूर्व जिला मंत्री कॉमरेड कृष्ण कुमार ने बरही प्रखंड के धोबिआडीह, पंचमाधो , दुधपनिया , रानीचुआं, महुगढ़ा, पड़रिया, मलकोको ,चतरो एवं पडिरमा सहित अन्य गांवो का दौरा कर जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरे के दौरान कॉमरेड कृष्ण कुमार ने भाकपा के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी अनिरुद्ध प्रसाद के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कॉमरेड कृष्णा कुमार ने कहा की देश के असली मुद्दे मंहगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार छोड़ के भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में सांप्रदायिक उन्माद पैदा कर चुनाव जितना चाहते है। पिछले दस सालों में देश के लोगों को सिर्फ धोखा ही मिला है। एक तरफ मोदी सरकार ने पूंजीपतियों का कर्ज माफ करने का काम किया है। वहीं दूसरी तरफ गरीब किसान आत्महत्या कर रहे हैं। हजारीबाग जिले की जनता ने तय कर लिया है, कि इस बार वे इस जन विरोधी सरकार को वोट नहीं देंगे। साथ ही कांग्रेस ने भी साजिश के तहत भाजपा से आयात करके अपना उम्मीदवार बनाया है। जनता को इस आयातित लोकसभा उम्मीदवार पर विश्वास नहीं है। उक्त स्थिति पैदा होने के कारण भाकपा एक लोकप्रिय पसंद बनकर जिले में अपना उम्मीदवार उतारा है, जिसे भारी जनसमर्थन मिल रहा है।

**जरिया में भीषण आंधी से दर्जनों घरों के छप्पर उजड़े**

### लाखों का नुकसान, कई परिवार हुए बेघर



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत अन्तर्गत जरिया कटरमाली एवं सरना टोली में शनिवार की शाम लगभग छह बजे भीषण आंधी की चपेट में आने से दर्जनों ग्रामीणों एवं किसानों के घरों का छप्पर उड़ गए। दर्जनों पेड़ों के गिरने की सूचना मिली है। 11 हजार वोल्ट के तार खंभे सहित धाराशायी हो गए हैं। गरीब किसान सरनाटोली निवासी रिझु उरांव के घर का पूरा छप्पर उड़ गया। उसके घरों में रखे सामान भी भींगकर बर्बाद हो गए। वहीं दशरथ कुमार धान के घरों का छप्पर उड़ गया। भीषण आंधी की चपेट में आकर शंकर गोप, रामनाथ लोहरा, विनोद गोप, दीपक महतो सहित कई लोगों के घरों का छप्पर उड़ गया और लाखों का नुकसान उठाना पड़ गया। बारिश के बीच आंधी से जरिया कटरमाली एवं सरना टोली में दर्जनों लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। नंदु खाखा के घर पर विशालकाय पेड़ गिर गया जिससे दिवार सहित पूरा छप्पर धराशायी हो गया। चौक पर स्थित होटल का छप्पर भी उड़ गया। आसपास के गांवों में कई पेड़ो के गिरने की सूचना मिली है। वहीं 11 हजार वोल्ट लाईन का तार खंभे सहित धाराशायी हो गए। आंधी की चपेट में आने से पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई है। पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया है।

### घर बैठे पहली बार मतदान की सुविधा मिलने से बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं में खुशी की लहर



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे वोट देने का अधिकार मिलने से उनमें खुशी की लहर व्याप्त हो गई है। बेड़ो प्रखंड के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रताप मिंज के पहल एवं प्रयासों से कुल 50 बुजुर्ग मतदाताओं तथा 19 दिव्यांग लोगों को घर बैठे बैलेट पेपर में वोट डालने का अधिकार मिला। बेड़ो प्रखंड के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रताप मिंज स्वयं अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं बीएलओ के साथ बुजुर्ग मतदाताओं तथा दिव्यांगों के घर पहुंच कर बेलेट पेपर में बिल्कुल सुरक्षित तरीके से मतदान कराया। इस दौरान मतदाताओं के ऊंगली में स्याही भी लगायी गई। वहीं मतदान केंद्र संख्या 231 में डॉ प्रवीण चन्द्र की मां बुजुर्ग मतदाता कांति अम्बस्ट एवं मतदान केंद्र संख्या 233 में रमैया उराईन को मतदान कराया। इस कार्य में बीएलओ सरस्वती देवी तथा सल्याणी धान ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांति अम्बस्ट ने ऐसी सुविधा देने पर चुनाव आयोग के प्रति आभार जताया। मतदान केंद्र संख्या 210 राज प्राथमिक विद्यालय गढ़ाटोली में वरिष्ठ मतदाता चुमानी उराईन, दिव्यांग मतदाता सुगिया कुमारी एवं रघुराज गोप को गोपनीय तरीके से बीएलओ मंजू एक्का की मदद से मतदान कराया।

### सरना धर्म की सामाजिक-सांस्कृतिक धरोहरों को अक्षुण्ण बनाये रखना हमारा कर्तव्यः मसीह गुड़िया



**खूंटी।** सरना धर्म सोतोः समिति, केंद्र डौगड़ा के तत्वावधान में शनिवार को सरना धर्म प्रार्थना सभा की शुरूआत हुई। धर्मगुरु बगरय मुंडा, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, धर्मगुरु सोमा कंडीर और बिरसा कंडीर की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा का पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अथिति के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया और विशिष्ट अथिति के तौर पर डॉ सीताराम मुंडा और सुखराम पूर्ति मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो पूर्णतः वैज्ञानिकता पर आधारित है। सामाजिक एकता व एकजुटता के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। समाज से छुआछूत और ऊंच-नीच जैसी बुराइयों को समाप्त करने की जरूरत है। सबको समाज में समान अधिकार मिलना चाहिए, ताकि समाज में प्रेम व भाईचारा सदा कायम रहे। सरना धर्म और सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों अक्षुण्ण बनाये रखना हम सबका कर्तव्य है। इस अवसर पर विशिष्ट अथिति डॉ सीताराम मुंडा ने कहा कि भगवान सिङबोंगा की स्तुति से मन-आत्मा में भक्ति व श्रद्धा आती है।

# झारखंड में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना

*वज्रपात की भी है आशंका, राज्य के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी*

*तमाड़ में ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश, आज से चल सकती हैं तेज हवाएं*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची सहित झारखंड में आगामी 12 से 14 मई तक तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने तेज हवा और मेघ गर्जन के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। कई जिलों के लिए अलर्ट भी जारी किया गया है। इधर, खूंटी के तमाड़ में शनिवार की दोपहर में ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई है। मौसम केंद्र के अनुसार, 12 से 14 मई तक अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। 15 और 16 मई को अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तापमान की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार, 15 मई तक झारखंड में मौसम का मिजाज बदलता रह सकता है। कहीं-कहीं रुक-रुक कर बारिश हो सकती है, तो कहीं-कहीं वज्रपात की भी आशंका है। 14 मई को राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में गरज के साथ बारिश की संभावना है। मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य के कुछ स्थानों पर काफी तेज गति से हवा चल सकती है, जिसकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। तेज हवा का प्रभाव रांची, गिरिडीह, पलामू, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम जिले के कुछ हिस्सों में ज्यादा दिखाई पड़ेगा।



## वज्रपात की चपेट में आकर मजदूर की मौत, एक झुलसा

**रांची। आचानक शनिवार को हुई तेज बारिश के दौरान वज्रपात से हजारीबाग के केरेडारी में एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य युवक गंभीर रूप से झुलस गया। मृत 45 वर्षीय मजदूर कैला राम (पिता जूठन राम) केरेडारी के पगार गांव का रहने वाला था। वहीं, पचड़ा अंबा टोला निवासी नरेश राम का पुत्र अनिल राम वज्रपात की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया है।**


# रांची में पानी के संकट से बचने का एकमात्र विकल्प रेन वाटर हार्वेस्टिंग

**अब तक 20 हजार से अधिक आवासों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का हुआ है निर्माण**

**अमित कुमार। रांची**
राजधानी में भूजल स्तर में गिरावट लगातार जारी है। इससे रांची में जल संकट दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है। पेयजल की समस्याएं बढ़ती ही जा रही हैं। आम आदमी हैरान-परेशान है कि करें तो क्या करें। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए तो यह जिंदगी और मौत के संघर्ष जैसा बन गया है। सुबह-सुबह पानी के जुगाड़ करने में बच्चों की पढ़ाई बर्बाद हो रही है।
इधर, विशेषज्ञों का कहना है कि रांची में गहरा रहे जल संकट से बचने का एकमात्र उपाय यह है कि यहां भूमिगत जल को रिचार्ज करने के लिए बेहतर प्रबंधन हो। केवल बेहतर वाटर रिचार्ज से ही राजधानी में बढ़ रहे जल संकट से बचा जा सकता है। वहीं, जल संकट से बचने के लिए रांची नगर निगम ने निगम क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों से रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना को पूरा करने पर जोर दिया है। इसके तहत, 3000 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्र में बने आवास में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण करना है। बता दें कि नगर निगम क्षेत्र में 1.25 लाख से अधिक आवास हैं। वर्ष 2022-23 में नगर निगम के पास प्राप्त सूची के अनुसार अब तक 20 हजार से अधिक आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण कराया गया है। पिछले आठ सालों से इसे अभियान बना कर निगर निगम इस पर काम कर रहा है। लेकिन, हर बार यह काम पूरा नहीं हो पा रहा है।

### सात एजेंसियां कर रही हैं काम

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सात एजेंसियां काम कर रही हैं। रांची नगर निगम की जल आपूर्ति शाखा में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना के निर्माण के लिए सात एजेंसी सूचीबद्ध की गई हैं। जलापूर्ति शाखा के अधिकारी ने बताया कि अधिसंख्य लोग नगर निगम में सूचीबद्ध एजेंसी के माध्यम से ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण करा रहे हैं। पूर्व की तुलना में लोग अब जागरूक हुए हैं और इसका परिणाम आने वाले दिनों में दिखेगा।



### जागरूकता की कमी

रांची नगर निगम क्षेत्र में रह रहे लोगों के बीच रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर जागरूकता नहीं है। हालांकि, नगर निगम लोगों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर कई कार्यक्रम चलाते रहा है। नगर निगम क्षेत्र के 53 वार्ड के सभी पार्षदों ने अपने कार्यकाल के दौरान लोगों को जागरूक करने का कार्य किया था। इसके बावजूद, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पूरा नहीं लग पाया। वहीं, अब नगर निगम की ओर से सूचना जारी कर कहा गया है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाने वालों को होल्डिंग टैक्स में डेढ़ गुना शुल्क पेनाल्टी के रूप में देना होगा।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति जागरूक करने के लिए निगम ने की तैयारी

**पानी के महत्व को बताते हुए निगम 15,000 पंपलेट का वितरण करेगा। साथ ही, शहर के सभी स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित होर्डिंग भी लगाई जाएगी। इसके अलावा, जन जागरण अभियान चलाने के लिए घर-घर जाकर रेनवाटर हार्वेस्टिंग से होने वाले लाभ की जानकारी दी जाएगी। इस काम के लिए नगर निगम की ओर से तीन एजेंसियों को कार्य सौंपा गया है।**

### क्या कहते हैं होल्डिंग टैक्स दाता

**नगर निगम से होल्डिंग टैक्स लेने के लिए साल में एक बार कर्मचारी आता है। लेकिन, वे सिर्फ टैक्स लेकर चले जाते हैं। ऐसे में कैसे क्या करना होगा, कोई बताए, तब तो कुछ करेंगे।**
राजेंद्र प्रसाद राम, इंद्रपुरी निवासी।

**रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने से किसी को परेशानी नहीं होगी, लेकिन घर आकर कोई बताए तो कि कैसे और कितने खर्च में यह पूरा होगा। हम लोग भी चाहते है कि भूमिगत जल स्तर बना रहे।**
मनोज कुमार, कोकर निवासी।

**सभी आवासों में खुद से ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की संरचना को लगाना है। इसके लिए नगर निगम सिर्फ जागरूक कर सकता है।**
अमित कुमार, आयुक्त, रांची नगर निगम।

## खुश रहने के लिए राजयोग का अभ्यास आवश्यक : ईशु बहन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शनिवार को ओम शांति रिट्रीट सेंटर दिल्ली से आईं मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमारी ईशु बहन ने अपने जीवन के अनुभव सभी के साथ साझा किए। ईशु बहन ने कहा, हमेशा खुश रहने के लिए राजयोग का अभ्यास आवश्यक है।
उन्होंने कहा, खुशी जैसी खुराक नहीं। हमें हर पल जीवन का आंनद लेना चाहिए। परमात्मा हजार भुजाओं से सदा हमारे साथ है। आत्मिक पुरुषार्थ केवल तभी संभव है, जब परमात्मा के प्रकाश से आत्मा की बुझी- बुझी सी ज्योति पुनः जाग जाए और व्यक्ति स्वयं को शरीर न समझ कर आत्मा समझने लग जाए। आज की विषम स्थिति का निष्कर्ष यह है कि मानव जाति के मनोजगत या आंतरिक जीवन में आई मानसिक विकृति को मिटाने का एक मात्र उपाय परमात्मा से आत्मा का योग युक्त होना ही है। मानव समूह के कुछ लोगों के मानसिक शुद्धि या पवित्रता प्राप्त कर लेने पर अंततः संपूर्ण मानवता का मनोजगत परिष्कृत हो जाएगा। केंद्र संचालिका ब्रह्माकमारी निर्मला बहन ने पुष्प गुच्छ देकर ईशु दीदी का स्वागत किया। सभी ब्रह्मा वत्सों को प्रसाद भी दिया गया।



## रांची समर्पण शाखा ने नर्स बहनों को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर माया नारंग नर्सिंग होम लेक रोड में नर्स को उपहार देकर सम्मानित किया। शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा, नर्स बहनों की ड्यूटी दिन रात रहती है। अपनी मेहनत और सेवा से मरीजों के चेहरे पर मुस्कान ला देती है, जिससे वे बीमारी से जल्द ही रिकवर होने लगते हैं। नर्स के बिना डॉक्टर कोई भी इलाज नहीं कर पाते। जन सेवा प्रभारी दीपिका मोतिका, चंद्रकला एवं संयोजिका कविता सोमानी ने मिलकर कार्यक्रम को लाइनअप किया। मौके पर शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, दीपिका मोतिका, चंद्रकला, कविता सोमानी, कविता जालान एवं पूजा जैन उपस्थित थीं।

## सामान्य प्रेक्षक ने रांची शहरी क्षेत्र के पोलिंग बूथों को किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश ने शनिवार को रांची शहरी क्षेत्र के पोलिंग बूथों को निरीक्षण किया। इनमें हिंदपीढ़ी के मदरसा इस्लामी मरकज, थर्ड स्ट्रीट, लेक रोड स्थित मारवाड़ी कॉलेज, गुरुनानक स्कूल, ग्वाला टोली, मेन रोड सहित अन्य बूथ शामिल हैं। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश के जरिए बूथों के मतदाताओं से बातचीत भी की गई। उनके द्वारा बूथों के बीएलओ के कार्यों के संबंध में उनसे जानकारी प्राप्त की गई। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण क्रम में निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी 63-रांची सह सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, डीएसपी प्रकाश सोय एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## निरंतर अभ्यास से हर काम में हो सकते हैं पारंगत : सिद्धार्थ

*संत जेवियर्स कॉलेज में रंगमंच व नाटक पर कार्यशाला का आयोजन*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
संत जेवियर्स कॉलेज रांची में अंग्रेजी (भाषा व साहित्य) विभाग, पत्रकारिता विभाग और आईक्यूएसी ने 'रंगमंच व नाटक' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान रंगमंच व नाटकों के मूल सिद्धांतों की विवेचना करते हुए विद्यार्थियों को इनकी बारीकियों से अवगत कराया गया।
कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड थियेटर के सिद्धार्थ प्रधान ने विद्यार्थियों को थियेटर के सिद्धांत से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा, निरंतर अभ्यास से किसी भी तरह के काम में पारंगत हो सकते हैं। उन्होंने कार्यशाला में कहानी कहने के तत्व, अभिनय तत्व, अभिनय के दौरान उत्पन्न होने वाली मानवीय भावनाएं व व्यक्तित्व महत्व के चार तत्व आंगिक, वाचिक, अहार्य व सात्विक की पूर्ण विवेचना की। कार्यशाला में उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा, एसजे ने भी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन भी अभिनय की तरह है। जुनून और अभ्यास की मदद से व्यक्तित्व में निखार ला सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को थियेटर के विभिन्न हस्तियों का उदाहरण देकर विषय क्षेत्र में पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में दोनों विभागों के छात्रों ने हिस्सा लिया। मौके पर आईक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार, अंग्रेजी (भाषा व साहित्य) विभागाध्यक्ष डॉ सीमा खलखो, डॉ उदिता, शुभम कुजूर, सौरव सिंह व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अंतर विश्वविद्यालय वुडबॉल में रांची विवि की पुरुष टीम ने जीता खिताब



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय की वुडबॉल टीम ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुडबॉल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया। भोपाल में शनिवार को संपन्न इस प्रतियोगिता में रांची विश्वविद्यालय की पुरुष टीम चैंपियन बनी। महिला टीम को तीसरा स्थान हासिल हुआ। रांची विवि ने विजेता तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली अपने टीम खिलाड़ियों को बधाई दी है। टीम में शुभम कुमार शर्मा, आशुतोष कुमार, प्रियांशु किस्पोट्टा, सौरव कुमार, रितिक उरांव, नीतिश सुरीन और रोशन लिंडा शामिल हैं। वहीं, महिला टीम में प्रभा मांझी, नीतू मांझी, निशि कुजूर, मनीषा तिर्की, सोनिया बिलुंग, संध्या बिलुंग और नीरा कुमारी शामिल हैं। टीम की इस उपलब्धि पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों को और उनके प्रशिक्षक विजय वर्मा, मैनेजर धीरज महतो और सपोर्टिंग स्टाफ नारायण बिनहां को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति के अतिरिक्त डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू, रजिस्ट्रार विनोद नारायण, वित्त पदाधिकारी प्रीतम कुमार, सीसीटीसी डॉ प्रकाश झा, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ राजेश गुप्ता, प्रो अरुण सिंह, प्रो विकास कुमार, अनिल कुमार, क्रिकेट प्रशिक्षक चंचल भट्टाचार्य और लंकेश मुंडा ने टीम को इस जीत पर बधाई दी है।

## जिला शतरंज प्रतियोगिता में 5 अंकों के साथ पांच खिलाड़ी शीर्ष पर

**रांची।** गुरु नानक स्कूल, रांची के सभागार में त्रिदिवसीय जिला शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को 5 चक्रों का खेल समाप्त हो गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन रांची जिला शतरंज संघ ने किया है। आज के खेल में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य एवं जिला शतरंज संघ के सचिव नवजोत अलंग 'रूबल', कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, मिथिलेश पांडे, सह सचिव राजीव चंद्रजी, रंजीत सिंह, मुख्य ऑरबिरेटर दीपक कुमार, मीडिया प्रभारी संतोष द्विवेदी, सदस्य उमेश अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह और गुरू नानक स्कूल प्रबंधन की ओर से सचिव परमजीत सिंह 'टिंकू', सह सचिव रंजीत सिंह, हरमीत सिंह, मनजीत सिंह मौजूद थे। आज के 5 चक्रों के खेल समाप्ति पर 5 अंकों के साथ अंश कुमार, विवेक आनंद चौधरी, एमएम झा, उमेश कु. अग्रवाल, संतोष चौधरी संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। 4.5 अंकों के साथ सामंता आनंद किशोर, यश रंजन संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर आए। 4 अंकों के साथ कुंदन उत्तम, मनोज कुमार, विपुल चंद्र दलाल, अरनव वैभव तीसरे स्थान पर रहे।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में 2500 से ज्यादा भक्तों ने लिया भंडारे का प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 111वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन भक्तिमय वातावरण में हुआ। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि श्री श्याम मित्र मंडल यहां प्रत्येक शनिवार को भंडारे का आयोजन करता है।
श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में प्रवेश मोहन, मधु कुमारी एवं परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, रिद्धि-सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुड़जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। फिर भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। आज के श्री श्याम भंडारे में इडली, नारियल चटनी, केसरिया जलेबी, आमरस का प्रसाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में श्री श्याम मंदिर में निर्मित किया गया था। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, स्नेह पोद्दार, राजेश चौधरी सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

### केशर-चंदन तिलक शृंगार

**रविवार (12 मई) को बाबा श्याम का केसर-चंदन तिलक शृंगार किया जाएगा। शृंगार दर्शन भक्तों के लिए संध्या 5:30 बजे सुलभ होंगे। मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने सभी भक्तों को आमंत्रित किया है।**

### श्री सुंदरकांड पाठ 14 को

**श्री श्याम मित्र मंडल आगामी मंगलवार (14 मई) को संध्या 4:30 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 101वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक संगीतमय पाठ का आयोजन करेगा।**

# न्यूज | बॉक्स

## 'पेड़ बचाओ, धरती बचाओ' में अपनी भूमिका निभाएं विद्यार्थी : प्रीति कुमारी

**रांची।** कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत शनिवार को वनस्पति संरक्षण, संगरोध और संग्रह निदेशालय के तत्वावधान में केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रांची की ओर से अंतरराष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इसका आयोजन बेथेसदा गर्ल्स हाई स्कूल में किया गया था। इस अवसर पर नौवीं और 10वीं कक्षा की छात्राओं के बीच इस वर्ष के मूल विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्र प्रभारी प्रीति कुमारी ने पादप स्वास्थ के महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों को 'पेड़ बचाओ, धरती बचाओ' में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। केंद्र की ओर से एक आईपीएम विधियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रियंका साहा मालाकार ने छात्राओं को विभिन्न परभक्षी कीटों से अवगत कराया। प्यारी सांगा ने छात्राओ के बीच एक क्विज प्रतियोगिता रखी। मौके पर कीटनाशकों के अवशेष पर कनीय पौध संरक्षण अधिकारी रांची ने प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रधानाचार्य शीतल तिरु ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों के बीच जागरूकता पैदा होती है और एक बेहतर समाज के निर्माण में सहायक होता है।

## मेडिका हॉस्पिटल की नर्सिंग टीम की सेवा भावना झारखंड में अप्रतिम : अनिल कुमार




**रांची ।** अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में, मेडिका हॉस्पिटल, रांची ने सप्ताह भर चली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का एक विशेष आयोजन के साथ समापन किया। इस भव्य समारोह का शुभारंभ एवीपी अनिल कुमार, डॉ आशुतोष, डॉ विजय मिश्र, डॉ पंकज मिश्र, डॉ गणेश कुमार, डॉ सिद्धार्थ, डॉ निर्मल, डॉ योगेश जैन, डॉ अंतरिक्ष, डॉ अंजना गांधी, डॉ दीपक चंद्र प्रकाश, डॉ स्निग्धा, डॉ शीतल, डॉ रोहित, नर्सिंग हेड सिस्टर तंजीत कौर और नर्सिंग टीम लीडर्स ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेडिका के एवीपी अनिल कुमार ने कहा, मेडिका हॉस्पिटल की नर्सिंग टीम की योग्यता, समझ, सेवा और टीम भावना झारखंड में अप्रतिम है। मेडिका की नर्सिंग टीम ने अपने समर्पण और सेवा भाव को झारखंड में स्थापित किया है।अस्पताल के वरिष्ठ प्रबंधन और स्टाफ जीएम मनीष गुरुदत्त, एडीसी जीएम रामअवतार जांगिड़, फाइनांस हेड नीरज कुमार, डीजीएम डॉ दीपक मल्लिक, मार्केटिंग हेड मानस लाभ, ब्रांड, इवेंट्स और मीडिया हेड भारती ओझा, डायटीशियन हेड डॉ विजया, आईटी हेड सुहैल कैसर, पूरे नर्सिंग स्टाफ ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। एक सप्ताह तक चली विभिन्न प्रतियोगिताओं में नर्सों ने क्विज, म्यूजिकल चेयर, ट्रेडिशनल ड्रेस, फैशन शो, नॉन-फायर कुकिंग आदि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत किया गया।

## सीआईडी ने एक साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर क्राइम थाना ने धनबाद से साइबर अपराधी संतोष कुमार मंडल को गिरफ्तार किया है। वह धनबाद के चिरकुंडा का रहने वाला है। इसके पास से एक मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड और एक एटीएम बरामद किया गया है। साइबर डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि साइबर क्राइम थाने में दो मई को मामला दर्ज कराया गया था कि पीड़ित का मोबाइल अज्ञात साइबर अपराधियों ने धनबाद स्टेशन के करीब चोरी कर विभिन्न बैंक खातों में कुल तीन लाख 25 हजार रुपये अवैध रूप से हस्तांतरित कर लिया। उन्होंने बताया कि चोरी किए मोबाइल से साइबर अपराधियों ने पीड़ित के मोबाइल का पासवर्ड खोलकर खाते से अवैध हस्तांतरण किया। इस काम को करने के लिए साइबर अपराधियों के जरिए चोरी के मोबाइल का लॉक पैटर्न खोला जाता है। इसके बाद फोन में मौजूद पीड़ित के निजी और बैंकिग संबंधित जानकारी इकट्ठी करके बैंक रजिस्टर्ड सिम का प्रयोग कर इंटरनेट बैंकिंग का पासवर्ड और ईमेल आईडी रिसेट करके अलग-अलग बैंक खाता में ट्रांजेक्शन कर लिया। साथ ही, देवघर के विभिन्न एटीएम से पैसे की निकासी कर ली गई। पैसे ट्रांसफर करने के लिए साइबर अपराधी ने वर्द्धमान, पश्चिम बंगाल के विभिन्न बैंक खाताओं और फर्जी सीम का प्रयोग किया था।

## एसआर डीएवी पुंदाग में वरीय शिक्षिका को दी गई विदाई



**रांची।** पुंदाग स्थित एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल की वरीय शिक्षिका सुजाता झा को शनिवार को विदाई दी गई। उन्होंने संपूर्ण समर्पण और कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने तीस वर्ष के सेवाकाल को पूर्ण करके अवकाश प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्र तथा उनके सहकर्मी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सुजाता झा के साथ के अपने अनुभव साझा किए। सुजाता झा ने भी इस शानदार विदाई के लिए विद्यालय परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। प्राचार्य एसके मिश्र ने सुजाता झा को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह तो शाश्वत नियम चला आ रहा है कि हर आरंभ का अंत होता है, पर वह अंत सुखद होना परम संतुष्टि दिलाने वाला होता है। सुजाता झा की सबसे बड़ी खूबी उनकी सौम्यता, विनम्रता और सरलता है, जो वह छोटे-छोटे बच्चों को भी अपना बना लेती है। समाज विज्ञान का अध्यापन करने के साथ-साथ वे कला और शिल्प के क्षेत्र में भी सिद्ध हस्त रही हैं।

## 'जिसका अंतःकरण शुद्ध है, वही अकर्ता है'



**रांची।** चिन्मय मिशन गीता ज्ञान यज्ञ के प्रासायंकालीन सत्र के चौथे दिन स्वामीजी ने शुक्रवार की चर्चा को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को कहा कि योगयुक्त साधक जिसका अन्तःकरण शुद्ध हो गया है, अकर्ता है। उन्होंने कहा, जिसने अपनी इंद्रियों और मन को नियंत्रित कर लिया है, वह सभी व्यक्तियों की आत्मा और स्वयं की आत्मा को एक जानता है। वह सभी कर्म करते हुए दिखता है, किन्तु वह अकर्ता ही है। ऐसा व्यक्ति आत्मज्ञानी ही है, उसकी सभी इंद्रियां अपनी क्रियाएं करती रहती हैं, किन्तु तत्व ज्ञानी को यही लगता है कि ईश्वर ही उसके माध्यम से कर्म कर रहे हैं।उन्होंने कहा, जो तत्वज्ञानी नहीं हुए हैं, उन्हें कर्मयोग करना है, अर्थात उसे अपने सभी कर्मों को असक्त एवं ईश्वर के प्रति अर्पित हो कर करना चाहिए। ऐसा करने से वह पाप में लिप्त नहीं होगा, जैसे कमल जल में रहते हुए भी जल में लिप्त नहीं है। हमारे पास देह है, मन है, बुद्धि है, इंद्रियां हैं, हमारे सभी कर्म इनकी शुद्धि के लिए ही हो।




# नक्सल प्रभावित इलाकों में पोलिंग पार्टियों की हेलीकॉप्टर से रवानगी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षित तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियों को हेलीकॉप्टर के जरिए बूथों पर पहुंचाया जाएगा। राज्य में 13 मई को चार लोकसभा सीटों पर चुनाव होने हैं और इनमें से कई बूथों पर पोलिंग पार्टियों की हेलीकॉप्टर से रवानगी शनिवार से शुरू हो गई। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के 11 संवेदनशील बूथों के लिए मतदान कर्मियों को शनिवार को गुमला स्थित एरोड्रम से सेना के हेलीकॉप्टर के जरिए भेजा गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से दो दिन पहले ही मतदान कर्मियों को कड़ी सुरक्षा के बीच क्लस्टरों पर पहुंचाया गया है। पोलिंग पार्टियां आज और कल कलस्टरों पर रुकेंगी और 13 मई को अहले सुबह मतदान केंद्रों पर पहुंच कर सुबह सात बजे से मतदान कराएंगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पांच जिलों लोहरदगा, गुमला, पश्चिम सिंहभूम, लातेहार और हजारीबाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में 381 पोलिंग पार्टियों को बूथों पर ले जाया जायेगा। इसके लिए हेलीकॉप्टरों को 63 बार उड़ान भरनी होगी। इसके लिए कुल 42 हेलीपैड बनाए गए हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में 13 जिलों लोहरदगा, गुमला, पश्चिम सिंहभूम, पलामू, लातेहार, गढ़वा, बोकारो, हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, रामगढ़, कोडरमा, दुमका व पाकुड़ जिले में 366 पोलिंग पार्टियों को पहुंचाने के लिए 65 हेलीपैड बनाये गये थे। पोलिंग पार्टी को बूथों पर पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टरों को 106 बार उड़ान भरनी पड़ी थी।



# झारखंड भाजपा की देन, राज्य का विकास भी पार्टी ही करेगी : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू की मौजूदगी में शिवलाल महतो भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। साहू ने सभी को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र ने मोदी पिछले 10 वर्षों में गरीबों के लिए काम किया है। किसानों के लिए काम किया है। मां-बहनों के लिए काम किया है। गांव के लिए काम किया। आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया। गरीबों को चार करोड़ घर देने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि फिर से सत्ता में आने पर बेघर गरीबों को घर दिया जाएगा। गरीबों को घर ही नहीं गैस कनेक्शन-चूल्हा भी देने का काम किया है। गरीब भूखे नहीं सोए, इसकी चिंता भी मोदी ने की। हर महीने गरीबों को मुक्त अनाज दिया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि कोई गरीब यदि बीमार हो जाए तो अपना इलाज अच्छे अस्पताल में करा सके, इसके लिए प्रधानमंत्री ने उनका पांच लाख रुपये का बीमा किया लेकिन इंडी गठबंधन के लोग विकास और झारखंड के विरोधी हैं। झारखंडियों के विरोधी हैं। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन देश की आजादी के समय से चल रहा था लेकिन कांग्रेस ने झारखंड अलग राज्य नहीं दिया। झारखंडियों की भावना और सम्मान का ख्याल नहीं रखा। केंद्र में सरकार बनते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड अलग राज्य का गठन किया। अलग राज्य भाजपा की देन है। झारखंड का विकास भी भारतीय जनता पार्टी ही करेगी। मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग राज्य को लूट रहे हैं। कांग्रेस के एक सांसद के यहां से 350 सौ करोड रुपये मिले थे। भ्रष्ट अधिकारी और उनके सिंडिकेट से 22 करोड़ रुपये मिले थे। अभी मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये मिले हैं। ये पैसे लूट के हैं। इन लोगों ने नदी के बालू को नहीं छोड़ा। पहाड़ को काटकर बेच दिया। जमीन के फर्जी कागजात बनाकर उसे बेच दिया। मरांडी ने कहा कि शिवलाल महतो कई सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने झारखंड आंदोलन को भी गति देने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा के सदस्य ग्रहण कर रहे हैं। पार्टी उन्हें जो भी काम देगी, उसका इमानदारी से निर्वहन करेंगे। झारखंड में एनडीए को 14 में से सभी 14 सीट दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

# अल्पसंख्यकों का पूरा समर्थन मिल रहा है अर्जुन मुंडा को : कमाल खान

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**



झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सभी समुदायों के विकास के लिए काम कर रही है, चाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो, ईसाई हो अथवा कोई अन्य समुदाय का हो, भाजपा की सरकार सबको साथ और सबका विश्वसस लेकर काम कर रही है। अल्पसंख्यक समुदाय खासकर मुसलमानों में इसका काफी प्रभाव है और इस बार केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। कामल खान शनिवार को राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, भाजपा अल्पसंख्य मोर्चा के खूंटी जिलाध्यक्ष मो शफीक खान और मंडल अध्यक्ष कलीम खान के साथ तोरपा में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कमाल खान और रामचंद्र केसरी ने दावा किया कि खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा फिर विजयी होंगे और उनका केंद्र में मंत्री बनना तय है। कमाल खान ने कहा कि एक समय था, जब भाजपा के नाम पर मुसलमानो और ईसाइयों का डराया जाता था, लेकिन अब सभी कोई सच्चाई को समझ गये और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी भाजपा के साथ जुड़ रह हैं। उन्होंने कहा कि रांची में मुसलमानों के लिए हज हाउस बनाया जा रहा था, लेकिन वह भी महागठबंधन के नेताओं की भेंट चढ़ गया था। राज्य मं जब रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो जर्जर हज हाउस को तोड़ कर फिर से विशाल और मजबूत हज हाउस का निर्माण कराया गया। यह देन भाजपा सरकार की ही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से खूंटी संसदीय क्षेत्र का खासकर अल्पसंख्य बहुल गांवों का दौरा कर रहे हैं और उन्होंने देखा कि मुस्लिम समुदाय का पूरा वोट इस बार भाजपा को मिलेगा। कलाम खान ने कहा कि जब अर्जुन मुडा राज्य के कल्याण मंत्री और बाद में मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने अल्पसंख्यकों के किकास के लिए काफी काम किया।

## न्यूज बॉक्स

### झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी : सीपी



**रांची।** रांची लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को पदयात्रा चलाया गया। पदयात्रा में रांची के विधायक सीपी सिंह ने पिस्का मोड, जतरा मैदान, देवी मंडप, सुखदेव नगर के अखिल मेमोरियल गली और रातू रोड तक शामिल हुए। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। झामुमो, कांग्रेस की भ्रष्टाचार और लूट के विरोध में पूरी झारखंड की जनता मोदी के साथ है। इस दौरान कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार और रांची जीतेंगे पांच लाख के पार का नारा लग रहे थे। पदयात्रा में मुख्य रूप से संजय कुमार जायसवाल, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ,मुकेश कुमार, नीरज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झामुमो ने पूर्व विधायक जेपी वर्मा को पार्टी से किया निलम्बित



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा से बगावत कर कोडरमा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक प्रो. जयप्रकाश वर्मा को झामुमो केन्द्रीय कमेटी ने सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी से निलम्बित कर दिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने शनिवार को यह जानकारी दी। झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने पार्टी लीक से हटकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। झामुमो इसे सहन नहीं करने वाली है। कोडरमा से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी भाकपा माले के विधायक बिनोद सिंह को झामुमो का पूरा समर्थन है। इसलिए शिबू सोरेन के निर्देश पर ही पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को पार्टी के हर पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कोडरमा लोस सीट से टिकट मिलने के आश्वासन पर दो साल पहले प्रो. वर्मा ने भाजपा से इस्तीफा देकर जेएमएम की सदस्यता ग्रहण की थी लेकिन महागठबंधन में कोडरमा सीट चले जाने के कारण जेएमएम नेता चाहकर भी कुछ नहीं कर सके।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनोज पुनमिया की याचिका पर मांगी निचली अदालत के ट्रायल की स्थिति

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की डिस्चार्ज पिटीशन की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट ने निचली अदालत से इस मामले के ट्रायल की वर्तमान स्थिति मांगी है। अगली सुनवाई 21 जून को होगी। मनोज पुनमिया की डिस्चार्ज पिटीशन को पीएमएलए की विशेष अदालत ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मधु कोड़ा के अलावा अरविंद व्यास, मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया, अनिल बस्तावडे, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा आदि सात आरोपितों के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 2/2009 दर्ज कराया था। मधु कोड़ा एवं अन्य पर करीब 3600 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। फिलहाल इस मामले में पीएमएलए कोर्ट में गवाही चल रही है।

### युवा अपने विचारों व ज्ञान के साथ नए कौशल ग्रहण करें : सुदेश महतो



**रांची।** सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज में रीसेंट ट्रेंड्स इन कम्प्यूटेशनल एंड मैथमेटिकल एनालिसिस इन इंजीनियरिंग एंड साइंस विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल हुए । कांफ्रेंस में छात्रों को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पढ़ाई के प्रति समर्पित होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परिश्रम ही एक मात्र विकल्प है। सिल्ली विधानसभा को शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। आजसू नेता ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिले इसी सोच और संकल्प के साथ हमने सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज की शुरूआत की थी। आज इस संस्थान से पढ़ाई पूरी कर चुके कई छात्र-छात्राएं देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस नए विचारों व अनुसंधानों को साझा करने और शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तथ्यों एवं नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आप सभी के लिए एक सशक्त मंच बनेगा। इस कार्यक्रम में मिला बहुमूल्य ज्ञान पढ़ाई के बाद जब हम किसी संस्थान के साथ जुड़कर कार्य करेंगे तभी उपयोगी साबित होगा। मौके पर उन्होंने इस कॉन्फ्रेंस के आयोजन की सफलता के लिए कॉलेज प्रबंधन, छात्र-छात्राओं और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### मतदान केंद्रों में तंबाकू पदार्थों का उपयोग पूर्ण वर्जित रहेगा : उपायुक्त



**रांची।** लोकसभा चुनाव के चौथे और छठे चरण में होनेवाले मतदान में रांची जिला के संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथों पर तंबाकू पदार्थ पूर्ण रूप से वर्जित रहेंगे। इनमें सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा शामिल हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की ओर से शनिवार को आदेश जारी किया गया है। रांची जिले में चौथे चरण के तहत 13 मई को खूंटी लोकसभा क्षेत्र तहत तमाड़ विधानसभा क्षेत्र एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मांडर विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है, जबकि छठे चरण के तहत 25 मई को रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के तहत सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया एवं कांके विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। इन सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में तंबाकू पदार्थ, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा इत्यादि के उपयोग पूर्ण रूप से वर्जित रहेंगे।

# लोकसभा चुनाव समाज को तोड़ने वाली शक्तियों के खिलाफ : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा भारी बारिश और आंधी के कारण तमाड़ नहीं पहुंच सके। मोबाइल से उनके संबोधन के बाद आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि ये चुनाव हमारे लिए नकारात्मक सोच वालों से लड़ाई का है। समाज को तोड़ने वाली शक्ति के खिलाफ है। ये चुनाव राष्ट्रीय चुनाव है। देश कौन चलाएगा और देश को प्रगति पथ पर कौन ले जाएगा, इसका चुनाव है। फूल छाप और एनडीए को वोट देने पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा, यह घर-घर के लोग जानते हैं। इंडी गठबंधन को वोट देने पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा, यह कोई नहीं जानता। महतो ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। झामुमो और कांग्रेस झारखंड में आदिवासी और जनजातीय समाज को बढ़ने नहीं देना चाहती। इंडी के जो प्रत्याशी हैं, वह 13 तारीख के बाद कहीं नहीं दिखने वाले। इससे पहले भी उन्होंने चुनाव लड़ा.. उसके बाद भी वह कहीं नहीं दिखे।

### लुटेरों से झारखंड व देश को बचाना है : अर्जुन मुंडा



अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड और देश में जो राजनीति चल रही है, जिस तरीके से झारखंड को लूटा जा रहा है और मंत्री के पीएस के नौकर के घर से करोड़ों नकदी मिल रहे हैं, तो मंत्री का क्या हाल है और बाकी मंत्रियों का क्या हाल है, यह सहज समझा जा सकता है। इस हालत के लिए झारखंड बना था क्या? ये लुटेरों की जमात है। इन लुटेरों से झारखंड और देश को भी बचाना है। राज्य में लूट का धंधा चल रहा है। यह धंधा बंद होना चाहिए। इसके लिए तमाम लोगों को विकास के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए। हर घर में मुस्कान होनी चाहिए। मोदी सरकार एफआरए नियम लागू करने का काम कर रही है।

### माइक्रो आब्र्जवर, पीठासीन और पुलिस पदाधिकारियों की थर्ड

**रांची।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना हैं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तहत रांची जिले के तमाड़ विधानसभा क्षेत्र और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मांडर विधानसभा क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसे लेकर शनिवार को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डीसी नेगी और निवार्ची पदाधिकारी 08-संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में माइक्रो ऑब्र्जवर, पीठासीन पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की थर्ड रैंडमाइजेशन पूरी की गई। साथ ही, पोलिंग पार्टियों की बूथ टैगिंग भी पूरी हो गई है।

इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, सहायक निवार्ची पदाधिकारी मांडर विधानसभा क्षेत्र, सहायक निवार्ची पदाधिकारी तमाड़ विधानसभा क्षेत्र, जिला सूचना पदाधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कोरोना में जनता के जीवन से पीएम ने किया खिलवाड़ : ठाकुर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अपने निश्चित हर को देखकर प्रधानमंत्री बौखला गए हैं और पहले से भी ज्यादा झूठ बोलना शुरू कर दिए। याद रहे कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है बल्कि देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का चुनाव है। राजेश ठाकुर शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें लगता था कि प्रधानमंत्री झारखंड में आने से पहले अडानी- अंबानी के यहां छापे मरवा कर आएंगे, लेकिन वह सिर्फ इधर-उधर की बात करने ही झारखंड आए थे। बेरोजगारी, भय, भूख, भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री बात नहीं करते हैं। प्रधानमंत्री जिन क्षेत्रों में चुनावी सभा करने आए थे, वहां के सांसदों ने 10 वर्षों में कोई कार्य नहीं किया, जिसमें चतरा के सांसद को उन्होंने जनता के भय से बाहर का रास्ता दिखा दिया, लेकिन पलामू के सांसद में क्या दिखाई दिया कि उन्होंने उन्हें फिर से मौका दिया। मोदी जी अपने सांसदों द्वारा किए गए कार्यों को नहीं बता सकते क्योंकि उन्होंने अपने सांसदों को रिजेक्ट कर दिया और यह मान लिया कि उनके सांसदों ने कोई कार्य नहीं किया है मोदी जी को इलेक्ट्रॉल बांड पर बातें करनी चाहिए कोविशील्ड पर बातें करनी चाहिए, सिर्फ चंद रूपयों के लिए मोदी जी ने देश की जनता के जीवन से खिलवाड़ किया है। जब राहुल गांधी इस मामले में बोलते थे तब मोदी जी उनका मजाक उड़ाते थे आज वह बातें सच साबित हो रही है। जब झारखंड की हमारी सरकार कोविड में जीवन भी और जीविका भी पर कार्य कर रही थी तब मोदी जी वैक्सीन लगवा कर इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से चंदा ले रहे थे।

## वोटर टर्नआउट ऐप बताता रहेगा अनुमानित मतदान की स्थिति

# मतदान केंद्र के अंदर तस्वीर खींचना व रिकार्डिंग करना अपराध : रविकुमार

*ऐप पर दो घंटे पहले तक के मतदान की अनुमानित स्थिति सार्वजनिक हो जाएगी।*



*हर दो घंटे पर होगा अपडेट, 12 बजे रात तक मिलेगी पोल रिपोर्ट*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदान को लेकर आम लोगों में तरह-तरह की उत्सुकता रहती है। उनकी उत्सुकता का निराकरण वोटर टर्नआउट ऐप करेगा। ऐप पर जारी डेटा से लोगों को किसी तरह का कोई संदेह नहीं रहेगा, क्योंकि यह पारदर्शी है। उन्होंने बताया कि ऐप पर हर दो घंटे के अंतराल पर अपडेट आता रहेगा। उसमें मतदान की स्थिति की जानकारी मिलती रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव वाले संसदीय क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। उसके ढाई घंटे बाद 9.30 बजे ऐप पर दो घंटे पहले तक के मतदान की अनुमानित स्थिति सार्वजनिक हो जाएगी। यह क्रम हर दो घंटे के अंतराल पर शाम सात बजे तक चलता रहेगा। उसके बाद रात 12 बजे क्लोजअप पोल डेटा दिखने लगेगा। अगले दिन स्क्रूटनी के बाद रात्रि 12 बजे तक फाइनल डेटा ऐप पर दिखने लगेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि माह का दूसरा शनिवार होने के कारण 11 मई को नामांकन कार्य बंद रहा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि मतदान केंद्र के भीतर मतदाता मोबाइल नहीं ले जाएं। मतदान केंद्र के भीतर तस्वीर खींचना या रिकार्डिंग करना अपराध है। चौथे चरण की 13 मई को होनेवाले मतदान के संबंध में उन्होंने बताया कि चुनाव की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। पोलिंग पार्टी की रवानगी भी शुरू हो चुकी है। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गयी है।

# यदि नहीं है वोटर कार्ड तो भी आप दे सकेंगे वोट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

*मतदान के लिए सिर्फ मतदाता सूची में नाम जरूरी*

*12 पहचान पत्र में से कोई एक रखे साथ में*

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने चौथे चरण में मतदान वाले लोकसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान को सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य समझते हुए 13 मई को मतदान करने जरूर जाएं।

उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं भी है या कहीं खो गया है तो उन्हें चिंतित होने की जरूरत नहीं है क्योंकि यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो वे बिना वोटर पहचान पत्र (वोटर आईडी कार्ड) के भी मतदान कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक पहचान पत्रों में से किसी एक पहचान पत्र के साथ मतदान केंद्र आना होगा।

बताया गया कि इन वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटो युक्त बैंक पासबुक/ डाकघर पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र-राज्य या सरकारी उपक्रम द्वारा जारी फोटो युक्त सर्विस आई कार्ड, सांसदों- विधायकों- विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र एवं यूनिक डिसेबिलिटी आई कार्ड शामिल हैं। इसलिए उन्होंने सार्वजनिक अपील की कि यदि किसी पंजीकृत मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो भी वह उपरोक्त 12 वैकल्पिक पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र साथ लेकर मतदान करने जरूर जाए।

## केंद्रीय गृह मंत्री के बयान पर झामुमो ने जताया एतराज

# गुजरात नहीं झारखंड है, धमकी का जवाब जनता वोट से देगी : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अमित शाह हमारे लिए वरदान हैं। वह जहां-जहां आयेंगे, वहां दो से चार हजार लोग जुटेंगे। साथ ही कहा कि 30 मई तक अमित शाह झारखंड में ही रहें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि 14 सीटें इंडी गठबंधन को मिलें। भट्टाचार्य शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अमित शाह की जो भाषा है, वो बड़ी अजीब किस्म की है। उन्होंने कहा कि उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे। यह गुजरात नहीं झारखंड है। यहां कोई धमकी नहीं दे सकता। जनता जवाब देगी। यहां भाजपा को उल्टा कर सीधा कर दिया जायेगा। 13 मई को ही जवाब मिल जायेगा। सुप्रियो ने कहा कि पहले चरण की चारों सीटों में सीधा चुनावी संघर्ष भाजपा के साथ है। संयोग से ये चारों सीटें आरक्षित सीटें है। ये चारों सीटें स्पष्ट रूप से इंडी गठबंधन के पक्ष में आयेंगी। भाजपा का सफाया होगा। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं कि क्योंकि गत शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने खूंटी में जनसभा को संबोधित किया। वहां ढोये गये पांच हजार लोग ही थे। झारखंड के लोग सीधे हैं। ये बिरसा की भूमि है। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। ये गुजरात नहीं है। खदेड़ दिए जायेंगे। सुप्रियो ने कहा कि यदि 2024 में हिम्मत है तो कश्मीर में विधानसभा का चुनाव करा कर दिखाएं। हर चीज में केवल गीदड़ भभकी देते हैं। भाषा संयमित रखना होगा। शुक्र मनाइये कि वहां कोई आदिवासी नहीं था। मुद्दों पर लड़िए। मुद्दों पर भाजपा बात करती नहीं है। साथ ही कहा कि अर्धसैनिक बल के मंत्री बन गये हैं तो सोच लिया कि धमका कर चले जायेंगे। क्यों श्रीनगर नहीं जाते। अमित शाह जवाब दें। सुप्रियो ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री घुसपैठिये-घुसपैठिये कहते हैं, तो बोलिये बंगाल का मतुआ समुदाय बंगलादेशी घुसपैठिया है कि नहीं। बोलिये

## एक नजर

### बिजली विभाग की लापरवाही पर खतियानी परिवार ने की बैठक



**हजारीबाग।** खतियानी परिवार की बैठक हजारी बाग धरना स्थल के समीप महेश विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई जिसमे देश में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चर्चा हुई।बैठक में सार्वजनिक जगहों पर झूलते हाईटेंशन तार को हटाने की मांग की गई।जिसमे पेलावल थाना के पीछे गदोखर मोड से नहर के रास्ते तक 33 हजार वोल्ट के तार को सुरक्षित करने की मांग की गई। इसी तरह ग्राम भेल्वारा मे भी गुडीया देवी की जमीन पर पौल गाड कर 11 वोल्ट के तार को भी चिन्हित किया गया। बैठक में सईद अहमद,मो. हकीम, शम्भू ठाकुर, आदित्य शर्मा, संतोष यादव, मो. साबिर समेत परिवार के अन्य साथी उपस्थित थे।

### सुविधा ऐप के माध्यम से उम्मीदवार ले सकेंगे अनुमति कार्यालयों की चक्कर से हुई मुक्ति

**बरही ।** लोकसभा चुनाव में शामिल प्रत्याशियों के लिए आयोग ने सुविधा ऐप लॉन्च किया है. जो एनकोर के नाम से भीं जाना जाएगा. उम्मीदवारों के लिए राहत की बात है कि ऐप के लॉन्च होने से उम्मीदवार चुनाव के दौरान होने वाले सभा, रैली, हेलीकॉप्टर हेलीपैड आदि की अनुमति इसी ऐप से ले सकते है. यह ऐप मतदान के 48 घंटे पूर्व तक एक्टिव रहेगा. निर्वाचन कार्यालयों का दौड़ नही लगाना होगा. उक्त जानकारी जिला मीडिया कोषांग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है. विज्ञप्ति के अनुसार अब समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल /एप के माध्यम से प्राप्त की जाएगी. जिसे सम्बन्धित अधिकारियों उक्त एप के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करेंगे. इस एप को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है. चुनाव संबंधित अनुमति मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व तक प्राप्त किया जा सकता है. किसी भी अनुमति के लिए 48 घंटे के पूर्व आवेदन देना अनिवार्य होगा.

**लॉर्ड कृष्णा स्कूल के विद्यार्थियों की आंखों की हुई निःशुल्क जांच**

# आंखों को स्वस्थ रखने के लिए समय-समय पर जांच करवाना अनिवार्य : प्रधानाध्यापक

- 9वीं से 12वीं कक्षा के 200 विद्यार्थियों ने नेत्र जांच करवाया
- चिकित्सकों बच्चों को आंख को सुरक्षित रखने के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** अमृत नगर स्थित लॉर्ड कृष्णा 10 + 2 स्कूल में शनिवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में डॉ मोहनलाल के द्वारा विद्यार्थियों की निःशुल्क आंख की जांच कार्रवाई गई। इसमें 9वीं से 12वीं कक्षा के 200 विद्यार्थियों ने नेत्र जांच करवाया। मौके स्कूल प्रिंसिपल, डायरेक्टर एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इस संबंध में प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार देव ने बताया कि आंखों को स्वस्थ रखने के लिए समय-समय पर जांच करवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि स्कूल कैंपस में समय-समय पर इस तरह के जांच शिविर का आयोजन होता है जो निःशुल्क है। इस बाबत नेत्र विशेषज्ञ डॉमोहन लाल ने बताया कि जांच के दौरान 80 प्रतिशत विद्यार्थियों का विजन 6/6 एवं 20 प्रतिशत विद्यार्थियों का विजन 6/12 आया। इस दौरान चिकित्सक द्वारा बच्चों को आंख को सुरक्षित रखने के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए गए। साथ ही आंखों की सफाई एवं खान पान के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉ लाल ने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने एवं पर्याप्त रोशनी वाली जगहों पर पढ़ाई करने की सलाह दी। उपरोक्त जांच शिविर में विद्यालय के शिक्षक काजल कुमारी, मिली कुमारी, देवंती देवी, रेखा कुमारी, पायल अग्रवाल, शहनाज खातून, पूनम कुमारी, अल्पना शर्मा, जितेंद्र कुमार राय, भोला कुमार राय, पंकज कुमार राय, सुमित कुमार अम्बष्ट, वीरेंद्र प्रसाद, संदीप कुमार, अंकित कुमार, सुमंत कुमार उपाध्याय, अफरोज आलम, मुर्तजा अतर अहमद एवं रोशन उपस्थित थे। विद्यालय सचिव अमिताभ नीरज ने डॉ मोहनलाल की जांच कार्य में सहभागिता के लिए भूरी भूरी प्रशंसा एवं अभिवादन किया।

# चौथी पुण्यतिथि पर अधिवक्ता परिषद ने दी सच्चू बाबू को श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** अधिवक्ता परिषद शनिवार को हजारीबाग बार संघ के सभागार में अधिवक्ता परिषद के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अधिवक्ता स्व सच्चिदानंद प्रसाद उर्फ सच्चू बाबू को श्रद्धांजलि दी गई। चौथी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर अधिवक्ताओं ने उन्हें याद किया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता संघ हजारीबाग के जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने सच्चू बाबू को याद करते हुए कहा कि उन्होंने बार के विकास के लिए अद्वितीय कार्य किया था। मुख्य वक्ता बार संघ के जिला महासचिव सुमन कुमार सिंह ने उन्हें बार का सच्चा अभिवावक बताया। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार पांडे ने अधिवक्ता परिषद में रहते हुए उनके कार्यकाल को स्वर्णकाल बताया। उनके पुत्र प्रभात कुमार सिन्हा ने कहा कि उनके पिताजी एक सच्चे देशभक्त थे। मौके पर अन्य अधिवक्ताओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर सच्चू बाबू के बारे में अपने विचार रखे।

## न्यूज बॉक्स

### सीमा देसाई टूर्नामेंट में बरही की वर्षा कुमारी का हुआ चयन, बधाई



**बरही।** सत्र 2023-24 के लिए जेएससीए के सीमा देसाई टूर्नामेंट के लिए हजारीबाग से बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की खिलाड़ी वर्षा कुमारी का चयन किया गया है. उक्त जानकारी बीएसए के मुख्य संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने दी. उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट को रेड, येलो, ब्लू और ग्रीन टीम में तैयार किया गया है. बीएसए के इस होनहार खिलाड़ी को येलो टीम में जगह मिला है. पूर्ण विश्वास है यह प्रतिभावान खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में बरही का नाम रौशन करने का काम करेगी. इसके चयन से बीएसए संरक्षक सहित अध्यक्ष नौशाद अहमद, सचिव बलराम केशरी सहित बीएसए खिलाड़ियों ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है. विदित हो कि वर्षा एक प्रतिभावान खिलाड़ी है. जो पूर्व में भी बेहतर खेल का प्रदर्शन किया हैं. जो कई बार जिला और राज्यस्तर पर भी खेल कर बेहतर प्रदर्शन कर चुकी है.

### भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिला कार्यकारणी कि ओर से बड़ा अखाड़ा हजारीबाग में परशुराम जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया। सर्व प्रथम भगवान परशुराम जी की प्रतिमा का षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना व हवन कर भजन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह व भव्य भंडारे के साथ कार्यक्रम को संपन्न किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए समाज कि एकता व अखंडता जरूरी है। झारखण्ड सरकार राज्य में जल्द से जल्द विप्र आयोग का गठन करें। जिला अध्यक्ष प्रवेश पाण्डेय ने कहा कि संगठन व समाज के लिए मैं तन मन धन से सदा तत्पर हूं और आगे भी संगठन का कार्य करने के लिए हम सभी प्रखंडों का दौरा कर मजबूत टीम का गठन करेंगे। युवा जिला अध्यक्ष पवन जिगर पांडेय ने कहा कि युवाओं को संस्कार, शिक्षा, रोजगार से जोड़ने के लिए संगठन प्रयासरत है और हम कामयाब भी है।

### श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा




**बरकट्ठा।** ग्राम पैसरा में श्री श्री108 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ को लेकर निकली गई कलश यात्रा। कलश यात्रा को पूरे गांव में लेकर 191 महिलाओं और 9कन्याओं ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए उत्तर वाहिनी नदी से जल भरकर पुनरू यज्ञ यह स्थल पर आकर स्थापित किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम दिनांक 11 मई को कलश यात्रा 12 को हनुमंत कथा तथा 13 को भंडारा किया जाएगा। कलश यात्रा में शामिल हुए मुख्य रूप प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, पूर्व मुखिया अशोक रविदास, आचार्य जयराम शरण जी महाराज, (अयोध्या), शंकर दयाल प्रसाद, द्वारिका महतो, छोटी महतो, भीखन यादव, अर्जुन ठाकुर, चुरामन महतो, विनय कुमार भुवनेश्वर महतो पुरुषोत्तम कुमार, सूरज कुमार, नारायण पासवान, बुटूलाल महतो, राजेंद्र कुमार, राजू प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, गंगो महतो, मुन्नी देवी , कलावती देवी, पार्वती देवी बसंती देवी ,लक्ष्मीकुमारी ,लोटस कुमारी चिंता देवी समेत सैकड़ों की संख्या संख्या में लोग शामिल थे।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों को बताया गया योग का महत्व



**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक आईपी भारती ने किया। योग शिक्षक लालटुन पासवान ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को योगासनों के जरिये फिट रहने का संदेश दिया। लालटुन पासवान ने विद्यार्थियो को वीरभद्रासन, वृक्षासन, अर्ध चंद्रासन, भुजंगासन, बाल आसन, मार्जरी आसन, नटराज आसन, गोमुख, क्हलासन, सेतु बांध आसन करने के तरीके और उनके फायदे बताये. साथ ही सभी को योग के जरिये इस व्यस्तता भरे जीवन को तनाव और रोग मुक्त करने का तरीका बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे पूनम कुमारी, प्रीती प्रभा, अनिल कुमार, अभिशेख कुमार, सुलेखा मोदी, संजय यादव, मानती लकड़ा, अंजू मरांडी समेत आदि लोग शामिल थे।

### रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक



**बरही ।** स्वीप कार्यक्रम की गति में अपनी सहभागिता निभाते हुए अनुमंडल अस्पताल की ओर से रैली निकाल मतदाताओं को जागरूक किया गया. जिसकी शुरूआत उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने शामिल सभी लोगो को रैली का उद्देश्य बताते हुए किया. जिसमे डॉ ज्ञानी सहित कई चिकित्सक व स्वास्थकर्मी भी शामिल हुए. रैली अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से प्रारंभ होकर धनबाद रोड का भ्रमण कर वापस अस्पताल परिसर में संपन्न हुआ. इस दौरान रैली में शामिल लोगो ने सबों से लोकतंत्र के इस महापर्व मतदान में शामिल होने की अपील किया. साथ ही आगामी 20 मई को अपने बूथ पर निर्भीक होकर बिना किसी लोभ लालच में मतदान करने के लिए प्रेरित किया. डॉ ज्ञानी सभी मतदाताओं को प्रेरित करते अपील पूर्वक कहा कि मतदान का लय टूटे नही और एक भी मतदाता छूटे नही. रैली में बीपीएम नारायण राम, हेड क्लर्क, पंकज आजाद, सहिया साथी निशी रानी, सबिता देवी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे.

**बरकट्ठा पहुंचने पर अन्नपूर्णा देवी का हुआ स्वागत**

# मोदी के बिना देश का विकास संभव नहीं : अन्नपूर्णा देवी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** कोडरमा लोकसभा सांसद सह भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी का बरकट्ठा पहुंचने पर लोगों ने गाजे-बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया।इसके पूर्व प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित कुमार यादव ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस निमित बरकट्ठा डीह स्थित देवी मंडप पहुंचे सांसद ने माथा टेक सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि मोदी के बिना देश का विकास संभव नहीं है। हर तबके का ख्याल उन्होंने रखा। देश के रक्षकों पर जहां पूर्व में पत्थर बरसाए जाते थे आज आंख उठाने की हिम्मत नहीं करते यह मोदी की ताकत है। एक ओर जहां महिलाओं को उज्जवला योजना के माध्यम से राहत दिलाये वहीं दूसरी ओर गरीबों को आवास देकर छत देने का काम किया। आज भारत एक नई बुलंदियों पर पहुंचा है। इसका देन मोदी है। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि मोदी है तो हर संभव मुमकिन है। मोदी का कायल आज पूरा विश्व है उन्होंने एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील लोगों से की ।

**लोकसभा आम चुनाव को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक**

# शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराएं : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर अब तक हुए कार्यों की समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से रामगढ़ जिले में मतदान संपन्न कराने को लेकर किए जा रहे कार्यों की क्षेत्रवार संबंधित अधिकारियों से समीक्षा की गई वहीं उनके द्वारा समीक्षा के क्रम में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिया। मौके पर उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता मतदान के दिन सुनिश्चित रखने, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने, शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने, जिले के विभिन्न सीमाओं पर बनाए गए चेकनाकों के माध्यम से नियमित जांच अभियान चलाने, उड़न दस्ता दलों द्वारा चलाए जाने वाले जांच अभियानों आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधित कार्यों के दौरान कोई भी दुविधा सामने आने पर त्वरित वरीय अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर उसे दूर करने का निर्देश दिया।

**विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बीडीओ से की मुलाकात**

# लोस चुनाव को लेकर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कार्यालय में कोडरमा लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक हुई।इस निमित बीडीओ रोशमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। वहीं बीडीओ ने बताया कि बरकट्ठा प्रखंड के 3 बुजुर्ग मतदाता शनिवार को अपने घर पर ही बैलेट पेपर से मतदान करेंगे, इसकी तैयारी कर ली गई है। बैठक में झामुमो प्रतिनिधि प्रमोद गुप्ता ने अवगत कराया कि झुरझुरी में ग्राम वासियों द्वारा मतदान का बहिष्कार किया गया है । ऐसा ग्रामीण कह रहे हैं। उन्होंने बीडीओ से आग्रह पूर्वक कहा कि ग्रामीणों के समक्ष उपस्थित होकर इसे देखा जाय। बूथों पर पेयजल संकट ना हो इसपर विशेष ध्यान रखा जाय और पोलिंग बूथ पर बिजली, मतदानकर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था ठीक कराई जाय। इस बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बीडीओ से मांग की गई है कि मतदान 20 मई को है।

### बरलंगा में साइबर अपराधियों ने बैंक अकाउंट से उड़ाए 29 हजार

**गोला।** फसल राहत के नाम पर साइबर ठगों ने बरलंगा थाना क्षेत्र के हरना गांव निवासी बिरेश महतो के खाते से 29000 रुपये उड़ा लिए। पीड़ित युवक ने बरलंगा थाना में आवेदन देकर रुपए बरामदगी की मांग की है। इससे चार दिन पूर्व भी साइबर ठगों ने उसी थाना क्षेत्र के उपरबरगा गांव की एक युवती बसंती कुमारी के मोबाइल फोन पर झारखंड फसल राहत योजना में आधार अपडेट नहीं होने की बात कहकर पहले आधार नंबर मांगा। इसके बाद युवती के मोबाइल नंबर पर आए ऑटीपी को भी ठगों को शेयर कर दिया। इसके तुरंत बाद युवती के गोला स्थित केनरा बैंक के खाते से 71 हजार रुपए की निकासी कर ली गई। पीड़ित युवती ने भी बरलंगा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मामले की जांच की जा रही है। केनरा बैंक के मैनेजर को पत्र लिख कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

# संजय मेहता ने किया रोड शो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो शनिवार को कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता ने 11 मई. को रामगढ़ जिला अंतर्गत रामगढ़ प्रखंड तथा रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में रोड शो किया गया। रोड शो बैगा मोड,सिरका, कौवाबेड़ा, नईसराय, गोबरदरहा, हूहूआ, कोठार, कैथा, रामगढ़ शहर, दोहाकातु तथा चेटर तक गया। मौके पर संजय मेहता ने कहा की उन्हें लोगों का समर्थन मिल रहा है इसलिए इस चुनाव में उनकी जीत होगी ।मौके पर मुख्य रूप से पणेश्वर कुमार, सुधीर अकेला, देवानंद महतो, सुदर्शन महतो,लालू प्रसाद,ओम प्रकाश महतो, पवन महतो,नेमि महतो, सानिया प्रवीण, शक्ति महतो, भीम महतो, संजय महतो, करमचंद महतो, शिवा महतो, लगन महतो, सूरज महतो, सतेंद्र महतो, तुलेश्व महतो, अनिल महतो, सूबेदार चौधरी, प्रमोद महतो, दीपेंद्र महतो, सुखदेव महतो आदि उपस्थित थे।

### गोला के मंडा पूजा में भक्तों ने दिया अपनी आस्था का परिचय

**गोला।** गोला प्रखंड के तीन गांवों में सोसोकलां, महलीडीह व पुरबडीह गांव में शुक्रवार की देर रात आस्था व भक्ति का महापर्व मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दर्जनों शिवभक्तों ने अंगारों में नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया। मंडा पर्व के दौरान भक्तों ने भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना की। इसे लेकर यहां मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मंडा पर्व के साथ मेला का आनंद उठाया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल क्षेत्र से आए छऊ नृत्य पार्टी के कलाकारों ने धर्म व पौराणिक कथाओं पर आधारित एक से बढ़कर एक छऊ नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। आयोजन समिति के निमंत्रण पर पहुंचे अतिथियों ने ग्रामीणों को मंडा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मंडा पर्व झारखंड का लोकप्रिय पर्व है। वर्षों से हमारे पूर्वजों की ओर से मनाया जाने वाला यह महापर्व भगवान शिव के प्रति प्रेम और आस्था को दशार्ता है।

**भागवत कथा वाचक का बरही में हुआ आगमन**

# भागवत कथा से सुख, शांति व पापों से मिलती है मुक्ति : यशोदानंदन महाराज

### प्रात : साढ़े नौ बजे निकलेगा भागवत कथा महायज्ञ का कलशयात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** शनिवार को प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक यशोदानंदन जी महाराज का बरही में आगमन हुआ. जिनका धनबाद रोड निवासी सेठ बिनोद प्रसाद केशरी, पिता यमुना साव, माता कंचन देवी, उनकी पत्नी रेणु केसरी, भाई मंटू प्रसाद केसरी, पत्नी कविता केसरी, बहु महिमा केसरी, इंद्रदेव यादव, उनकी पत्नी मुन्नी देवी, रवि केसरी, पप्पू केसरी और उनके परिजन आदि ने लड्डू गोपाल सहित पूरी टीम का पूरे विधि विधान से स्वागत करते हुए आवासीय प्रवेश करवाया. श्री केसरी ने बताया कि लड्डू स्वामी ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार से सात दिवसीय भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है. जिसके लिए रविवार की सुबह साढ़े नौ बजे उनके आवासीय परिसर से जलयात्रा निकाला जाएगा. इस जलयात्रा में बरही के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे. संध्या 5 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन महाराज जी के मुखारबिंद से भागवत कथा वाचन किया जायेगा. इस कथा में सभी भागवत प्रेमी सादर आमंत्रित हैं. 18 मई को पूणार्हुति व भंडारे के साथ महकथा का समापन होगा. जाने कौन है यशोदानंदन जी महाराज : यह प्रसिद्ध कथा वाचक वही महाराज जी है, जिन्होंने 2018 में प्रखंड मैदान में आयोजित भागवत कथा में अपने मृदुल और उत्कृष्ट प्रवचन से बरहीवासियों का दिल जीत लिया था. जिनके कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी. भंडारे और पूणार्हुति में रिकार्ड भीड़ हुई थी, जिसमे बरही वासियों ने दिल खोलकर सहयोग किया था.

### एनडीए राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी : रंजीत पांडे

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 मई को सिमरिया में आयोजित सभा में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी नेता और कार्यकर्ता वरिष्ठ पार्टी नेता रंजीत पांडे और कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव की अगुवाई में सिमरिया पहुंचे । मौके पर रंजीत पांडे ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में देशभर में एनडीए के पक्ष में लहर है। श्री पांडे ने कहा की झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत होगी । कहा की हजारीबाग लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से विजय होंगे। कहा की मनीष जायसवाल जीत दर्ज करने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देंगे। वहीं, कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनहित में किए गए कार्यों से लोगों का रुझान एनडीए के पक्ष में इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुनः केंद्र में एनडीए की सरकार बनेगी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने के लिए सिमरिया रवाना होने वालों में रंजीत पांडे आदि शामिल थे ।

**एसविएम में हुई विभाग स्तरीय समीक्षात्मक बैठक**

# हमें सिर्फ आईना नहीं देखना है, बल्कि प्रदर्शन पर भी नजर रखना है : अजय




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबुगांव कोर्रा में विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम ज, संगठन मंत्री राम अवतार नारसरिया, प्रदेश मंत्री अजय कुमार तिवारी, विद्यालय के अध्यक्ष बृज कुमार विश्वकर्मा एवं सचिव राम बहादुर सिंह, विभाग निरीक्षक ओम प्रकाश सिन्हा सह निरीक्षक बृजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया एवं श्रीफल देकर उनका स्वागत किया। विषय प्रवेश कराते हुए प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि यह बैठक एक समीक्षात्मक बैठक है, जिसमें सभी विद्यालयों के कार्यों की समीक्षा होती है। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ आईना नहीं देखना है, बल्कि दूसरे विद्यालय के परफॉर्मेंस पर भी नजर रखना है तथा उनसे सीख लेने की जरूरत है। प्रदेश संगठन मंत्री राम अवतार नारसरिया ने कहा कि लोकतंत्र में लोगों की अहम भूमिका है।

## एक नजर

### दिल्ली के मुख्यमंत्री के रिहाई पर आम आदमी पार्टी ने जताया हर्ष

**सिमडेगा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट के द्वारा अंतरिम जमानत 1 जून तक दी है जिसको लेकर आम आदमी पार्टी सिमडेगा जिला संयोजक विनोद केरकेट्टा के द्वारा हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के इशारे पर लगातार प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा की जा रही कार्रवाई पूरा देश जानती है और इसी प्रकार से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लोकप्रियता को देखते हुए साजिश के साथ उन्हें जेल में डालने का काम किया, लेकिन न्यायपालिका पर हमें पूरा विश्वास था और न्यायपालिका के द्वारा उन्हें अंतिम जमानात 1 जून तक दी है और इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से सत्ता से बाहर होगी।

### ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ नर्सिंग में वोट देने की दिलाई शपथ

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर ज्ञान ज्योति कॉलेज आफ नर्सिंग में नर्सिंग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नर्सिंग के छात्र और छात्राओं ,कॉलेज के निर्देशक एवं शिक्षकों द्वारा नर्सिंग मदर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया और संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित की। इस अवसर पर नर्सिंग के छात्र एवं छात्राओं के लिए लैंप लाइटनिंग व ओथ सेरिमनी भी आयोजित की गई वही बच्चों ने कविता,भाषण, सीपीआर डांस और हैंड वॉशिंग डांस व हिंदी गीतो पर जमकर थिरके और कॉलेज के निदेशक द्वारा साथ ही वोट देने का छात्र एवं छात्राओं को शपथ ग्रहण दिलाया गया। इसके बाद कॉलेज के निर्देशक विनय कुमार और शंभू मेहता द्वारा छात्र-छात्राओं को मानव सेवा ही सर्वपरी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वह अपनी भूमिका को समझें और समाज सेवा व मरीजों की सेवा के क्षेत्र में अपने लक्ष्य निर्धारित करें। मिस अनीता ने कहा कि बिना नर्सिंग स्टाफ के स्वास्थ्य सेवाओं की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

### बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देना विद्या भारती का लक्ष्य : संगठन मंत्री

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में उत्तर -पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्याली राम, क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नारसरिया व झारखंड प्रांत के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने अभिभावक वृंद, विद्वत परिषद, संकुल के आचार्यगण ,पूर्व छात्र परिषद, समिति के पदाधिकारीगण, विद्यालय के कर्मचारीगण, एवं विद्यालय के कन्या,किशोर एवं तरुण भारती के भैया- बहन के साथ अलग अलग सत्रों में बैठक के माध्यम से चर्चा परिचर्चा की।मौके पर संगठन मंत्री ख्याली राम ने अपने संबोधन में कहा - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से बच्चे भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षा प्राप्त करेंगे' देश का भविष्य उज्ज्वलित होगा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से पढ़कर बच्चे विज्ञान, तकनीक चिकित्सा, सैन्य एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रहे हैं 'भारतीय संस्कृति के अनुरूप संस्कार युक्त शिक्षा देना विद्या भारती का लक्ष्य है ' आप सभी अभिभावक गण इसमें हमारा सहयोग करें।

---

#### भाजपा ने अपने कार्यकाल में अब तक जनता को ठगने का किया है काम

# जवाब देने के लिए तैयार है जनता : डॉ अजय



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेग** खूंटी लोकसभा पर्यवेक्षक डॉ अजय शाहदेव और विधायक भूषण बाड़ा ने पाकरटांड़ प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को हाथ छाप में वोट देकर भारी मतों से जिताने की जनता से अपील की। मौके पर डॉ अजय शाहदेव ने कहा कि पिछली चुनाव में खूंटी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने जनता और कांग्रेस के साथ जो छल किया था, उसका जवाब देने के लिए जनता और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता पुरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता ही इंडिया गठबंधन कार्यकताओं का नेतृत्वा कर रही है। पिछले चुनाव में भाजपा ने छल कर जनता को रुलाने का काम किया था। उस आंसू का बदला इस चुनाव में जनता और इंडिया गठबंधन वोट के माध्यम से देने के लिए ललायीत हैं। उन्होंने झापा पर निशाना साधते हुए कहा कि झापा को पिछले लोकसभा चुनाव में ही जनता ने पुरी तरह से नकार दिया था। पिछले चुनाव में झापा को महज आठ हजार वोट मिले थे। उन्होंतने कहा कि झापा भाजपा के व्यवस्थां से कांग्रेस को हराने का असफल प्रयास कर रही है। पर वह कभी भी सफल नहीं होगा। इस चुनाव में भी जनता भाजपा, झापा सहित अन्य क्षेत्रिय पार्टी को मुहतोड़ जवाब देगी और बाहर का रास्ता दिखाएगी।

#### जाति-धर्म, उंच्च-नीच की भावना से उपर उठ कर काम करती है कांग्रेस : विधायक भूषण बाड़ा

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जाति-धर्म, उंच्च-नीच, गरीबी-अमीरी से उपर उठकर जनता की सेवा करती है। देश के विकास में कांग्रेस का बहुमूल्य योगदान रहा है। लेकिन भाजपा सरकार ने देश को बर्बाद करने का काम किया। यही कारण है कि इस बार जनता इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का निर्णय लिया है। आज पुरे देश में इंडिया गठबंधन को जनता का भरपुर सम?र्थन मिल रहा है। इधर विधायक ने कुरडेग प्रखंड के जंगली पहाड़ी इलाका डोंगापानी, सरईपानी, बाघटोली, टुकुपानी आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर कालीचरण मुंडा के पक्ष में वोट मांगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो,युवा कांग्रेस अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सह कुरडेग प्रभारी आकाश सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष देवनिस खलखो,पूर्व मुखिया फ्रांसिस खलखो,विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान,युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष संदीप नायक,दीपक जयसवाल,पूर्व मुखिया सुमिरा लकड़ा,समीर कुल्लू,शिशिर टोप्पो,जॉन एक्का आदि उपस्थित थे।

### सिमडेगा के प्लस टू स्कूलों में शिक्षकों की घोर कमी

**सिमडेगा।** जैक मैट्रिक का रिजल्ट निकलने के बाद जिले के 19 प्लस टू एवं इंटर कॉलेजों में इंटर में नामांकन का दौर जारी है। इस बीच प्लस टू एवं इंटर कॉलेजों में शिक्षकों एवं छात्रों के लिए सीटों की कमी छात्रों एवं अभिभावकों की परेशानी बढ़ा रही है। कई अभिभावकों ने जैसे तैसे कर अपने बच्चों का प्लस टू कॉलेजों में नामांकन तो करा लिया है। लेकिन उस कॉलेजों में शिक्षकों एवं व्यवस्थाओं की कमी मिलने पर बच्चों के पढ़ाई की चिंता सताने लगी है। पूर्व में जिले के कुल 16 इंटर एवं प्लस टू स्कूलों में इंटर की पढ़ाई होती थी। लेकिन इस वर्ष तीन और प्लस टू स्कूल बनाए गए हैं। हालांकि इनमें से अधिकतर प्लस टू स्कूलों में भाषा विषय से लेकर राजनीतिक विज्ञान, विज्ञान सहित अन्य विषयों के लिए शिक्षक ही नहीं हैं। शिक्षकों ने कहा कि पिछले वर्ष की शिक्षकों की कमी में सुधार हुआ है। फिर भी शिक्षक नहीं रहने के कारण उन्हें अतिरिक्त कलास लेनी पड़ती है।

## चुनावी दंगल में जन समस्याओं की चक्की में पीस रहा खूंटी लोस क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता। बानो** खूंटी लोकसभा में पिछले कई वर्षों से बीजेपी का वर्चस्व रहा है एक बार फिर अर्जुन मुंडा कई चुनावी तस्करों के साथ है। और यह चुनावी दंगल जन समस्याओं की चक्की में पीस रहा है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र वैसे तो आदिबासी बहुल क्षेत्र है। भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आज भी बिकास के नाम पर चुनाव लड़ी जा रही हैं। खूंटी, तोरपा कर्रा सिमडेगा ,रनिया क्षेत्रों में गैर आदिवासी भी है।जिन्हें भी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है। आज राजनीति की अलग परिभाषा बन गई है। जानकारों का कहना है कि वर्ष 2024 की लोकसभा चुनाव में मुख्य लड़ाई कांग्रेस व बीजेपी में है। आज मतदाता अपने विभिन्न मुद्दों ,मांगो को लेकर नोटा की बात कर रहे हैं। एक दूसरे को हराने की दावा सभी पार्टियां कर रही हैं। कुछ लोग कह रहे है वर्षो से देखा जा रहा है निकम्मी है तो दूसरी पार्टी कह रही है इस बार सरकार ही बदल दी जाएगी मराष्ट्रीय मुद्दों पर लड़ रही बड़ी राजनीतिक पार्टी क्षेत्रीय समस्याओं, मांगो को भूल सा गया है। गावों में कच्ची सड़क ढंग का नही है और हाईवे बनाने की बात कर रहे हैं।आम मतदाता राजनीतिक पार्टियों के घोषणाओं को देख कर ठगा सा महसूस कर रहा है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र जंगलों पहाड़ों से घिरा है।आज भी एक गाँव से दूसरे गांव तक आने जाने का ढंग का सड़क मार्ग नही है।सड़क मार्ग सही नहीं के कारण प्रधानमंत्री आवास जैसे महत्वपूर्ण योजना को लेने से इनकार कर रहे हैं लाभुक ईंट, बालू ,सीमेंट आदि सामग्रियों की बढ़ती कीमत लोगो को रुला रही है। खूंटी ,रनिया ,बानो के आम मतदाताओं अपनी अपनी मांग है परन्तु राजनीतिके पार्टियों के प्रखण्ड अध्यक्ष उस सम्बन्ध में बात करने से कतरा रहे हैं। रोजगार की बात तो की जा रही हैं परंतु लोगों को विश्वस नही कि भावी पीढ़ी के लिए सरकार कुछ कर पाएगी ।बेरोजगार युवा पीढ़ी के हाथों में फाईब जी मोबाईल जरूर थामेगी।

#### कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

# भाजपा ने धर्म के नाम पर जनता को बांटा : विधायक

**भाजपा की सरकार में देश में बेरोजगारी में बढ़ोत्तरी हो हुई, रेलवे सहित हर सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में स्थायी नौकरी का सिलसिला कम हो गया है**



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड अंतर्गत टुटीकेल पंचायत के सोकोरला गांव में शनिवार को कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगड़ी ने कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चला कर वोट की अपील की। विधायक ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर वोट बंटोरने में जुटी है। वह अब तक अपने शासनकाल जात के नाम पर भोली भाली जनता को बांटकर रख दिया है। आज देश की हालत धर्म जाति के नाम बद से बदत्तर हो गयी है। ऐसे पार्टी से जनता को सचेत रहने की जरुरत है। आम जनता के जीवन को बदतर बना दिया है, देश को तानाशाही की ओर बढ़ाया है। हर गरीब आदमी के खाते में 15 लाख देने की बात कही, प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरी का जुमला दिया है। देश में बेरोजगारी में बढ़ोतरी हो गई है, रेलवे सहित हर सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में स्थायी नौकरी कम करते जाने का सिलसिला जारी है। आज देश में भयंकर आय असमानता है कोई लाखों और करोड़ों की बात कर रहा है, तो देश का गरीब 200 और 300 रुपए की दैनिक मजदूरी के लिये भी संघर्षरत है। कांग्रेस ने कहा है कि हम पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों और यहाँ तक कि सामान्य वर्ग के गरीबों को ही केंद्रबिंदु बनाकर ऐसी नीतियाँ बनायेंगे। मौके पर मौजूद कोलेबिरा प्रखंड प्रभारी जमीर अहमद, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष सुलव नेल्सन डुंगडुंग, संजय हेरेंज, जिला सचिव अल्पसंख्यक जमीर हसन, बिसवासी डांग, ग्लोरिया डांग सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### कृषि बाजार समिति में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## हृदयाघात से पीड़ित व्यक्ति को सीपीआर दे उसके प्राणों की रक्षा की जा सकती है



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद, रांची के निर्देशानुसार कृषि बाजार समिति कार्यालय में एक दिवसीय सीपीआर प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर हृदयघात पीड़ित व्यक्ति का प्राथमिक उपचार के तौर पर तत्काल सीपीआर दे कर उसके प्राणों की रक्षा की जा सकती है। विगत समय में हर उम्र के व्यक्ति हृदयघात से पीड़ित पाये गये हैं, किन्तु हृदयघात के समय तत्काल चिकित्सा सुविधा तथा प्राथमिक उपचार प्राप्त नहीं होने के कारण उनकी जान चली जाती है। सीपीआर चिकित्सा विज्ञान की एक ऐसी पद्धति है, जिसका प्रयोग प्राथमिक उपचार के रूप में करते हुए हृदयघात से पीड़ित व्यक्ति की तत्क्षण जान बचायी जा सकती है। इस प्रयोग का ज्ञान आम व्यक्तियों के पास नहीं है, जिन्हें इसकी जानकारी और ज्ञान देना आवश्यक है। इसी परिपेक्ष्य में कृषि बाजार समिति, सिमडेगा में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सीपीआर किस प्रकार दी जाती है इसकी विस्तृत जानकारी सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार एवं डॉ सुचान्द मुण्डा सदर अस्पताल, सिमडेगा द्वारा प्रदान की गई तथा उपस्थित लोगो द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। कार्यक्रम में कृषि बाजार समिति, सिमडेगा के पणन सचिव, कृष्ण कन्हैया, आत्मानंद, पत्राचार लिपिक, कार्यालय के कर्मीगण, व्यापारीगण तथा आमजन उपस्थित रहें।

## कलुयुगी गुरुजी : शिष्य को डंडे से पीटकर किया जख्मी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** स्कूल शिक्षा का मंदिर है, जहां नौनिहाल बच्चे अपना भविष्य बनाने के लिए पढ़ने जाते है। शिक्षक जिन्हें भगवान से पहले का दर्जा दिया जाता है, अगर वहीं शिक्षक छात्रों की जान से खिलवाड़ करने लग जाए तो कैसे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। ऐसा ही मामला हजारीबाग शहर के आर्ष कन्या गुरुकुल से आया है। जहां एक शिष्य को गुरुजी बेरहमी से पीटकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। मामला यह है कि शहर के नवाबगंज स्थित आर्ष कन्या गुरुकुल के शिक्षक सुधीर शास्त्री उर्फ सुधीर उरांव ने मामूली गलती की वजह से गुरुकुल के शिष्य पर दानव बनकर टूट पड़ा और डंडे से पीटकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। शिष्य मोहित गुरुकुल का नल खुला छोड़ दिया इतने में गुरुजी शिष्य पर टूट पड़े। अभी मोहित सीडब्ल्यूसी के निगरानी में है जहां से सदर अस्पताल से इलाज करवाया जा रहा है।

वैसे मोहित के बारे में बताया गया कि वह गुमला का रहने वाला है। जानकारी यह भी हो कि मोहित की बहन भी गुरुकुल में पढ़ती है। इधर गुरुकुल के प्राचार्य कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं।

#### जलडेगा के पपरापानी गांव में न सड़क है न पीने का पानी

# सुधार की उम्मीद में हर चुनाव में डालते हैं वोट



**आलोक कुमार साहू, जलडेगा** प्रखंड के परबा पंचायत अंतर्गत पपरा पानी गांव सड़क और पानी के लिए अब भी मोहताज है, फिर भी यहां के लोग इस आस में हर बार वोट देते हैं कि कभी न कभी गांव की हालत में जरूर सुधार होगा। आजादी के 70 सालों से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी गांवों की हालत जस की तस है। प्रखंड मुख्यालय से 10 किलोमीटर पर स्थित इस गांव में पानी के लिए लोगों को बहुत परेशान होना पड़ता है। प्यास बुझाने के लिए गांव के लोग तपती गर्मी में 1 किमी दूर जाकर चट्टानों के बीच बने एक चुआड़ का पानी पीने को मजबूर हैं। सालों से यहां पानी की समस्या बरकरार है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। 25 से 30 परिवार के इस टोले में एक भी सरकारी कुंआ नही है। पेयजल के लिए टोले से कुछ दूर मे एक चापाकल तो है लेकिन उसमें प्रयाप्त पानी नहीं निकलता है। गांव के सुना किस्पोट्टा, चैतु किस्पोट्टा, तीला किस्पोट्टा, दीपक किस्पोट्टा, सुकरा किस्पोट्टा, सुशील तोपनो, सुरसेन तोपनो, नूएल तोपनो, अनुज तोपनो, सोमरू टोप्पो, मरियम तोपनो, कृपा किस्पोट्टा, अंजेला तोपनो, मरसा किस्पोट्टा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दो बोरिंग किया गया था लेकिन दोनों में पानी नहीं निकला इसके बाबजूद भी संवेदक जय मां कंस्ट्रक्शन ने जल मीनार खड़ी कर घर घर पाइप पहुंचा दिया है। जो हर दिन ग्रामीणों को मुंह चिढ़ा रही है। गांव में सड़क तक नहीं, पथरीली राहों में चलने के लिए लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### विकास योजनाओं के नाम पर पंचायतों में पानी की तरह बहा पैसा, नही बुझी लोगों की प्यास

पंचायत की मुखिया बिमला देवी गांव की समस्या से वाकिफ है। लगातार दूसरी बार मुखिया बनने के बाद लगभग अपने आठ साल के कार्यकाल में भी गांव की इस समस्या का समाधान नहीं हो सका। पुछने पर मुखिया कहती हैं गांव में पानी की घोर समस्या है। पंचायत मद से वर्षों पहले एक चपाकल खुदवाया गया है, पीएचईडी के माध्यम से दो बोरिंग करवाया गया था लेकिन दोनों फेल हो गया। सालों बाद टोले में मनरेगा से एक कुप का निर्माण कराया जा रहा है। बता दें कि सरकार द्वारा हर साल पानी की समस्या दूर कर लोगों को राहत देने के लिए लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन आज भी ग्रामीण इलाकों में पानी की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। पानी की बबार्दी रोकने के लिए लोगों को जागरूक तो किया जाता है, लेकिन पेयजल समस्याओं का समाधान कैसे हो इसपर कोई ध्यान नहीं देता है।

#### आईसेक्ट विवि में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया

## जागरूकता बढ़ाने में मददगार होगा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस : डॉ मुनीष




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया।विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि यह दिन साइंटिफिक और टेक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस के महत्व को दशार्ता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा दरअसल यह दिवस लोगों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही वैज्ञानिक शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज के सभी वर्गों के बीच प्रौद्योगिकी में मजबूत रूचि को बढ़ावा देने का अवसर भी प्रदान करता है। बता दें कि इस मौके पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए कोडिंग प्रतियोगिता के साथ साथ वोट फोर डेमोक्रेसी एवं सुरक्षित वातावरण, सुरक्षित जीवन पर आधारित पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

---

## न्यूज बॉक्स

### एसएस हाई स्कूल ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली



**बोलबा ।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में एसएस हाई स्कूल बोलबा द्वारा निकाला गया मतदाता जागरूकता रैली। इस मौके पर मतदाताओ को आगामी 13 मई 2024 को प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने की अपील की गई ।जागरूकता रैली पाकरबहार स्कूल से बोलबा थाना तक निकाला गया। इस दौरान बताया गया कि जिले में मतदान का प्रतिशत इस बार 80% का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है ,जिसके तहत सभी लोगों को जागरूक नागरिक का कर्तव्य पालन करते हुए अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर वोट जरूर करना है। इस मौके पर स्कूल के कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### बोलबा पुलिस विभाग ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में पुलिस विभाग द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान। मौके पर बताया गया सिमडेगा एसपी के निर्देश पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर हाथों में तख्ती लेकर सभी लोगों को वोट के प्रति जागरूक किया गया साथ ही फ्लैग मार्च का आयोजन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से बोलबा थाना क्षेत्र में मतदान निर्भीक होकर करने के लिए लोगों को आवाहन किया गया ।इस मौके पर मतदाताओ को आगामी 13 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने की अपील की गई ।इस मौके पर थाना प्रभारी विकास कुमार महतो,एसआई सोनू पाठक एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

### थमा भोंपू का शोर, लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीओ ने लगाई धारा-144

**सिमडेगा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव समाप्ति के 48 घंटे पूर्व एसडीओ सुमन्त तिर्की ने जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा जारी कर दी। उन्होंने बताया कि सभी प्रकार के चुनावी प्रचार-प्रसार पर रोक लगाई गयी। उन्होंने कहा ऐसे सभी प्रचारक जो किसी प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं एवं ये सिमडेगा जिले के पंजीकृत मतदाता नहीं हैं, ऐसे व्यक्ति जिले से स्वतः बाहर चले जाएंगे एवं मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार का विघ्न नहीं डालेंगे। इसके अलावा सभी प्रकार की चुनावी प्रचार-प्रसार, सभाओं एवं रैलियों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाती है हालांकि घर-घर जाकर किये जाने वाले प्रचार-प्रसार पर उपरोक्त निषेधाज्ञा प्रभावी नहीं रहेगी।वही किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग उपरोक्त समयावधि में नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया आदेश 13 मई के अपराह्न 05.00 बजे तक प्रभावी रहेगी।

### झापा ने कोलेबिरा में निकाली मोटरसाइकिल रैली



**कोलेबिरा।** झारखंड पार्टी के द्वारा कोलेबिरा प्रखंड में मोटरसाइकिल रैली निकाली। इस रैली में सिमडेगा जिला के जिला परिषद अध्यक्ष रोष प्रतिमा सोरेंग जिला अध्यक्ष मतियश बागे, जिला युवा अध्यक्ष सन्देश एक्का नेतृत्व किया। कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय से सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल की रैली पूरे प्रखंड में भ्रमण के लिए निकाली। प्रखंड भ्रमण में जनता के बीच में झारखंड पार्टी के द्वारा यह संदेश देने का प्रयास किया कि आज जनता दोनों ही राष्ट्रीय पार्टी से त्रस्त हैं और बदलाव की मुद्रा में है और उनके पास में एक ही विकल्प है और वह है झारखंड पार्टी झारखंड पार्टी ही है जो क्षेत्र का विकास कर सकती है। गरीबों के सुख दुख में साथ दे सकते हैं ,शादी विवाह में उपस्थित हो सकती है इसलिए सभी एक जुट होकर झारखंड पार्टी को जीताने का कार्य ,कर रहे हैं कार्यकताओं में पूरा जोश है।

### बाबा अखाड़ा के महावीर चौक के समीप लोगों के लिए शीतल प्याऊ की व्यवस्था

**सिमडेगा।** सिमडेगा में भीषण गर्मी पड़ रही है जिससे कि जनजीवन पूरी तरफ से प्रभावित है, लोग धूप की वजह से इधर-उधर जाने से कतरा रहे हैं। ऐसे में पीने की पानी की समस्या को देखते हुए अक्षय तृतीय एवं परशुराम जयंती के अवसर पर महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर के समीप तपती गर्मी को देखते शीतल प्याऊ की व्यवस्था की इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए यह व्यवस्था की गई है। जिसका उद्घाटन रामनवमी प्रबंधक समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव संजय शर्मा, उपाध्यक्ष हरि सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान बाबा अखाड़ा के युवक मौजूद रहे।

### दारू प्रखंड में पिछले दो दिनों से हाथियों का उत्पात जारी, ग्रामीण दहशत में



**दारू ।** प्रखंड में पिछले दो दिनों से हाथियों की उत्पात लगातार जारी है । प्रखंड के रामदेव खरिका , जिनगा में हाथियों की झुंड ने काफी तबाही मचा रखा है । इस झुंड में छोटे-बड़े मिलाकर लगभग 17 की संख्या है वहीं शुक्रवार की रात्रि लगभग 2:00 बजे रामदेव खरिका के रंजीत महतो, किसून महतो,रूपलाल प्रसाद, गिरधारी प्रसाद, विशुन महतो ,गायनी महतो। के बगान में बाउंड्री तोड़ते हुवे अंदर घुस गए और लगाए गए फसल में गाजर, मकई, खीरा, केला, पपीता, कटहल को हाथियों ने बर्बाद कर दिया ग्रामीणों का कहना है कि इस चिलचिलाती धूप में भी किसान अपने कार्यों में दिन-रात कड़ी मेहनत करता रहता है गर्मी की वजह से जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है पटावन में भी काफी समस्याएं होती है इस तरह के नुकसान से अब किसानों का कमर टूट गया है ग्रामीणों ने इस क्षतिपूर्ति के लिए वन विभाग एवं सरकार से मदद की गुहार लगाया।

## एक नजर

### एमजीएम थाना क्षेत्र से एक टन महुआ शराब जब्त

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के एमजीएम थाना अंतर्गत काशीडीह गांव के जंगलों में उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर भारी मात्रा में महुआ शराब जब्त किया है. हालांकि, टीम को देखकर महुआ शराब बनाने वाले मौके से फरार हो गए. टीम महुआ शराब को जब्त कर कार्यालय ले आई जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है. मौके से कुल 1050 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है जिसे 30 ट्यूब में भरकर रखा गया था. जानकारी देते हुए सहायक उत्पाद आयुक्त रामलीला रवानी ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध महुआ शराब बनाया जा रहा है जिसके बाद छापेमारी की गई. यह अवैध कारोबार विधान किस्कू और उसके बेटे जैकब और निमाई किस्कू द्वारा किया जा रहा था जिनके खिलाफ फरार अभियोग दर्ज किया गया है. जब्त महुआ की कीमत 26 हजार रुपए आंकी गई है. इसे लोकसभा चुनाव के दौरान खपाने की तैयारी चल रही थी।

### सैडल गेट क्षेत्र में नक्सलियों ने की पोस्टरबाजी

**किरीबुरु।** भाकपा माओवादी नक्सलियों ने किरीबुरु थाना अन्तर्गत सैडल गेट क्षेत्र में चुनाव बहिष्कार संबंधित पोस्टर-बैनर लगाया. मामले की जानकारी मिलते हीं किरीबुरु पुलिस अहले सुबह जाकर सभी पोस्टरों को हटा लिया है. सुबह जब कुछ लोग किरीबुरु-बड़ाजामदा मार्ग पर आवागमन कर रहे थे, तब उनकी नजर नक्सलियों द्वारा लगाये गये इन पोस्टरों पर पड़ी.बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल सवार नक्सली रात के अंधेरे में यह पोस्टर लगाकर सारंडा के जंगल गांव होते अन्यत्र निकल गये. नक्सली चुनाव के दौरान कुछ उत्पात करने की कोशिश कर सकते हैं. हालांकि पुलिस की चौकस व सतर्क होकर नक्सलियों के हर गतिविधियां पर नजर रखते हुये उनकी गलत मंशा व कोशिशों को विफल करने में जुटी हुई है।

### ट्रेलर ने ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत, आधा दर्जन गंभीर

**चांडिल।** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चांडिल थाना क्षेत्र के चिलगु गांव के समीप शुक्रवार रात लगभग 12 बजे घटी सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गई जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए. इनमें कुछ की स्थिति गंभीर बनी हुई है. मरने वालों में ऑटो का चालक विनोद कम्र्कार और ऑटो पर सवार महिला नंदिनी लोहार शामिल है. सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजने की व्यवस्था की. मिली जानकारी के अनुसार चिलगु के सामने ऑटो का चालक फोरलेन सड़क पर रास्ता बदल रहा था. इसी दौरान विपरीत दिशा से जा रहे एक अज्ञात ट्रेलर ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दिया. दुर्घटना में ऑटो चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई.घटना के संबंध में मिली जानकारी के जमशेदपुर के बिरसानगर और मानगो से कुछ लोग ऑटो पर सवार होकर विवाह समारोह में शामिल होने चांडिल प्रखंड के भादुडीह पहुंचे थे।

### झरिया में विवाद को लेकर दुकानदारों के बीच मारपीट, 3 घायल

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर टैक्सी स्टैंड मोड़ स्थित चाय दुकान के समीप आपसी विवाद को लेकर दो दुकानदार भिड़ गए. जिसमे 3 लोग घायल हो गए. कहा-सुनी के बाद दोनों के बीच मारपीट होने लगी. जमकर लाठी-डंडे चले. जिसमें एक पक्ष के चंदन केसरी और दूसरे पक्ष के शिव केसरी का सिर फट गया. वहीं, मनोज केसरी को भी गहरी चोटें आई हैं. घायलों का इलोज स्थानीय नर्सिंग होम में कराया गया. दोनों से झरिया थाना में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है. एक पक्ष के चंदन केसरी ने बताया कि वह अपनी दुकान खोल रहा था, तभी मनोज केसरी, सदाशिव केसरी व अन्य लोग आए और मारपीट करने लगे. वहीं, दूसरे पक्ष के सदाशिव केसरी ने कहा कि चंदन कुमार आए दिन उसके साथ गाली-गलौज करता था।

# भाजपा ने घोषणापत्र को लेकर लोगों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



भाजपा नेताओं ने गिरिडीह में विभिन्न स्थानों पर पथ सभा में लोगों को भाजपा के घोषणापत्र के बारे में जागरूक करने की घोषणा की। आगामी चुनावों के महत्वपूर्ण दौर में, ।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने गिरिडीह मुफस्सिल में पंचायत सेनादोनी ग्राम बुढ़ियाटांड़,धधरडीह पंचायत पालमो ग्राम बंदरकुप्पी पलामो पर पथ सभाओं में लोगों को संवाद करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इन सभाओं का मुख्य उद्देश्य भाजपा के घोषणापत्र को सार्वजनिक करना और लोगों को उसके विशेषताओं के बारे में जागरूक करना है। मुख्य अतिथि दिनेश प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष मनोहर यादव, सुरेंद्र बर्मन, भगीरथ मंडल, बजरंगी यादव सुरेश मंडल, राजेश वर्मा, शालिनी वैस्यखार, बैजनाथ वर्मा, कामेश्वर पासवान, यादव महासभा अध्यक्ष धनेश्वर यादव,सुरेंद्र यादव सहित भाजपा के नेताओं ने गिरिडीह के विभिन्न क्षेत्रों में पथ सभाओं का आयोजन किया है, जो जनता के बीच सीधे संवाद का माध्यम बनेंगे।

इन सभाओं में भाजपा के घोषणापत्र की विस्तृत चर्चा की जाएगी, जिसमें चुनावी अवधारणाओं और लोगों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्य पहलुओं पर जोर दिया गया है। इन पथ सभाओं में भाजपा के नेताओं का समर्थन और संवाद लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ, लोकतंत्र को मजबूत करने का भी एक प्रमुख उद्देश्य है। यह सभाएँ भाजपा के विकास की योजनाओं और नीतियों के प्रति लोगों की जागरूकता को बढ़ाने के साथ-साथ, जनमत संग्रह करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेंगी। आगामी चुनावों के नजदीकी दिनों में, इन पथ सभाओं के माध्यम से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा की उम्मीद गिरिडीह में भाजपा की घोषणापत्र के लिए एक प्रेरणा बनेगी, जो लोगों के समर्थन को जुटाकर एक समृद्ध और समृद्ध भविष्य के लिए भाजपा के दृष्टिकोण को प्रेरित करेगी।

### सीओ ने दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त, थाना को सौंपा



**गिरिडीह।** गिरिडीह गावां अंचलाधिकारी अविनाश रंजन ने शनिवार सुबह अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर पकड़कर थाना के हवाले कर दिया। सीओ ने बताया कि सूचना मिली कि रोजाना सकरी नदी से अवैध बालू का उठाव जारी है। प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई के बावजूद बालू माफिया अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे है। इसी को लेकर शनिवार की सुबह करीब 10 बजे अंचल अधिकारी अविनाश रंजन गिरिडीह के लिए निकल रहे थे। तभी सकरी नदी से बालू लोड कर ट्रैक्टर तीसरी की और जा रहा था। तभी बिजली ऑफिस के पास ट्रैक्टर जब्त कर गावां थाना को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि गावां के विभिन्न घाटों से लगातार बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू का कारोबार जारी है।

## डीपीएस में इंटर हाउस बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

### प्रिया व अभिजीत ने पहले स्थान पर जमाया कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

**गिरिडीह।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में शनिवार से आयोजित तीन दिवसीय इंटर हाउस बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरूआत शनिवार को हुई। स्कूल के डायरेक्टर सरदार तिरलोचन सिंह सलूजा ने विधिवत रूप से टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस दौरान टूर्नामेंट को सिंगल और डबल समूह में बांट कर कराया जा रहा है। टूर्नामेंट के पहले दिन गर्ल्स ग्रुप में प्रिया कुमारी जहां पहले स्थान पर जीत दर्ज कराने में सफल रही। वहीं तृषा कुमारी दूसरे व आरुषि तीसरे स्थान पर रही। जबकि बॉयज ग्रुप में अभिजीत कुमार पहले स्थान तो दूसरे और तीसरे स्थान पर तन्मय और राहुल यादव रहे।

## बिरनी में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा के तिसरी मंडल की हुई बैठक

### चुनाव को लेकर नुक्कड़ सभा का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी मुख्यालय स्थित गाँधी मैदान के समीप भाजपा तिसरी मंडल कार्यालय में शनिवार को आगामी 14 में को बिरनी के पेशम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर मनोज यादव,रामचंद्र ठाकुर समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में तिसरी से कार्यकताओं के जुटान पर चर्चा की गई। जिसके पश्चात भाजपा कमिटी द्वारा गड़कुरा और खिजुरी पंचायत में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर जनता से भाजपा के पक्ष में मत देने की अपील की गई।



#### एनडीए सरकार में सभी भ्रष्टाचारी जेल के भीतर हैं

कहा कि भाजपा जाति की नहीं जमात, हिंदुत्व व सनातन की बात करती है जिसके कारण ही सनातन विरोधी लोग नरेंद्र मोदी को हटाना चाह रहें हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पूरी दुनिया में भारत का नाम महाशक्तियों में गिना जाता है। मौके पर लक्ष्मण मोदी, रामचंद्र यादव, अनिल शर्मा, महामंत्री उपेन्द्र साव, कुणाल सिंह,कपिल यादव,सुनील शर्मा, नरेश यादव, हरीश प्रसाद साह, संदीप शर्मा,संतोष सिंह,दिनेश विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, योगेंद्र विश्वकर्मा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर दिल्ली भेजने का लिया गया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

**बिरनी।** इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा बिरनी के विभिन्न क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव को लेकर के कोडरमा लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह की तरफ से अपनी जीत को लेकर लगातार विभिन्न पंचायत में हर दिन बैठक किया जा रहा है। जिसमें खुरजीओ, बलगो, सलेडीह, कपिलो, दलंगी, बाराडीह, जुठाहआम, गुरहा, बिरनी, मनकडीहा, समेत पूरे बिरनी प्रखंड में बैठक करके लोगो को कोडरमा लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह वोट देने का प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें मौके पर उप प्रमुख शेखर कपूर, दीपक दास, अली असगर, सहदेव यादव, नारयण, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हैं।

#### भरकट्टा में इंडी गठबंधन प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का उद्धघाटन आज

भरकट्टा बाजार में रविवार को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी चुनावी कार्यालय का उद्धघाटन आज किया जायेगा।

## 399 जिलेटिन, पिस्तौल, मैगजीन और गोली के साथ एक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**

चांडिल अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह थाना क्षेत्र के गुंडा गांव के टोला डीटांड के एक घर से पुलिस ने प्लास्टिक के बोरे में भरकर रखे गए विस्फोटक पदार्थ, एक लोडेड देशी पिस्तौल, मैगजीन में 7.65 एमएम के चार जिंदा गोली बरामद किया है. इसके साथ ही पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. शनिवार को आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इस संबंध में नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान ने बताया कि सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक को नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत्त गुंडा गांव के डीटांड टोला निवासी बासुदेव महतो के घर पर विस्फोटक पदार्थ व अवैध हथियार रखा रहने की जानकारी मिथी थी. उक्त सूचना के आलोक में नीमडीह थाना की पुलिस टीम ने गुंडा के डीटांड टोला में छापामारी किया.वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार की गई कार्रवाई में पुलिस को गुंडा गांव के डीटांड टोला में बासुदेव महतो के घर पर छापा मारा।

# खिरोद गांव के ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार का एलान

### ग्रामीण तमाम जनप्रतिनिधियों से लगा चुके हैं गुहार लेकिन नतीजा सिफर



#### कहा- पुल और सड़क नहीं तो वोट नहीं

#### फरवरी 2023 में तिसरी नजर की टीम ने प्रमुखता से दिखाई थी समस्या

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत गुमगी पंचायत के खिरोद गांव की जनता ने आगामी चुनाव में वोट बहिष्कार का एलान कर दिया है। दरअसल नेताओं और जनप्रतिनिधियों के बड़े बोल और झूठे वादों से नाराज खिरोद गांव की जनता ने यह ऐलान किया है। बताते चलें कि प्रखंड मुख्यालय से 8 किलोमीटर की दूरी पर बसे तकरीबन हजार आबादी वाले खिरोद गांव के लोग एक अदद पुल के लिए दशकों से तरस रहे हैं। इस गांव को मुख्य सड़क और तमाम सुविधाओं से जोड़ने वाली नारायणा नदी पर पुल नहीं होने के कारण इन्हें रोज भारी मशक्कत करनी पड़ती है। बरसात के दिनों में जब इस नदी में बाढ़ का पानी आता है तो स्थिति और भी नरकीय हो जाती है। स्थिति ऐसी हो जाती है कि मरीज और गर्भवती महिलाओं को खाट पर डालकर नदी के उस पास स्थित सड़क तक पहुंचाया जाता है, कई दिनों तक बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। कह सकते हैं कि बरसात के दिनों में यह गांव एक टापू के रूप में तब्दील हो जाता है। इतना ही नहीं बरसात के दिनों में नदी पार करने के दौरान कई मवेशियों की मौत भी हो जाती है।

#### फरवरी 2023 में इस समस्या को प्रमुखता से किया गया था प्रसारित

जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने फरवरी 2023 में ही पुल नहीं बनाये जाने पर जनप्रतिनिधियों और राजनैतिक पार्टियों को मिडिया के माध्यम से वोट बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी ।हमारी टीम द्वारा फरवरी 2023 में यहां के लोगों की इस समस्या को प्रमुखता से प्रसारित किया गया था। जिसके बाद स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी द्वारा इस नदी पर तीन स्पेन के पुल निर्माण की अनुशंसा भी की गई लेकिन अनुशंसा हुए भी काफी वक्त गुजर जाने और इसमें कोई प्रगति नहीं दिखने के कारण यहां के लोगों के सब्र का बांध धीरे-धीरे टूट रहा है। शनिवार को भारी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण नारायणा नदी पर जुटे और एकबार फिर मीडियाकर्मियों के सामने अपनी बातों को रखा। इस संबंध में ग्रामीण खेमलाल पंडित ने बताया कि आजादी के बाद से ही नारायण नदी पर पुल निर्माण के लिए यहां के लोग तरस रहें हैं। बाबूलाल मरांडी, अन्नपूर्णा देवी,राजकुमार यादव को भी समस्या से अवगत करवाया गया लेकिन उन्होंने भी कोई ध्यान नहीं दिया। लिहाजा जब वोट देने से हमारा भला ही नहीं होगा तो वोट क्यों दें? वहीं उन्होंने पुल निर्माण के लिए की गई अनुशंसा को चुनावी पापड़ बताया है। विजय पंडित ने कहा कि बरसात के मौसम में कई दिनों तक बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं, मरीजों को खाट पर डालकर नदी के उस पार ले जाया जाता है। तमाम जनप्रतिनिधि केवल झूठे वादे ही करते हैं लिहाजा पुल नहीं बनेगा तो वोट नहीं देंगे। ग्रामीण बसंती देवी ने कहा कि जब से वे विवाहित होकर इस गांव में आयीं हैं तब से पुल की समस्या को देख रही हैं। चुनाव के समय नेता और उनके प्रतिनिधि वोट मांगने आते हैं, तमाम तरह के वादे भी करते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद किए गए वादों को भूल जाते हैं। कहा कि जबतक पुल नहीं बनेगा तब तक वोट नहीं देंगे। लिहाजा जहाँ चुनाव के मद्देनजर एक ओर विभिन्न राजनैतिक पार्टियां प्रचार- प्रसार में जोर-शोर से लगी हुई हैं, कई वादे किए जा रहें हैं तो वहीं दूसरी ओर इस गांव की जनता द्वारा वोट बहिष्कार करने की बात जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए वादों और विकास पर सवाल खड़ा करता है।

## न्यूज बॉक्स

### एनटीटीएफ आरडी टाटा टेक्निकल सेंटर के 5 छात्रों को टार्क रोबोटिस ने 2.80 लाख के पैकेज पर किया लॉक



**जमशेदपुर**(एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आरडी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों पुणे स्थित टार्क रोबोटिक्स कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमे सर्वप्रथान लिखित परीक्षा,छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा,तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौरवान्वित किया। पुणे स्थित टार्क रोबोटिक्स कंपनी द्वारा एनटीटीएफ के 05 छात्रों को 02.80 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। सभी छात्रों ने तीनों राउंड के सेलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनाई। सभी चयनित छात्र एनटीटीएफ के फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन मेकेट्रोनिक्स इंजीनियरिंग एंड डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के है। तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रोसेस के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स(04)से टियासा डे मेकेट्रोनिक्स(15)से प्रेम कुमार दत्ता,नितिन कुमार,निखिल कुमार,राहुल प्रसाद को चुना गया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जादूगोड़ा में मतदाता पर्ची का वितरण तेज



**जादूगोड़ा।** लोकसभा चुनाव को लेकर जादूगोड़ा में मतदाता पर्ची का वितरण तेज हो गया है. इधर क्षेत्र की महिला बीएलओ ने सरस्वती टुडू ने यूसील कॉलोनी अंतर्गत जादूगोड़ा सामुदायिक केंद्र की ब३थ संख्या 198 के कुल वोटर 1157 मतदाता को पर्ची बांटने में जुटी है. इसको लेकर शनिवार को गांधी मार्केट में कैंप लगाकर ईंटा भट्ठा, इंचड़ा, धर्मडीह के लोगों की मतदाता पर्ची का वितरण किया.उन्होंने लोगों से भारी संख्या में वोट देने मतदान केन्द्र तक आने की अपील की. बीएलओ सरस्वती टुडू कहती है. इस बात 80 प्रतिशत वोटिंग करने का लक्ष्य हर बूथ पर रखी गई है. इसकी वजह से घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाई जा रही है. यह अभियान बीते 8 मई से चलाई जा रही है, जो लगातार चलाई जा रही है.

### भाजपा प्रत्याशी को 3 लाख मतों के अंतर से करेंगे पराजित : विधायक



**घाटशिला।** कॉलेज रोड स्थित विभूति मंच परिसर में शनिवार को महगठबंधन की बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में झामुमो, कांग्रेस, सीपीआई सहित महागठबंधन के विभिन्न दालों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे. कार्यकताओं को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि इस बार भाजपा प्रत्याशी को तीन लाख मतों से पराजित करना है. वर्ष 2019 में पूरे जिले में उनके विधायक थे. इस बार पूरे कोल्हान से भाजपा साफ है. ऐसे में सबको मिलकर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा को साफ करना है. उन्होंने कहा कि भाजपा के स्टार प्रचारक से यह सवाल करना है कि उन्होंने इन 10 वर्षों के कार्यकाल में ऐसा एक भी काम किया हो जो बताएं अन्यथा यहां से वापस जाएं.इसके अलावा उन्होंने महा गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए कई दिशा निर्देश दिए।

### महिला कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**चाईबासा।** महिला कॉलेज चाईबासा में मतदाता जागरूकता एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें महिला कॉलेज चाईबासा के प्रभारी प्राचार्या, सभी शैक्षणिक और गैर- शैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्राओं ने भाग लिया. प्रभारी प्राचार्या डॉ अंजू बाला खाखा ने मतदान के महत्व को बताया और सभी को विवेक से मतदान करने के लिए कहा. डॉ ओनिमा मानकी ने सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया. डॉ अंजना सिंह ने भी सभी को मतदान के महत्व को बताया. डॉ प्रशांत खरे ने मतदान की आवश्यकता पर महत्व दिया. मिथिलेश सिंह ने भी सभी लोगों को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया. डॉ अर्पित सुमन टोप्पो ने मतदान के प्रति जागरूक होने को कहा. ललिता सवैयां ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए. महिला कॉलेज चाईबासा के चुनाव नोडल पदाधिकारी सितेंद्र रंजन सिंह ने भी सभी लोगों को प्रत्याशी को अच्छे से जानकर मतदान करने पर बल दिया।

### कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का बलियापुर में जनसंपर्क अभियान

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शनिवार को बलियापुर प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान वह समर्थकों के साथ बरमुड़ी, शीतलपुर, बीरसिंहपुर, घड़बड़, बेलियाबाद समेत दर्जनों गांवों में गांवों में गईं और लोगों से समर्थन मांगा. कहा कि चुनाव में जनता का झुकाव कांग्रेस की ओर है और उन्हें अपार जनसमर्थन मिल रहा है. यदि वह जीत गईं, तो बलियापुर प्रखंड में व्याप्त पानी-बिजली जैसी समस्याओं का निदान करेंगी. दौरे में प्रखंड अध्यक्ष ईदू अंसारी, महिला प्रखंड अध्यक्ष सुनीता निषाद, पूर्व मुखिया खगेन महतो, आशू महतो, सुबल मल्लिक, शेख तालीम, समीरन विद, अकबर अंसारी, नसीम खान, उमाशंकर रजवार, हारून रशीद, इकलाख अंसारी, भोलानाथ भंडारी, इसराइल खान, प्रदीप पाल आदि मौजूद शामिल थे।

**वैशाख शुक्ल पंचमी के अवसर पर विशेष**

## आदिशंकराचार्यः काल निर्धारण एवं कृति

**भारत** वर्ष देवी-देवताओं के अवतारों की भूमि रही है। ईस्वी सन 2024 से 2531 वर्ष पूर्व युधिष्ठिर शक संवत 2631 वैशाख शुक्ल पंचमी, रविवार तदनुसार ईसा पूर्व 507 में भारत की पवित्र भूमि पर केरल राज्य के एनार्कुलम जिलांतर्गत काल्टी गांव में एक ऐसी महान विभूति का अवतार हुआ, जिनकी प्रसिद्धि विश्व स्तर पर सार्वभौम धार्मिक गुरु आदिशंकराचार्य के रूप में हुई। उनके पिता शिवगुरु एवं माता आर्याम्बा की कोई संतान नहीं थी। उनकी उपासना से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने स्वयं उन्हें उनके पुत्र के रूप में अवतार लेने का वरदान दिया। इसी कारण इनका नाम शंकर रखा गया था। यह एक विडंबना ही है कि अनेक ग्रंथों तथा घटनाक्रमों के आधार पर शिवावतार भगवत्पाद आदिशंकराचार्य महाभाग का अवतार यद्यपि ईसा पूर्व 507 वर्ष सिद्ध है, तथापि विदेशी षड्यंत्र के अंतर्गत इसे विवादित बना दिया गया। किसी भी देश के इतिहास में उसके पूर्वजों की उपलब्धियों का भी सविस्तार उल्लेख होता है, जो वहां के लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत तथा गौरव का आधार बनता है। किंतु भारत में सदियों तक आक्रांता मुगलों तथा अंग्रेजों का शासन रहा। इन शासकों ने यहां की संस्कृति, परंपरा तथा गौरवशाली अतीत को नष्ट करने तथा अपने अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए यहां के गौरवमय इतिहास को नष्ट करते हुए इसे गलत ढंग से तैयार करवाया। शिवावतार भगवत्पाद आदिशंकराचार्य महाभाग के अवतारकाल के साथ भी ऐसा ही हुआ। ईसा मसीह के जन्म के पूर्व किसी सार्वभौम धार्मिक गुरु होने की सच्चाई को अंग्रेज आत्मसात नहीं कर सके। अतः षडयंत्रपूर्वक आदिशंकराचार्य महाभाग के अवतारकाल को ईसा पूर्व 507 वर्ष की जगह आठवीं शताब्दी प्रचारित-प्रसारित करवा दिया गया। परिणाम यह हुआ कि भारत के तथाकथित शिक्षित महानुभव एवं शिक्षण संस्थाएं भी अंग्रेजों के इस षड्यंत्र को न समझकर आदि शंकराचार्य महाभाग के अवतारकाल को आठवीं शताब्दी मानने के पूर्वाग्रह से ही ग्रस्त हैं। ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्री गोवर्द्धनमठ पुरी के वर्तमान 145वें श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य महाभाग ने लगभग 1,100 पृष्ठों में विरचित 'शिवावतार भगवत्पाद आदिशंकराचार्य' नामक ग्रंथ में आदिशंकराचार्य के अवतारकाल के संबंध में ग्रंथों, घटनाओं एवं मान्यताओं का विस्तृत वर्णन करते हुए आदिशंकराचार्य महाभाग का अवतार ईसा पूर्व 507 वर्ष प्रमाणित किया है। उन सबका उल्लेख तो इस लेख में संभव नहीं है, तथापि पाठकों की जिज्ञासा की शांति एवं तथ्य की प्रामाणिकता के लिए कुछ प्रमाणों को यहां संक्षेप में सूत्रशैली में प्रस्तुत किया जा रहा है। बृहच्छंकरविजय के अनुसार आदिशंकराचार्य के गुरुदेव यतीन्द्र श्रीगोविंदपद्मपादाचार्य भगवत्पाद का देहावसान युधिष्ठिर शक 2646, प्लवंग संवत्सर, कार्तिक पूर्णिमा, बृहस्पतिवार को हुआ था। अतः आदिशंकराचार्य का अवतार तथा संन्यास ग्रहण युधिष्ठिर शक 2646 के पूर्व ही होना सुनिश्चित है। अतएव उनका अवतार ईसा के बाद होना हास्यास्पद है। श्री वासुदेव अभ्यंकर द्वारा रचित अद्वैतामोद के अनुसार श्रीभगवत्पाद का जन्मकाल युधिष्ठिर संवत 2631 तथा 32 वर्ष की आयु में तिरोधान काल (देहावसान) युधिष्ठिर संवत 2663 है। युधिष्ठिर संवत से कलि संवत 36 से 37 वर्ष बाद आरंभ हुआ था। अभी ईस्वी सन 2024 में कलि संवत 5125 है। अतएव आदिशंकराचार्य भगवान का अवतार अभी से 5125 - 2594 = 2531 वर्ष पहले हुआ, जो ईस्वी सन 2531 - 2024 = 507 वर्ष पूर्व होता है। 'भविष्योत्तर' में भी आदिशंकराचार्य भगवान का जन्म युधिष्ठिर संवत 2631 ही वर्णित है। द्वारका शारदा पीठ के प्रथम शंकराचार्य श्रीमज्जगद्गुरु सुरेश्वराचार्य के साक्षात पट्टशिष्य श्री चित्सुखाचार्य ने भी अपने ग्रंथ 'शंकर विजय' में भगवत्पाद का आविर्भाव युधिष्ठिर संवत 2631 में ही उद्घोषित किया है। जैनों के अभिमत 'जिनविजय' के अनुसार तथा 'पुण्यश्लोकमंजरी' के अनुसार भगवत्पाद का निर्वाण युधिष्ठिर संवत 2662 सिद्ध है। इस प्रकार उससे 31 वर्ष पूर्व युधिष्ठिर संवत 2631 ही उनका जन्मकाल सिद्ध होता है। भगवत्पाद ने युधिष्ठिर संवत 2651 में अर्थात ईसा पूर्व 487 वर्ष में नेपाल की भी यात्रा की थी।

**- चंद्रभूषण पाठक**

# प्रेम का आदि उद्गम स्थल है मातृत्व



ललित गग




**संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। विश्व के विभिन्न भागों में मातृत्व दिवस अलग-अलग दिन एवं अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। जापान में, माताओं को उपहार में दिया गया कार्नेशन प्यार और कृतज्ञता का प्रतीक है, जबकि इथियोपिया के परिवार बड़े उत्सव की दावतों के लिए इकट्ठा होते हैं। नेपाल में माता तीर्थ औंसी नामक एक विशेष धार्मिक त्योहार मनाया जाता है।**

**मातृ** दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का वैश्विक उत्सव है जो माताओं और मातृतुल्य विभूतियों का सम्मान करता है, माताओं के द्वारा अपनी संतान, परिवार और समाज के लिए उनके बलिदान, अमूल्य योगदान और समर्पण को याद करने, सम्मान देने एवं पूजने का पवित्र दिन है। मातृत्व दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस अन्ना जार्विस द्वारा स्थापित किया गया था, जो उनकी अपनी मां के मानवीय कार्यों के प्रति समर्पण से प्रेरित था, 1914 में राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में नामित किया, जिसे बाद में अन्य देशों ने अपनाया। मां के उपकार इतने बड़े है कि इंसान अगर पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दे तो मां के ऋण से उऋण नहीं हो सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। विश्व के विभिन्न भागों में मातृत्व दिवस अलग-अलग दिन एवं अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। जापान में, माताओं को उपहार में दिया गया कार्नेशन प्यार और कृतज्ञता का प्रतीक है, जबकि इथियोपिया के परिवार बड़े उत्सव की दावतों के लिए इकट्ठा होते हैं। नेपाल में माता तीर्थ औंसी नामक एक विशेष धार्मिक त्योहार मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद तीन-चार दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। 'मां' शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है। हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मां की महिमा को उजागर करते हुए कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था मेरे जीवन का जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी।' एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। अब्राहम लिंकन का मां के बारे में मार्मिक कथन है कि जो भी मैं हूँ, या होने की उम्मीद है, मैं उसके लिए अपने प्यारी माँ का कर्जदार हूँ। किसी औलाद के लिए 'माँ' शब्द का मतलब सिर्फ पुकारने या फिर संबोधित करने से ही नहीं होता बल्कि उसके लिए माँ शब्द में ही सारी दुनिया बसती है, दूसरी ओर संतान की खुशी और उसका सुख ही माँ के लिए उसका संसार होता है। क्या कभी आपने सोचा है कि ठोकर लगने पर या मुसीबत की घड़ी में माँ ही क्यों याद आती है क्योंकि वो माँ ही होती है जो हमें तब से जानती है जब हम अजन्में होते हैं। बचपन में हमारा रातों का जागना, जिस वजह से कई रातों तक माँ सो भी नहीं पाती थी। वह गिले में सोती और हमें सूखे में सुलाती। जितना माँ ने हमारे लिए किया है उतना कोई दूसरा कर ही नहीं सकता। जाहिर है माँ के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक दिन नहीं बल्कि एक सदी, कई सदियां भी कम है। माँ अपने आप में पूर्ण संस्कारवान, मनुष्यत्व व सरलता के गुणों का सागर है। माँ जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि पालन-पोषण करने वाली जीवन-निर्मात्री भी है। मां तो ममता की सागर होती है। लेकिन माँ की इस ममता को नहीं समझने वाले कुछ आधुनिक बच्चे यह भूल बैठते हैं कि इनके पालन-पोषण के दौरान इस माँ ने कितनी कठिनाइयां झेली होगी। मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, वरना सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है। किन्तु त्याग की यह चरमता ही मां अर्थात नारी जाति की शत्रु बन गयी। समाज पुरुष प्रधान होता गया और नारी का अवमूल्यन होता गया। धीरे-धीरे वह पुरुष की उपभोग्या, उसके 'चरणों की दासी' बनकर रह गयी। शिक्षा-आत्मसम्मान वंचिता दासी की संतति महान कैसे हो सकती है? उसमें तो दास सुलभ चारित्रिक प्रवृत्तियां आएंगी ही। अतः नारी के अवमूल्यन के साथ-साथ पुरुष जाति का नैतिक अधःपतन होता गया। मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# वक्फ बोर्ड या मुस्लिम तुष्टीकरण : इस घटना ने फिर चिंता में डाला



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**मध्य** प्रदेश के भोपाल में वक्फ बोर्ड से जुड़ा एक मामला सामने आया है। कहने को यह राजधानी का केंद्र है लेकिन यहां खुले तौर पर इस्लामवादियों ने बीच शहर में सरकारी एवं निजी सम्पत्ति पर जबरन कब्जा, नव बहार सब्जी मंडी की बिल्डिंग के पास कर लिया है और बोर्ड भी चस्पा कर दिया है। जिसमें कि यहां बने हिंदू अनाथालय की भूमि पर कब्जा करने की तैयारी की जा रही है। कुछ लोगों को प्रलोभन दिया जा रहा है और कुछ को डर दिखाया जा रहा है। पता चला है वक्फ के नाम पर वसूली भी चालू है। वस्तुतः इस घटना ने आज एक बार फिर चिंता ने डाल दिया है और यह सोचने के लिए विवश किया है कि न जाने भारत में इस प्रकार के कितने स्थान और संपत्तियां होंगी जहां वक्फ बोर्ड से जुड़े लोग इसी तरह से कब्जा कर उसे आगे हमेशा के लिए वक्फ की संपत्ति घोषित कर देने का काम कर रहे हैं। वास्तव में यह मामला इतना महत्व का है कि केंद्र सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया है कि वक्फ अधिनियम, 1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग 120 याचिकाएं देश भर की विभिन्न अदालतों के समक्ष लंबित हैं। अधिकांश में भारत के विधि आयोग को अनुच्छेद 14 और 15 की भावना में 'ट्रस्ट-ट्रस्टी और चैरिटी-चैरिटेबल संस्थानों के लिए एक समान कानून' का मसौदा तैयार करने के लिए कहा गया है। दरअसल, वक्फ को संसद से मिली शक्तियां आज भारत में एक आम इंसान के मन में यह डर पैदा कर रही हैं कि कहीं कभी उसकी संपत्ति की बारी न आ जाए और वक्फ उस पर अपना दावा न ठोक दे। मध्य प्रदेश के भोपाल में ऐसे ही एक प्रकरण का जिक्र यहां बनी मनोहर डेरी के सामने ईसराणी मार्केट से लगी हुई नगर निगम/ सरकारी 27000 वर्गफीट जमीन का है। पुराने शहर के बीचों बीच अरबों रुपये की इन जमीनों को लेकर वक्फ पर आरोप है कि उसने जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। कहने वाले कह रहे हैं कि अकेले मध्य प्रदेश में इस प्रकार के अनेकों केस हैं, फिर देश में क्या स्थिति होगी। वक्फ बोर्ड की मनमानी को अदालतों में चुनौती देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता दिग्विजयनाथ तिवारी सही कहते हैं, ''वक्फ बोर्ड को मिले अधिकारों में कटौती करने की जरूरत है, क्योंकि वक्फ बोर्ड द्वारा जमीन कब्जाने का षड्यंत्र 2013 के बाद से और तेज हो गया है। इसी साल सोनिया-मनमोहन सरकार ने वक्फ बोर्ड को अपार शक्तियां दे दी थीं। कांग्रेस की इस सरकार ने वक्फ कानून 1995 में संशोधन कर उसे इतना घातक बना दिया कि वह किसी भी संपत्ति पर दावा करने लगा है। यह आप इससे भी समझ सकते हैं कि आज भारत में सशस्त्र बल और रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड तीसरा सबसे बड़ा जमींदार है। वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया के डेटा के अनुसार देश में वक्फ बोर्ड के पास 8 लाख 54 हजार से अधिक संपत्तियां हैं, जोकि आठ लाख एकड़ से ज्यादा है।'' वस्तुतः इस एतिहासिक सत्य को किसी को नहीं भूलना चाहिए कि 1945 में ही बहुत लोगों को लगने लगा था कि अब पाकिस्तान बन कर रहेगा। जिसमें 'मुस्लिम लीग' पूरी तरह से आश्वस्त थी कि चाहे जो भी हो, वह मजहब के आधार पर भारत का विभाजन करा लेगी। इसलिए उस समय के अधिकतर मुस्लिम नवाबों और जमींदारों ने जो पाकिस्तान के पक्ष में थे, अपनी संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए एक चाल चली। इसके तहत हर जमींदार और नवाब ने अपनी संपत्ति का वक्फ बना दिया और भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए। लेकिन यह कोई नहीं जानता था कि जिन लोगों ने पाकिस्तान बनाने में जिन्ना और अली बन्धुओं जैसे तमाम लोगों का साथ दिया, भारत में छूटी उनकी संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित करने के बजाय उसे वक्फ की घोषित कर दिया जाएगा। तत्कालीन कांग्रेस की नेहरू सरकार ने यही किया। एक अनुमान के अनुसार 6-8 लाख वर्ग किलोमीटर जमीन वक्फ बोर्ड के पास गई थी, जबकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत विभाजन के समय पाकिस्तान को 10,32,000 वर्ग किलोमीटर भूमि दी गई थी। यानी मुसलमानों ने पाकिस्तान देश के नाम पर भी जमीन ली और वक्फ के नाम पर भी लाखों वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया। यही नहीं, बाद में सरकारी और गैर-सरकारी जमीन पर भी मजार, मस्जिद और मदरसे बनाकर वक्फ की संपत्ति बढ़ाना इसने अब तक जारी रखा हुआ है। पिछले साल सांसद हरनाथ सिंह ने वक्फ बोर्ड अधिनियम 1995 को खत्म करने के लिए एक निजी विधेयक संसद में पेश किया था । उनकी बताई दो घटनाओं का जिक्र करना यहां पर्याप्त होगा। तमिलनाडु के त्रिचि जिले के गांव में डेढ़ हजार आबादी है, उसमें कुल और मात्र सात-आठ घर मुस्लिमों के हैं और पड़ोस में ही एक भगवान शंकर जी का मंदिर है जो डेढ़ हजार साल पुराना है। वक्फ बोर्ड ने उस गांव की पूरी संपत्ति पर अपना दावा ठोक दिया और सबको खाली करने का नोटिस कलेक्टर के यहां से पहुंचा दिया गया। कागजात से भी संपत्ति खारिज हो गई। इस गांव की अधिकतर आबादी गरीब है, ऐसे में जब इस गांव के हिन्दू लोग थक हार गए तो उन्हें एक ऑप्शन देते हुए मुस्लिम धर्म स्वीकार करने के लिए कहा गया। इस्लामवादियों ने सुझाव दिया, मुस्लिम बनने पर उनकी जमीन बच जाएगी। उनका दिया दूसरा उदाहरण महाराष्ट्र के सोलापुर जिले का है, जहां एक बस्ती में 250 के करीब हिन्दू अनुसूचित जाति वर्ग के लोग रहते हैं, उनके पास एक नोटिस उनकी जमीन को खाली करने का आया कि वो जहां रह रहे हैं वो वक्फ बोर्ड की जमीन है। बस्तीवाले दर-दर भटकते रहे, लेकिन कहीं उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी, तब उनको भी इस्लाम अपनाकर मुसलमान बन जाने का ऑफर दिया गया। वस्तुतः इन दोनों ही मामलों की प्रकृति देखकर समझा जा सकता है कि यह विषय कितना गंभीर है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष**

## नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल को नमन



योगेश कुमार गोयल

**दया** और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है। 12 मई को उनकी 204वीं जयंती है। उनके सम्मान में सारी दुनिया हर साल 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाती है। इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों का सम्मान भी किया जाता है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार ने 1973 में नर्सों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की। यह पुरस्कार हर साल अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटैलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रेंच भाषा सीखी। इतिहास और दर्शन शास्त्र का अध्ययन किया। अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्किये भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटीं, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# भारत में अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक असंतुलन चिंताजनक



हृदयनारायण दीक्षित



**प्रधानमंत्री** की आर्थिक सलाहकार परिषद ने मुस्लिम संख्या वृद्धि के तथ्य उद्घाटित किए हैं। सलाहकार परिषद स्वतंत्र निकाय है। यह समय-समय पर तथ्य व आंकड़ों के आधार पर भिन्न-भिन्न विषयों पर परामर्श देती है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों के जनसांख्यकीय चरित्र का अध्ययन किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी देश में बहुसंख्यक आबादी की बढ़त नहीं दिखाई पड़ी है लेकिन कई देशों में अल्पसंख्यक आबादी की बढ़त पाई गई है। भारत में मुस्लिम आबादी की संख्या बढ़ी है। मुस्लिम संख्या वृद्धि के ताजा आंकड़ों को लेकर देश में खासी बहस चल रही है। भारत में हिन्दू-मुस्लिम सहअस्तित्व सामाजिक पुनर्गठन की बड़ी चुनौती रहा है। गांधी जी ने हिन्दू-मुस्लिम सहअस्तित्व के लिए आजीवन काम किया और अंत में कहा कि इस प्रश्न पर मेरी हार हुई। मुस्लिम राजनीति अन्य पंथों पर आक्रामक रही है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। गांधी जी ने मोहम्मद अली जिन्ना से पाकिस्तान की मांग न करने और साथ-साथ रहने का आग्रह किया था। इस सम्बंध में उन्होंने जिन्ना को (15 सितंबर 1944) पत्र लिखा था। उन्होंने जिन्ना से पूछा था कि, ''मजहब के अलावा हिन्दू और मुसलमान में क्या कोई और भी भेद है? मुसलमान शेष भारतवासियों से क्यों अलग हैं?'' जिन्ना ने जवाबी पत्र (17 दिसम्बर 1944) में लिखा था, ''हम मानते हैं कि मुसलमान और हिन्दू देश की किसी भी परिभाषा के आधार पर अलग-अलग कौमें हैं। हमारी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, साहित्य, कला, कानून, परम्परा व इतिहास अलग-अलग है। जीवन के प्रति हमारा नजरिया भी अलग है। हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर अलग राष्ट्र हैं।'' यह मुस्लिम लीग और जिन्ना का घोर साम्प्रदायिक दृष्टिकोण था। इस साम्प्रदायिकता के दृष्टिकोण को माने तो हिन्दू-मुसलमान जब मिलकर रहते थे, तब भी मुसलमान अलग राष्ट्र थे। भारत के भीतर दो राष्ट्र थे। यह सोच अलगाववादी थी। वस्तुतः भारत प्राचीन काल से ही एक संस्कृति आधारित राष्ट्र है। साम्प्रदायिक राजनीति स्वयं को अलग राष्ट्र मानती रही है। मजहब आधारित जनसंख्या में बढ़त इसीलिए चिन्ता का विषय है। मजहब के आधार पर अलग राष्ट्र की मांग करना, इसके लिए लाखों लोगों की हत्या हिंसा किसी भी सूरत में उचित नहीं हो सकता। यह मानवता के विरुद्ध अपराध है। जनसंख्या के आधार पर ही मुस्लिम लीग ने अलग देश मांगा। भयंकर रक्तपात हुआ। इसलिए साम्प्रदायिक आबादी की बढ़त की कोई भी सूचना देश को चिन्ता में डाल देती है। आंकड़ों के निष्कर्ष सत्य के उद्घाटन के लिए पर्याप्त हैं। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिन्दू आबादी 84.44 प्रतिशत थी और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों की इस संख्या में आज के पाकिस्तान और बांग्लादेशी मुस्लिम भी सम्मिलित थे। फिर देश का बंटवारा हुआ। भारत स्वतंत्र हुआ। कुल मुस्लिम आबादी की संख्या में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या घट गई। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में हुई। तब पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिन्दू जनसंख्या का अनुपात 87.24 हो गया। मुस्लिम आबादी घटकर 10.43 हो गई। लेकिन 50 वर्ष बाद 2001 की जनगणना में हिन्दू घटकर 84.21 प्रतिशत हो गए। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। आबादी के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने अलग देश की मांग की थी और पाकिस्तान अस्तित्व में आया था। इस तरह की जनसंख्या बढ़त से एक और मजहबी साम्प्रदायिक देश की जनसंख्या तैयार हो गई है। साम्प्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। साम्प्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं, उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है। कट्टरपंथी मजहबी राजनीति की मांगें खतरनाक हैं। वे तुष्टीकरण की साम्प्रदायिक राजनीति को सेकुलर कहते हैं। वस्तुतः सेकुलर विचार में आस्था और अंधविश्वास नहीं होने चाहिए। मजहबी राजनीति सेकुलर हो ही नहीं सकती। इस्लामी विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप के अनुसार, ''दूसरे पंथों के विपरीत इस्लाम में सामाजिक जीवन के परिचालन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है। दूसरे पंथ केवल मौलिक मूल्यों के ही उपदेश देते हैं और भौतिक विषयों पर समय अनुसार विधान और नियम बनाने का काम समाज पर छोड़ देते हैं। इस्लामी राजनैतिक चिन्तन सुस्पष्ट ध्येय निर्धारित करता है। सभी मुसलमानों को इन नियमों का पालन अनिवार्य है। दूसरे पंथों में राजनीतिक क्रियाकलापों के लिए लिखित आदेश नहीं है। मुस्लिम विश्वास में ईश्वर पर विश्वास के साथ ही उनके पवित्र कानून भी हैं। यह कानून 'शरियाह्य कहा जाता है। यह राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। इस्लामी राजनीति में मजहब की प्रचंड प्रेरणा है।'' (प्रोफेसर डेनियल पाइप-'इन द पाथ ऑफ गॉड' पृष्ठ तीन) गांधी जी हिन्दू-मुसलमान की साझा राष्ट्रीयता चाहते थे। वे असफल रहे। डॉक्टर आम्बेडकर हिन्दू-मुसलमान के पक्ष पर गांधी जी से असहमत थे। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है, ''गजनी के मोहम्मद ने भारत पर अपने अनेक हमलों को जेहाद छेड़ने की संज्ञा दी थी।'' मोहम्मद के इतिहासकार अल उतबी ने उसके हमले के बारे में लिखा था, ''उसने मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ा और इस्लाम की स्थापना की। उसने शहरों पर कब्जा किया, नापाक कमीनों को मार डाला। मूर्ति पूजकों को तबाह किया और मुसलमानों को गौरवान्वित किया। तदुपरांत वह घर लौटा और इस्लाम के लिए की गई विजयों का ब्योरा दिया और यह संकल्प व्यक्त किया कि वह हर वर्ष हिन्द के खिलाफ जेहाद करेगा।'' यही स्थिति अन्य हमलों की भी है। हजारों मंदिर तोड़े गए थे। श्रीराम जन्मभूमि, ज्ञानवापी काशी और मथुरा की घटनाओं के प्रसंग इस समय भी ताजा हैं। यूरोप के अनेक देश मुस्लिम आक्रामकता को लेकर चिन्तित हैं। फ्रांस में पैगम्बर का कार्टून बनाने को लेकर भयानक हिंसा हुई। डेनमार्क में भी ऐसी ही साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी। पाकिस्तान में ईश निंदा कानून के अंतर्गत ढेर सारे गैर मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर भी इसी तरह का हमला हुआ था। इसलिए जनसंख्या की बढ़त को लेकर चिन्ता स्वाभाविक है। भारत के लिए यह और भी चिन्ता का विषय है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही देश टूटा था। अपनी इच्छा अनुसार जीवन ध्येय निर्धारित करना प्रत्येक मनुष्य का अधिकार है। विवेक आधारित जीवन रस का आस्वाद प्रत्येक मनुष्य की अभिलाषा है। अपने अनुभव और विश्वास के अनुसार जीने का अधिकार स्वाभाविक है। इसलिए कि प्रत्येक मनुष्य अद्वितीय है। अनूठा भी। किसी की जीवन पद्धति में हस्तक्षेप न करना और सबको अपने ढंग से जीवन जीने का अवसर मिलना प्राकृतिक न्याय है। दुनिया को सुन्दर बनाने की यह न्यूनतम शर्त है, लेकिन साम्प्रदायिक मजहबी राजनीति अपने मत को श्रेष्ठ और बाकी को 'इनकार करने वाला' मानती है और इनकार करने वालों के लिए सजा का औचित्य भी सिद्ध करती है। मुस्लिम जनसंख्या की बढ़त के प्रभाव का विवेचन जरूरी है। यह चिन्ता मुस्लिमों के विरुद्ध नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# देश को तानाशाही से बचाने की जरूरत : केजरीवाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद पहली बार शनिवार को पत्रकार वार्ता की। इसमें उन्होंने देश को तानाशाही से बचाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अपनी राजनीतिक विरासत अमित शाह को सौंप देंगे। राउज एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सांसद संजय सिंह और दिल्ली सरकार के मंत्रियों सहित अन्य नेता मौजूद थे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता में वापसी के साथ एक देश, एक नेता वाली स्थिति बन जाएगी। वे देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल देंगे जैसे उन्हें जेल में डाला गया। उन्होंने ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे और एमके स्टालिन का नाम लेते हुए कहा कि इन्हें जेल में डाला जाएगा।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पार्टी के नेताओं को ही साइडलाइन कर दिया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पद से हटा दिया। वे जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पद से हटा देंगे। उन्होंने भाजपा में 75 वर्ष की आयु के नियम का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 75 साल का होने के बाद अगले साल अपना पद छोड़ देंगे क्या।

## मोदी 2029 तक ही नहीं उससे आगे भी देश का नेतृत्व करते रहेंगे : अमित शाह



**हैदराबाद/नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिटायरमेंट को लेकर अरविंद केजरीवाल के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और इंडी अलायन्स वालों को खुश होने की जरूरत नहीं है। मोदी 2029 तक ही नहीं, उससे आगे भी भाजपा और देश का नेतृत्व करते रहेंगे। अमित शाह लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को हैदराबाद में पत्रकार वार्ता में कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी और पूरे इंडी गठबंधन से यह कहना चाहता हूं कि मोदी 75 साल के हो जाएं, इससे आपको आनंदित होने की जरूरत नहीं है।

## केजरीवाल ने पत्नी और पंजाब सीएम के साथ हनुमान मंदिर में की पूजा अर्चना



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से अंतरिम बेल पर बाहर आने के बाद शनिवार को सबसे पहले परिवार और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधिवत मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान पार्टी नेताओं में पंजाब के सीएम भगवंत मान, सांसद संजय सिंह, मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज और बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक मौजूद थे। इससे पहले मंत्री गोपाल राय भी हनुमान मंदिर पहुंचे थे। मंदिर से निकलने के बाद अरविंद केजरीवाल पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे जहां पर आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ बैठक होगी और उसके बाद एक प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया जाएगा।

## केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट की शर्तों का मखौल उड़ाकर अदालत की अवमानना की : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने अरविंद केजरीवाल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत देते समय कुछ शर्तें लगाई थी, जिन शर्तों का मखौल उड़ाकर दिल्ली के सीएम ने अदालत के निर्णय की अवमानना की है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह अपने आप में अनोखा मामला है कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल पर अपना लाइव लोकेशन भी शेयर करने की शर्त लगाई है। कोर्ट ने यह स्पष्ट कहा था कि यह अंतरिम जमानत केस के मेरिट के ऊपर कोई फैसला नहीं है और केजरीवाल बाहर निकल कर केस के बारे में कोई बयान नहीं देंगे।

# चारधाम यात्रा : बदरीनाथ धाम के कपाट आज श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलेंगे



**देहरादून।** उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई (रविवार) को प्रातः छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। चारधामों में से तीन धाम केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को खुल चुके हैं। मंदिर समिति की ओर से बदरीनाथ के कपाट खुलने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री धाम पहुंच गये हैं। धाम में मौसम सर्द बना हुआ है।

कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार पूर्वाह्न 11 मई को योग बदरी पांडुकेश्वर से श्री उद्धव और श्री कुबेर सहित आदि गुरुशंकराचार्य की पवित्र गद्दी और बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा दोपहर को बदरीनाथ धाम पहुंची। लामबगड़, हनुमान चट्टी, बदरीनाथ मंदिर के निकट देवडोलियों का स्वास्तिवाचन और फूल वर्षा से स्वागत हुआ। कपाट खुलने के कार्यक्रम के अनुसार 12 मई सुबह चार बजे से मंदिर समिति पदाधिकारी, धर्माधिकारी वेदपाठी हक हकूक धारी मंदिर परिसर में मंदिर के द्वार पूजन को पहुंचेंगे।

बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से कपाट खुलने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। कपाट खुलने के अवसर के लिए बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश के सहयोग से पुष्पों से सजाया जा रहा है। रात्रि तक मंदिर को सजाने का कार्य चलता रहेगा। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गये हैं और भी तीर्थयात्रियों पहुंचने का क्रम जारी है। दानीदाताओं की ओर से जगह-जगह भंडारे भी आयोजित हो रहे हैं। बदरीनाथ में मौसम सर्द है और दूर पर्वतों पर बर्फ साफ नजर आ रही है। मंदिर के आसपास और सड़क की बर्फ गल चुकी है, दिन में धूप लगी हुई है।

बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ.हरीश गौड़ के मुताबिक कल सोमवार 12 मई को प्रातःपांच बजे से रावल धर्माधिकारी, वेदपाठी मंदिर द्वार पूजन करेंगे और कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। ठीक छह बजे मंदिर गर्भ गृह के भी द्वार खुलेंगे और मां लक्ष्मी गर्भ गृह से मंदिर परिक्रमा स्थित अपने मंदिर में विराजमान हो जाएंगी। कुबेर जी बामणी गांव से आकर मंदिर परिसर से उद्धव जी के साथ ही मंदिर गर्भगृह में स्थापित हो जाएंगे। प्रातः छह बजे भगवान की चतुर्भुज मूर्ति से घृत कंबल की अलग कर अभिषेक पश्चात भगवान बदरीविशाल के श्रृंगार दर्शन होंगे और संपूर्ण बदरीश पंचायत उद्धव जी, कुबेर जी, नारद जी नर नारायण के दर्शन शुरू हो जायेंगे। बदरीनाथ धाम मंदिर परिक्रमा स्थित गणेश जी, घंटाकर्ण जी आदि केदारेश्वर जी आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर, माता मूर्ति मंदिर और तपोवन सुभाई (जोशीमठ) स्थित भविष्य बदरी मंदिर के भी कपाट इस यात्रा काल के लिए दर्शनार्थ खुल जायेंगे। पांडुकेश्वर में रात्रि प्रवास के पश्चात आज 11 मई को योग बदरी पांडुकेश्वर से उद्धव जी और कुबेर जी सहित आदि गुरु शंकराचार्य की पवित्र गद्दी और बदरीनाथ धाम के रावल के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा सायंकाल को बदरीनाथ धाम पहुंच गयी है।

## यमुनोत्री धाम : पहले ही दिन दो श्रद्धालुओं की मौत

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2024 का विधिवत शुभारंभ 10 मई से हो गया। अक्षय तृतीया पर तीन धामों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस बीच यात्रा के पहले दिन यमुनोत्री धाम में 2 श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत हो गई। यात्रा शुरू हुए अभी एक दिन ही हुआ था कि पहले ही दिन यमुनोत्री धाम में 2 श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। एक श्रद्धालु की पहचान मध्य प्रदेश के सागर जिले के रामगोपाल और दूसरे की उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की विमला देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की शाम अलग अलग स्थानों पर हार्ट अटैक से श्रद्धालुओं की मौत हो गई। एसएचओ संतोष सिंह कुंवर ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है।

## इजरायली सेना का दावा, रफा में नहीं है हमास नेता अल-सिनवार

**तेल अवीव।** इजरायली मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हमास नेता याह्या अल-सिनवार दक्षिणी गाजा के रफा में नहीं है। ताजा खुफिया अनुमान के अनुसार, माना जा रहा था कि हमास नेता रफा से लगभग आठ किलोमीटर उत्तर में खान यूनिस क्षेत्र में सुरंगों में छिपा हुआ है। एक महीने पहले इजरायल की सेना खान यूनिस से हट गई थी। हफ्ते की शुरूआत में, यह रफा के पूर्वी बाहरी इलाके की ओर बढ़ा। इजरायल ने अल-सिनवार और उसके डिप्टी मोहम्मद डेफ को पकड़ने या मारने का मकसद बना लिया है। मार्च में, सेना ने गाजा में तीसरे सबसे वरिष्ठ हमास नेता मारवान इस्सा की हवाई हमले में हत्या की पुष्टि की। हालांकि, हमले के मास्टरमांइड नंबर एक और दो, अल-सिनवार और डेफ नहीं मिले। अल-सिनवार को पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले का प्रमुख योजनाकार माना जाता है। हमलों में फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने लगभग 1,200 इजरायलियों को मार डाला और 200 से ज्यादा लोगों को पकड़ कर गाजा ले आए।

## यूक्रेन ने कहा, रूस के साथ युद्ध अगले दो महीने बहुत भारी

**कीव।** यूक्रेनी ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर अलेक्जेंडर पावलियुक ने कहा है कि अगले दो महीनों में देश को युद्ध की गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने शुक्रवार को कहा कि रूस लुहान्स्क और डोनेट्स्क क्षेत्रों में हमलों पर फोकस कर रहा है, वह खार्किव और सुमी क्षेत्रों के उत्तर पूर्वी जिलों पर भी हमला कर सकता है। पावलियुक ने कहा, रूस जानता है कि अगर हमें एक या दो महीने के भीतर पर्याप्त हथियार मिल गए, तो स्थिति उनके खिलाफ जा सकती है। उन्होंने कहा, यूक्रेन को तत्काल अपनी वायु रक्षा को मजबूत करने की जरूरत है।

## उत्तराखंड में लगे भूकंप के झटके, दहशत



**देहरादून।** उत्तराखंड में शनिवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का केंद्र बागेश्वर जिला रहा। इसकी तीव्रता 2.8 रिक्टेयर मापी गई है। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में जोशीमठ से 40 किलोमीटर के रेंज में शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजकर 14 मिनट 20 सेकेंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई है। हालांकि तीव्रता कम होने से अधिकांश लोगों को इसका पता नहीं चल पाया, लेकिन जिस किसी ने भी भूकंप के झटके महसूस किए, वह दहशत के चलते घरों से बाहर निकल आया। भूकंप का अक्षांश 29.96 व देशांतर 79.82 दर्ज किया गया है। इससे पहले एक मई को पिथौरागढ़ व सात मई को उत्तरकाशी में तो गत 13 अप्रैल को पिथौरागढ़ में व 16 अप्रैल को हरिद्वार में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

## केरल के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा के बारे में अनभिज्ञता जताई

**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के तीन सप्ताह के विदेश दौरे पर रवाना होने के चंद दिनों बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इस बारे में अनभिज्ञता जताई है। राज्यपाल ने शनिवार को मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा के बारे में सूचित नहीं किए जाने और मीडिया द्वारा इस बारे में पूछे जाने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि यह जानकारी उन्हें मीडिया से मिली है। कोच्चि के अलुवा में शनिवार को जब मीडियाकर्मियों ने केरल के राज्यपाल से मुख्यमंत्री और उनके परिवार की विदेश यात्रा के बारे में प्रतिक्रिया जाननी चाही, तब उन्होंने व्यंग्यात्मक रूप से मीडिया को धन्यवाद दिया और कहा कि कम से कम उन्होंने इसके बारे में सूचित किया। उपराज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि इसके पहले भी विदेश यात्राओं के बारे में राजभवन को सूचना नहीं दी गई, जिसके बाद ही उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र लिखा था। इस बार उन्होंने पत्र नहीं लिखा, क्योंकि वास्तव में उन्हें सीएम की विदेश यात्राओं की जानकारी नहीं हैं।

राम मंदिर के शुद्धिकरण के बयान पर भड़की भाजपा, कहा-

## कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी समाज का किया अपमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा राम मंदिर का शुद्धीकरण करवाने को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस एक तरफ पाकिस्तान के सम्मान की बात करती है और दूसरी तरफ राम मंदिर का अपमान करती है।

भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के बयान को एससी, एसटी और ओबीसी समाज का घोर अपमान बताते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस नेता का यह बयान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा रामलला के दर्शन करने के तुरंत बाद आया है, इसलिए उनका यह बयान एसटी समाज का घनघोर अपमान है। उन्होंने कहा कि दलित समाज से आने वाले कामेश्वर चौपाल ने राम मंदिर की आधारशिला रखी, कांग्रेस ने उनका भी विरोध किया। ओबीसी समाज से आने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी कांग्रेस ने विरोध किया और अब जब आदिवासी समाज से आने वाली राष्ट्रपति ने रामलला का दर्शन किया तो कांग्रेस उनका भी विरोध कर रही है।

## प्रख्यात पंजाबी कवि और पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुरजीत पातर का निधन

**चंडीगढ़।** प्रसिद्ध पंजाबी लेखक और कवि सुरजीत पातर का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उन्होंने 79 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। लोकप्रिय कविता 'लफ्जन दी दरगाह' लिखने वाले पातर को 2012 में साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 60 के दशक के मध्य में कविता लिखना शुरू किया। उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए, दो बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे अमरिंदर सिंह ने कहा, आज एक युग का अंत हो गया... प्रसिद्ध पंजाबी लेखक और कवि पद्मश्री सुरजीत पातर साहब का आज निधन हो गया। उनके परिवार और दुनिया भर में लाखों प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

# नेपाल : राष्ट्रपति के अभिभाषण व बजट का भी विरोध करेगा विपक्ष



**एजेंसी। काठमांडू**

प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस बजट सत्र के दौरान होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट को पेश करने के दौरान अवरोध उत्पन्न करेगा। उसने सदन में सरकार के खिलाफ और अधिक सख्त लहजे में विरोध जताने का संकेत दिया है। शनिवार को नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा के निवास पर पार्टी के पदाधिकारियों, पूर्व पदाधिकारियों और शीर्ष नेताओं की अनौपचारिक बैठक में सदन में सरकार के खिलाफ कड़ा प्रतिवाद करने की रणनीति बनाई गई है। इस बैठक के बाद पार्टी के महामंत्री गगन थापा ने बताया कि सरकार के रवैये से यह स्पष्ट है कि वो ना तो गृहमंत्री का इस्तीफा मांग सकती है और ना ही सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति का ही गठन करने को लेकर गम्भीर है। थापा ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की मांग को गम्भीरता से नहीं ले रही है, जिसके कारण से हम सदन में और अधिक सख्त रुख अपनाएंगे।

इस बैठक में शामिल पार्टी संसदीय दल के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि मंगलवार को होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण और उसके दो दिन बाद आने वाले बजट का भी विरोध करने की रणनीति बन रही है। बैठक के दौरान अपना विचार रखने वाले अधिकांश नेताओं ने राष्ट्रपति द्वारा किए जाने वाले अभिभाषण में अवरोध करने की बात कही है। इन नेताओं का कहना है कि प्रमाण सहित जांच समिति में गृहमंत्री रवि लामिछाने की संलग्नता की पुष्टि होने के बाद भी प्रधानमंत्री द्वारा संसदीय जांच समिति से इनकार करना सरकार के अहंकारपूर्ण शैली को दर्शाता है। प्रमुख सचेतक लेखक ने बताया कि सोमवार को होने वाली संसदीय दल की बैठक में विरोध के स्वरूप पर निर्णय लिया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच तय करेगी तीन प्रदेश सरकारों का भविष्य

**काठमांडू।** नेपाल की तीन प्रदेश सरकारों के भविष्य का फैसला सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच करेगी। कोर्ट की अलग अलग बेंच में सुनवाई के बाद इन सभी मसलों को संवैधानिक बेंच में भेजने का फैसला किया गया है। कोशी प्रदेश में दो मुख्यमंत्रियों में से किसे आधिकारिकता प्रदान करने, गण्डकी प्रदेश में बहुमत साबित करने के दौरान स्पीकर द्वारा सरकार के पक्ष में वोट कर बहुमत की संख्या पहुंचाए जाने और सुदूर पश्चिम प्रदेश में मुख्यमंत्री की नियुक्ति में राज्यपाल की भूमिका को लेकर अब संवैधानिक बेंच फैसला करेगी।

इन तीनों मुकदमों की सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों ने बताया कि चूंकि ये सभी मसला संविधान की व्याख्या से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी सुनवाई संवैधानिक बेंच में ही की जाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष:** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**वृषभ:** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**कर्क:** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें।

**सिंह:** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्या:** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**तुला:** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक:** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर:** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कुम्भ:** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**मीन:** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

## न्यूज बॉक्स

### ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में तीन पत्रकार गिरफ्तार



**डिब्रूगढ़।** डिब्रूगढ़ जिले के नाहरकटिया इलाके में पुलिस की टीम ने अभियान चला कर धन उगाही करने के आरोप में तीन पत्रकारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र के जरिए ऑयल इंडिया लि. में मेकनिकल विभाग में नौकरी करने का आरोप लगाकर एक सैटेलाइट और दो पोर्टल चैनल के पत्रकार उपेन दास, पवन गोगोई और सुब्रत लोधन ने नाहरकटिया के बलीघाट निवासी जय कुमार दास को आनन्द होटल के एक कमरे में बंद कर ब्लैकमेलिंग कर 4 लाख 50 हजार रुपए की मांग की। तीनों पत्रकारों को जय कुमार दास ने पहले किस्त के तौर पर एक लाख रुपये गूगल पे के जरिए और 50 हजार नगद दिया। दूसरी किस्त देने के लिए जय कुमार दास ने कनाड़ा बैंक अकाउंट से तीन लाख रुपए निकला। इसकी जानकारी जय कुमार दास की पत्नी को लगी। जिसके बाद उसने स्थानीय थाने में प्राथमिक की दर्ज करायी। जय कुमार दास की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिक के आधार पर पुलिस ने तीनों पत्रकारों को ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दर्ज प्राथमिक की आधार पर तीनों पत्रकारों से सघन पूछताछ कर रही है।

### पेड़ पर मिला नाबालिग लड़की का कटा हुआ सिर

**कोडागु।** कर्नाटक से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पुलिस को शनिवार को कोडागु जिले में एक आम के पेड़ पर नाबालिग लड़की का कटा हुआ सिर मिला। सगाई टूटने के बाद गुरुवार को आरोपी प्रकाश उर्फ ओमकारप्पा (32) ने 16 वर्षीय मीणा की हत्या कर दी। यह दिल दहला देने वाली घटना जिले के कुमाबारागडिगे गांव के पास सुरलाब्बी की है। आरोपी ने पीड़िता का सिर चाकू से काट दिया और कटे हुए सिर को लेकर जंगल में चला गया। पहले ऐसी खबरें सामने आई थीं कि आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली है। हालांकि, पुलिस ने कहा कि आरोपी ने आत्महत्या नहीं की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जंगल में छिपा हुआ था। शुरूआती जांच के बाद आरोपी खुद ही पुलिस को उस स्थान पर ले गया जहां उसने लड़की का कटा हुआ सिर रखा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि पीड़िता के साथ उसकी सगाई टूट गई थी, जिसके बाद से वह परेशान था। उसने अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया कि जिस जगह उसने लड़की की हत्या की, वहां से 300 मीटर दूर स्थित एक आम के पेड़ पर सिर रख दिया। शुक्रवार को पूरे दिन डॉग स्क्वायड और पुलिस कर्मियों ने सर्च अभियान चलाया लेकिन कटा हुआ सिर नहीं मिला।

### शोपियां में आतंकवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। पुलिस ने बताया, पुलिस ने सेना (44 आरआर) और सीआरपीएफ (14वीं बटालियन) के साथ मलिक चक क्रॉसिंग पर स्थित एक चेकपॉइंट पर दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सहयोगियों की पहचान शोपियां के बाबा मोहल्ला निवासी सुहैब इकबाल मलिक और तुफैल यूसुफ मलिक के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### दामाद ने पत्नी एवं सास सहित चार को मौत के घाट उतारा

**पटना।** बिहार में मधुबनी जिले के झंझारपुर में एक सनकी दामाद ने अपने ही परिवार के 4 लोगों की हत्या ससुराल में कर दी। सनकी दामाद ने अपनी सास, पत्नी और बच्चों को मौत के घाट उतार दिया है। इस हत्याकांड के बाद शनिवार सुबह से ही इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच मे जुटी है। सनकी युवक ने सास और पत्नी के साथ अपने 6 माह के नवजात बच्चे और 4 साल की मासूम बेटी को मौत के घाट उतार दिया है। घटना के बाद युवक फरार है। घटना गोधनपुर गांव की है। दरभंगा निवासी अवाम गांव के पवन महतो की पत्नी पिछले कुछ माह से अपने मायके झंझारपुर के सूखैत में अपने दो बच्चों के साथ रह रही थी। उसका पति के साथ कोई विवाद चल रहा था। शुक्रवार की रात पवन महतो अपने एक साथी के साथ आया और उसने सो रही अपनी सास प्रमिला देवी (60), पत्नी पिंकी देवी (26), 4 साल की बेटी प्रिया और छह माह की बेटी प्रीति को जांता (अनाज पीसने का पत्थर का बना सामान) और उसके लकड़ी के हैंडल से मार डाला। घटना की जानकारी होते ही लोग घटनास्थल में पहुंचने लगे। भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सड़क जाम की स्थिति हो गई थी। एसडीडीपीओ पवन कुमार के अलावा 112 की गाड़ी, झंझारपुर, आरएस एवं लखनौर के एसएचओ दल बल के साथ पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित करने में लगी हुई।

### पुणे में बम मिलने से दहशत, बीडीडीएस ने डिफ्यूज किया



**मुंबई।** पुणे के एनडीए इलाके में शुक्रवार शाम बम मिलने से दहशत फैल गई। बीडीडीएस ने शनिवार तड़के इसे डिफ्यूज कर दिया। बावजूद इसके लोग अभी दहशत से उबर नहीं पाए हैं। पुणे पुलिस बम रखने वालों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, एनडीए इलाके के उत्तम नगर क्षेत्र में कमला देवी मंदिर के पीछे एक पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। यहीं पर मजदूरों ने बम जैसी वस्तु देखी । मजदूरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाते ही उत्तम नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वाई एन शेख टीम के साथ पहुंचे। बाद में इसकी सूचना बीडीडीएस को दी। इसके बाद बीडीडीएस और पुलिस ने पूरे क्षेत्र को खाली करवा लिया। आज तड़के बम को डिफ्यूज करने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

### सांबा जिले में पाकिस्तान का ड्रोन दिखा बीएसएफ के जवानों ने की गोलीबारी



**सांबा।** जम्मू संभाग के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तान का ड्रोन देखे जाने के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों ने शुक्रवार रात गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने देररात पाकिस्तान की ओर से ड्रोन की आवाजाही का पता लगाया और लगभग दो दर्जन राउंड फायरिंग की। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि ड्रोन को वापस पाकिस्तानी सीमा में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि शनिवार सुबह रामगढ़ सेक्टर के नारायणपुर में सीमा चौकी क्षेत्र में ड्रोन से हथियार या फिर नशीले पदार्थ गिराए जाने की आशंका के चलते तलाशी अभियान शुरू किया गया है।






# एक दिवसीय सुनेश्वरी देवी योग प्रतियोगिता संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शनिवार को हेल्पिंग एंड कैयरिंग हैंड संस्था कि ओर से लालपुर न्यूक्लियस मॉल के समीप नटराज योग संस्थान में एक दिवसीय स्व सुनेश्वरी देवी मेमोरियल योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में हेल्पिंग एंड कैयरिंग हैंड फाऊंडेशन के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी श्री शंकर दुबे जी ने अपनी ओर से सभी विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक गिफ्ट एव पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, निरंजन शर्मा, संतोषी साहू ,बिट्टू दिव्या, रितेश कुमार, बिट्टू कुमार,सहित कई लोग उपस्थित थे। इस योग प्रतियोगिता में सैंकड़ो योग खिलाडियों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को योग के प्रति जागरूक कर उनको प्रोत्साहित करना था।

### प्रतियोगिता के परिणाम

**▶▶ अंडर 09 वर्ग सब जूनियर बालिका वर्ग में**
प्रथम अनीशा नाग
प्रीता साहू

**▶▶ जूनियर बालिका वर्ग में**
प्रथम अपर्णा चौधरी

**सीनियर ( अ)बालिका वर्ग में**
प्रथम माही कुमारी
द्वितीय सुलेखा कुमारी
तृतीय अंजली कुमारी

**▶▶ सीनियर ग्रुप ( अ) बालिका वर्ग में**
प्रथम प्रियंका रानी
द्वितीय मनी चौधरी
तृतीय सुगंधी रंजन

**▶▶ सीनियर बालक वर्ग में**
प्रथम पिंटू चौधरी
द्वितीय रितेश कुमार
तृतीय गौरव कुमार रहे।
यह जानकारी संतोषी साहू ने दी।

# आरसीबी के लिए दिल्ली के खिलाफ करो या मरो की स्थिति

**एजेंसी। बेंगलुरु**
लगातार चार मैच जीतकर प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाए रखने के लिए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा जबकि दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत निलंबन के कारण इस मैच से बाहर रहेंगे। पंत को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात मई को दिल्ली कैपिटल्स की 20 रन की जीत के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पंत पर 30 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया था।

पंत की गैर मौजूदगी से आरसीबी को फायदा मिलेगा जबकि दिल्ली के लिये यह बड़ा झटका है। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू : विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विल जैक्स, रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, यश दयाल, मोहम्मद सिराज

दिल्ली कैपिटल्स : जेक फ्रेजर-मैकगर्क, पृथ्वी शॉ, डेविड वार्नर (कप्तान), रिकी भुई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, खलील अहमद, लिजाद विलियम्स

# प्लेऑफ की उम्मीदों को मजबूत करने उतरेगा चेन्नई

**एजेंसी। चेन्नई**
चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब बाकी बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत है।

दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली।



चेन्नई सुपर किंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, मोइन अली, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, सिमरजीत सिंह

राजस्थान रॉयल्स : जोस बटलर, यशस्वी जयसवाल, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, अवेश खान, संदीप शर्मा, युजवेंद्र चहल।

## धीमी ओवर गति पर निलंबन के कारण आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे पंत

**एजेंसी। बेंगलुरु**
दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह एक बड़ा झटका है, कप्तान और बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल 2024 टूनार्मेंट में तीसरी बार धीमी ओवर गति के अपराध के लिए मैच निलंबन के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम के आगामी मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल ने शनिवार को अपने बयान में कहा कि डीसी ने 7 मई को अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स पर 21 रन की जीत के दौरान सीजन की तीसरी धीमी ओवर गति का अपराध दर्ज किया। आरआर की पारी के आखिरी ओवर से पहले, डीसी के पारी के टाइमर पर दस मिनट कम पाए गए, जिसका मतलब था कि वे इन-गेम धीमी ओवर गति के दंड के अनुसार 30-यार्ड सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को मैदान में रख सकते थे। ओवर-रेट अपराधों के लिए आईपीएल आचार संहिता के तहत, पंत पर 30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया और एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया।

## ओजस महलावत-अधिराज ठाकुर ने आईटीएफ जे 30 भुवनेश्वर टूर्नामेंट में युगल खिताब जीता




**मोहाली।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी (आरजीटीए) के एथलीट प्रणील शर्मा ने एकल स्पर्धा में जीत हासिल की, जबकि ओजस महलावत और अधिराज ठाकुर की जोड़ी जे30 भुवनेश्वर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस जूनियर टूर 2024 के युगल वर्ग में विजयी हुई, जो भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। तीसरी वरीयता प्राप्त प्रणील ने शीर्ष वरीयता प्राप्त देबासिस साहू को सीधे सेटों में 6-4, 7-5 से हराकर खिताब का बचाव किया। सेमीफाइनल में उन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त शंकर हेइसनाम को तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 3-6, 6-2, 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनकी मुलाकात अपने युगल जोड़ीदार आदित्य मोर से हुई और जिसमें उन्होंने आदित्य को 7-6, 6-1 से हराया।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने को तैयार जेम्स एंडरसन



**एजेंसी। लंदन**
इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन इस इंग्लिश समर के बाद संन्यास ले लेंगे। द गॉर्डियन की एक रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम ने न्यूजीलैंड से इंग्लैंड का दौरा किया और एक गोल्फ मैच खेलने के दौरान एंडरसन को बताया कि वह अब भविष्य की ओर देख रहे हैं और 2025-26 एशेज की टीम तैयार करना चाहते हैं।

एंडरसन इस साल की शुरूआत में भारत दौरे पर गए थे और वहां 700 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज बने थे। हालांकि उन्होंने सात पारियों में सिर्फ. 110 ओवर गेंदबाजी की थी। पिछले इंग्लिश समर के दौरान वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी संघर्ष करते दिखाई दिए थे और चार टेस्ट मैचों में उन्हें 85.40 के खराब औसत से सिर्फ.पांच विकेट मिले थे। जुलाई में होने वाले वेस्टइंडीज घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान एंडरसन 42 साल के हो जाएंगे। वह इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के दौरान संन्यास ले सकते हैं, जिसका पहला मैच अगस्त के आखिरी में एंडरसन के घरेलू मैदान ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। शनिवार को इंग्लैंड-पाकिस्तान महिला टी20 मैच के दौरान एंडरसन अपने भविष्य के बारे में जानकारी दे सकते हैं। हालांकि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अभी इस बारे में कुछ भी बोलने से इनकार किया है। इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड पुरूष टीम के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने ब्रायडन कार्स, जॉश टंग, मैट पॉट्स, गस एटकिंसन, मैट फि शर, साकि ब महमूद और जॉन टर्नर जैसे गेंदबाजों का नाम लेते हुए कहा था कि वह चाहते हैं कि तेज गेंदबाजों की एक नई पीढ़ी आए और टीम को आगे ले चले। फि लहाल एंडरसन काउंटी क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं।

# मनु भाकर और अनीश ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान के लिए तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**
ओलंपियन मनु भाकर और भारत के शीर्ष पुरुष रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) निशानेबाज अनीश भनवाला पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) राइफल/पिस्टल में क्रमशः उनके 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी3 मैचों में ठोस क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान पर बने रहे। भोपाल की एमपी राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में निशाना साधते हुए, अनीश ने पुरुषों की 25 मीटर आरएफपी में 587 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, क्योंकि दोनों ने प्रत्येक स्पर्धा में पांच निशानेबाजों के बीच शीर्ष रैंक बनाए रखी। फाइनल रविवार को खेला जाएगा जब पांच योग्य निशानेबाजों को जीतने के लिए महत्वपूर्ण पोडियम अंक मिलेंगे। महिला पिस्टल वर्ग में, रिदम सांगवान ने दिल्ली में अपने मानकों के अनुसार दो सामान्य प्रदर्शन करने के बाद 586 के शीर्ष स्कोर के साथ वापसी की, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने मनु भाकर को 585 के साथ इनर 10 के माध्यम से पीछे छोड़ दिया। ईशा सिंह (579) चौथे और अभिदन्या अशोक पाटिल (575) पांचवें स्थान पर रहीं। इसका मतलब यह है कि रविवार को फाइनल में चाहे कुछ भी हो, मनु अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से कम से कम चार अंकों की बढ़त के साथ चौथे ट्रायल में उतरेंगी । दूसरे स्थान के लिए फिलहाल ईशा, रिदम और सिमरनप्रीत के बीच कड़ी टक्कर है। अनीश भनवाला को भी शनिवार को अपने स्टैंड-आउट 587 के बाद पुरुषों के आरएफपी में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर दो-पॉइंट कुशन है।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत-चीन के बीच जमकर हो रहा कारोबार

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024 में फरवरी तक चीन और भारत के बीच 9 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ है। वहीं अमेरिका और भारत का द्विपक्षीय व्यापार 8 लाख 91 हजार करोड़ रुपये के करीब रहा है। कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज मिनिस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, 23 में 10 लाख 38 हजार 772 करोड़ रुपये के द्विपक्षीय व्यापार के साथ अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर था। 9 लाख 13 हजार 705 करोड़ रुपये के ट्रेड के साथ चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। वित्त वर्ष 2024 में फरवरी तक भारत से चीन को 1 लाख 25 हजार 47 करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट हुआ। वहीं चीन से 7 लाख 78 हजार 161 करोड़ रुपये का इंपोर्ट हुआ। इस तरह सबसे ज्यादा आयात चीन से किया गया। हालांकि भारत से सबसे ज्यादा निर्यात अमेरिका को हुआ है। अप्रैल-फरवरी के दौरान अमेरिका का निर्यात 5 लाख 79 हजार 401 करोड़ रुपये का रहा। वहीं अमेरिका से 3 लाख 11 हजार 464 करोड़ रुपये का आयात किया गया। मार्च के फाइनल डेटा अपडेट होने पर पोजिशन बदल सकती है। अप्रैल-फरवरी के बीच टॉप 5 ट्रेड पार्टनर देशों के क्रम में एक और बदलाव हुआ। सऊदी अरब को पीछे छोड़कर रूस भारत का चौथा बड़ा ट्रेड पार्टनर बन गया। 24 (फरवरी तक) में 6 लाख 19 हजार करोड़ रुपये के ट्रेड के साथ तीसरे नंबर पर यूनाइटेड अरब अमीरात की पोजिशन कायम रही। 23 में भारत और सऊदी अरब के बीच 4 लाख 23 हजार 843 करोड़ रुपये का ट्रेड हुआ। रूस के साथ आंकड़ा 3 लाख 99 हजार 466 करोड़ रुपये का था। लेकिन 24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 4 लाख 91 हजार 803 करोड़ रुपये के ट्रेड के साथ रूस चौथे स्थान पर आ गया। सऊदी अरब के साथ ट्रेड का आंकड़ा 3 लाख 26 हजार 935 करोड़ रुपये का रहा।

### आईसीआईसीआई बैंक के कार्ड और भुगतान प्रमुख बिजिथ भास्कर ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी में कार्ड, डिजिटल भुगतान, प्रीपेड समाधान, उपभोक्ता वित्त और ई-कॉमर्स और मर्चेंट इकोसिस्टम के प्रमुख बिजिथ भास्कर ने इस्तीफा दे दिया है, जो 18 मई से प्रभावी होगा। एक्सचेंज फाइलिंग में आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि भास्कर वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक समूह का हिस्सा थे और उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। भास्कर ने अपने त्यागपत्र में कहा कि उनका निर्णय बैंक के बाहर अवसरों को आगे बढ़ाने के व्यक्तिगत कारणों पर आधारित था। भास्कर 21 साल से बैंक के साथ हैं। देश के दूसरे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता का शुद्ध लाभ पिछले वित्तवर्ष की चौथी तिमाही में 17.38 फीसदी बढ़कर 10,707 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक ने तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में 8 फीसदी की वृद्धि के साथ 19,093 करोड़ रुपये दर्ज की।

# गर्मी में इलेक्ट्रिक कारों का रखें ख्याल, नहीं तो होगा नुकसान

**नई दिल्ली। गर्मी का मौसम आ चुका है और इसका असर इलेक्ट्रिक कारों पर भी पड़ता है। ठीक वैसे ही जैसे गर्मी में पेट्रोल-डीजल कारों का ध्यान रखना जरूरी होता है, इलेक्ट्रिक कारों के लिए भी कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरूरी है। अक्सर आप सुनते हैं कि इलेक्ट्रिक कारों की बैटरी में हीटिंग इश्यू होता है और इससे कार में आग भी लग सकती है। इसके साथ ही कुछ और भी समस्याएं गर्मी के मौसम में इलेक्ट्रिक कारों के साथ होती हैं और आप अगर इनका ध्यान नहीं रखते हैं तो परेशानी खड़ी हो सकती है। आठ बातें जो कार को नुकसान से बचा सकते है।**

**▶▶ बैटरी का टेंपरेचर**
गर्मी के मौसम में इलेक्ट्रिक कारों में लगी बैटरी का तापमान बढ़ जाता है, जिससे इसकी क्षमता और रेंज कम हो सकती है। ऐसे में आप कार को सीधी धूप में खड़ी करने से बचें। गैरेज या छायादार जगह उपलब्ध न हो तो कार को सनस्क्रीन कवर से ढककर रखें।

**▶▶ चार्जिंग**
बैटरी को 100 पर्सेंट तक चार्ज करने से बचें। 80 फीसदी चार्ज ही पर्याप्त है। ज्यादा चार्ज करने से बैटरी पर दबाव बढ़ सकता है। आप अगर लंबी यात्रा पर जा रहे हैं तो रास्ते में चार्जिंग स्टेशन का पता लगाकर रखें।

**▶▶ गैरजरूरी बिजली का इस्तेमाल कम करें**
गर्मी में एसी का इस्तेमाल ज्यादा होता है, जिससे बैटरी की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में जब जरूरत ना हो तो कार की एसी बंद रखें।




**▶▶ टायर प्रेशर**
गर्मी में टायर का दबाव कम हो सकता है, जिससे माइलेज कम होता है और टायर फटने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में नियमित रूप से टायर प्रेशर की जांच करवाते रहें।

**▶▶ प्री-कूलिंग**
आप अगर कार को गैरेज में खड़ी करते हैं और फिर बाहर निकलते हैं तो एसी चलाकर कार को ठंडा कर लें। इससे गाड़ी चलाते समय बैटरी पर कम दबाव पड़ेगा।

**▶▶ रीजेनरेटिव ब्रेकिंग**
डाउनहिल या ट्रैफिक में गाड़ी रुकते समय रीजनरेटिव ब्रेकिंग का इस्तेमाल करें। इससे ब्रेक लगाते समय पैदा होने वाली ऊर्जा बैटरी में वापस चली जाती है।

## औंधे मुंह गिरी इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की बिक्री

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स बनाने वालीं कंपनियों के लिए वित्त वर्ष 2024-25 का पहला महीना काफी खराब रहा। बीते महीने के 30 दिनों में ज्यादातर कंपनियों की इलेक्ट्रिक स्कूटर या बाइक की बिक्री में भारी गिरावट देखने को मिली है। आपको जानकर हैरानी होगी कि जिस ओला इलेक्ट्रिक ने बीते मार्च में 50 हजार से ज्यादा स्कूटर बेचे, वो अप्रैल में 33,963 हजार स्कूटर भी नहीं बेच पाई। वहीं ऐथर एनर्जी के इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की मंथली सेल तो 76 पर्सेंट तक गिर गई। टीवीएस मोटर कंपनी के आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर को पिछले महीने 7675 ग्राहकों ने खरीदा और यह 71 पर्सेंट की मंथली गिरावट के साथ है। इस साल मार्च में टीवीएस आईक्यूब को 26 हजार से ज्यादा ग्राहकों ने खरीदा था। इस तरह इलेक्टिक स्कूटर्स की मांग में आई कमी को लेकर निर्माता चिंतित हैं, और वे इसका कारण तलाशने में जुटे हैं।

# ब्लड प्रेशर चेक करने में माहिर हो रहें हैं स्मार्ट वॉच

**एजेंसी। नई दिल्ली**
स्मार्ट वॉच खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो हम कुछ फीचर्स बताने जा रहे हैं। इसकी मदद से आप आसानी से ब्लड प्रेशर चेक कर सकते हैं। आपको कुछ करने की जरूरत नहीं होती है। कलाई पर पहनने के बाद ये आपको हर जानकारी देती रहती है तो चलिये बताते हैं कि आखिर इन्हें खरीदने के लिए आपको कितने पैसे खर्च करने होंगे और इसके कुछ खास फीचर्स क्या है।




Samsung Wastch 6- लेटेस्ट वॉच में इसका नाम शुमार है। इस स्मार्ट वॉच की सबसे बड़ी खासियत है कि ये ब्लड प्रेशर भी आसानी से चेक कर लेती है। इसके लिए आपको कुछ अलग से करने की जरूरत नहीं होती है। चा मदद से आपको ये करने में काफी आसानी होगी। यहीं पर आपको ब्लड प्रेशर ऑप्शन दिया जाता है। यहां पर जाने के बाद आपको सभी ऑप्शन नजर आते हैं और कलाई पर पहनने के बाद ये ब्लड प्रेशर चेक कर लेती है।

## सेल्फ-ड्राइविंग टेक कंपनी ने अमेरिका में 550 कर्मचारियों को बर्खास्त किया




**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**
ऑटोनॉमस व्हीकल टेक्नोलॉजी कंपनी मोशनल ने अमेरिका में लगभग 550 कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, वर्कर एडजस्टमेंट एंड रिट्रेनिंग नोटिफिकेशन के अनुसार, बर्खास्त कर्मचारियों में से लगभग 145 कर्मचारी पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग शहर में काम करते थे। टेकक्रंच की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी कमर्शियल संचालन रोक रही है और रोबोटैक्सी सेवा शुरू करने की योजना में देरी कर रही है। मोशनल की हर एक टीम प्रभावित हुई है, जिसमें मुख्य परिचालन अधिकारी आबे घेबरा भी शामिल हैं। मोशनल के रिमोट वाहन सहायता प्लेटफॉर्म पर काम करने वाली टीम में 'भारी कटौती' की गई है। मोशनल हुंडई मोटर ग्रुप और ऑटो पार्ट्स सप्लायर एप्टिव के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

## एक नजर

### हाइवा के धक्के से 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** सड़क दुर्घटना में शनिवार की सुबह लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र के कुटमु गांव निवासी 60 वर्षीय व्यक्ति रामनाथ साव की मौत हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि शनिवार की सुबह रामनाथ साव अपने घर से किसी काम के लिए मेदिनीनगर आए थे इसी बीच शहर के छह मुहान चौक के पास हाइवा वाहन ने उन्हें पीछे से धक्का मार दिया। हाइवा के धक्के से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल रामनाथ साव को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में चिकित्सको द्वारा इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।

### इंडिया गठबंधन के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**हरिहरगंज।** पलामू संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में राजद द्वारा हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में वोट करने की अपील किया गया। इमामगंज विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी रौशन मांझी, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव ने आने वाली 13 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव में देशहित में महागठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुइयां को वोट देकर विजय बनाने की अपील किया। कहा की इस बार लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए आने वाली 13 मई को अपने-अपने घरों से निकल कर राजद प्रत्याशी को जिताने के लिए लालटेन छाप पर वोट करे। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, बुधन सिंह यादव, योगेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व लोग मौजूद थें।

### परशुराम जन्मोत्सव को सरकारी छुट्टी हो घोषित : युवा वाहिनी

**मेदिनीनगर।** अक्षय तृतीया के पावन दिवस पर पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय भगवान श्री परशुराम के जयघोष से गुंजायमान रहा। ब्राह्मणों के सबसे लोकप्रिय संगठन राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने भव्य परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया। पलामू प्रमंडल के कोने-कोने से ब्राह्मणों का हुजूम मेदिनीनगर पहुंचा। विप्रजनों ने पूजन-अर्चन के उपरांत जय श्री परशुराम का उद्घोष किया। साथ ही अक्षय तृतीया तिथि को भगवान श्री परशुराम जयंती के दिन सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग कर दी है। मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने एवं भगवान परशुराम को सनातनीयों के घर-घर में गांव प्रखंड से आए मानिंद परिवार के मुखिया ने एक स्वर में भगवान परशुराम जयंती को सामुहिक अवकाश जल्द घोषित कराने के लिए चरणबद्ध आंदोलन करने का भी संकल्प लिया। वहीं बंटने के बजाय संगठित होकर एक संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया।

### गढ़वा जिले में वोटिंग के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

# मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें : डीसी

*नियोजक अवकाश नहीं देगा, तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के धाराओं के तहत की जाएगी कार्रवाई*


पलामू लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को होगा मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन 13 मई को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। उपायुक्त ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (बी) के प्रावधानों के अंतर्गत गैर-सरकारी/ निजी/ व्यावसायिक संस्थाओं के कार्मिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान दिवस के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रवधान है। उक्त अधिनियम के अनुसार मतदान के दिन अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कमी नहीं की जायेगी। यदि कोई नियोजक उक्त धाराओं के उल्लंघन करेगा तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने गढ़वा जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि 13 मई को मतदान के दिन लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लें।

### मानव श्रृंखला बना मतदाताओं को किया जागरूक

रंका/ गढ़वा । लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रंका प्रखंड के ग्राम रंकाखुर्द बूथ नंबर 365 पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला बनाई गई। झारखंड राज्य आजिविका मिशन के वीरेंद्र कुमार की अगुवाई में समूह की दीदियों के साथ मानव श्रृंखला बनाई। साथ ही मतदाता शपथ दिलाई गई। साथ ही गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान के प्रेरित किया गया। मौके पर मतदातओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी। मतदान के फायदे बताये गये। कार्यक्रम में एलएच बीआरपी सत्येंद्र कुमार, एसबीएम रंका कॉर्डिनेटर रशीदा खातून, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, बीएलओ कलावती देवी सक्रिय महिला आशा देवी, जलसहिया और काफी संख्या में समूह की महिलाएं मौजूद थीं।

### पोस्टल बैलेट वोटिंग कार्य का किया गया निरीक्षण

**लातेहार।** पोस्टल बैलेट कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने शनिवार को बनवारी साहु महाविद्यालय सुविधा केंद्र में किये रहे पोस्टल बैलेट वोटिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां आवश्यक निर्देश भी दिया। बता दें कि चुनाव व आवश्यक ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए जिले में पोस्टल बैलेट से बीते शुक्रवार से मतदान शुरू किया गया है। सुविधा केंद्रों पर सुबह नौ से शाम पांच बजे तक मतदान कराया जायेगा। शुक्रवार को जिन अधिकारी व कर्मियों के संसदीय क्षेत्र में चौथे व पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव होना है, उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग पोस्टल बैलेट से किया। चौथे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 12 मई तक, पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 13 मई तक, छठे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 14 से 18 मई और सातवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 21 से 25 मई तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर टीओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने आईआरबी और टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ अपने क्षेत्र में शनिवार को फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च कर लोगों को भय मुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील किया।वही टीओपी प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के आदेश के आलोक में टीओपी 3 थाना क्षेत्र के विभिन्न बूथ का निरीक्षण एवं फ्लैग मार्च किया जा रहा है। ताकि लोग भय मुक्त माहौल में मतदान कर सके। वही मौके पर उपस्थित धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिले में सुरक्षा बलों की कोई कमी नहीं है। जो भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह चुनाव में बाधा डालने या फिर मतदाताओं को डराने व धमकाने का प्रयास करेगा। पुलिस प्रशासन उसके साथ सख्ती से पेश आएगा। उन्होंने मतदाताओं से कहा की सभी मतदाता 13 मई को अपने सभी आवश्यक कार्य छोड़ कर सबसे पहले अपने पोलिंग बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उसके बाद कोई दूसरा काम करें। मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान, आरिफ खान, सरवन कुमार सहित अन्य पुलिस के जवान फ्लैग मार्च में शामिल थे।

# 10 साल के शासनकाल में नहीं हुआ कोई विकास : मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को डंडा एवं मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में डोर टू डोर सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मंत्री ठाकुर ने पलामू लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां को भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। इस दौरान मंत्री ने मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा पश्चिमी पंचायत में ओखरगाड़ा देवी धाम के समीप, ओखरगाड़ा पूर्वी पंचायत में परसही सहिजना टोला, खोरीडीह पंचायत के छपरवार गांव, चेचरिया पंचायत के बोकेया में दुर्गा मंडप के समीप तथा डंडा प्रखंड के भिखही पंचायत में भिखही दुर्गा मंडप के समीप, छपरदगा पंचायत में महुराम टोला स्थित चबूतरा के समीप तथा डंडा पंचायत के डंडा दुर्गा मंडप के समीप आयोजित सभा को संबोधित किया।



### योजनाओं का सिर्फ नाम बदला : मिथिलेश

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा सिर्फ हिंदू-मुस्लिम एवं जात पात की बात करती है। कभी भी प्रधानमंत्री सहित भाजपा के लोग पिछले 10 वर्षों के कार्यां की बात नहीं करते हैं। भाजपा के शासन काल में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। कांग्रेस के शासन काल से चल रही जनोपयोगी योजनाओं का भाजपा ने सिर्फ नाम बदल दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कहती है कि जनता को उन्होंने राशन दिया। सच्चाई यह है कि राशन भाजपा ने नहीं दिया बल्कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम एक रुपए में मुफ्त अनाज देने की योजना कांग्रेस ने वर्ष 2013 में लागू किया था। कांग्रेस के शासन काल में जनता को इंदिरा आवास मिलता था। परंतु भाजपा ने उसका नाम बदलकर प्रधानमंत्री आवास कर दिया। यहां तक कि यह आवास योजना झारखंड को दिया भी नहीं गया। राज्य सरकार ने केंद्र से आवास की राशि दिलाने का काफी प्रयास किया। परंतु आवास के लिए झारखंड को एक रुपए भी नहीं दिया गया। अंततः राज्य सरकार ने राज्य के गरीबों के लिए अपने पैसे से अबुआ आवास योजना शुरू किया। मंत्री ने कहा कि भाजपा को सबक सिखाने का समय आ गया है।

### मानसिक तनाव में आकर 20 वर्षीय युवति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी धर्मटोला निवासी मनोज कुमार की पुत्री काजल कुमारी उम्र 20 वर्ष शुक्रवार की रात मानसिक तनाव में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी सदर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना के एएसआई टीपी रजक घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से आत्महत्या से संबंधित घटना के बारे में पूछताछ कर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। वही इस घटना के बाद से पुलिस आत्महत्या से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई हैं। परिजनों ने बताया कि उसे दिन पहले ही काजल कुमारी का विवाह जपला में एक लकड़े से तय हुआ था। कुछ महीने बाद काजल की शादी भी होने वाली थी।

### भाजपा ने किया सभा का आयोजन

## देशहित में मोदी सरकार है जरूरी : कर्नल संजय कुमार




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** उर्दवार मंडल अन्तर्गत शक्ति केंद्र झरगाड़ा गांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पथ सभा का आयोजन कर भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष वोट करने की अपील किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता तथा संचालन रंजीत गुप्ता ने किया। कार्यक्रम प्रभारी के रूप भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को पुनः मोदी सरकार की जरूरत है। मोदी ने गारंटी दिया है कि आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों का आरक्षण उनके जिंदा रहते कोई खत्म नहीं कर सकता,उनके जिंदा रहते कोई देश के संविधान को नहीं बदल सकता इंडिया गठबंधन के वाले भ्रष्ट्राचार और घोटाले में लिप्त हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी को भारी संख्या में वोट देकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर मुखिया अशोक चौधरी,कपिल देव यादव, बिरबली यादव, सुभाषलाल यादव, रामपुजन प्रसाद,सुदेश सिंह, सुशील माली सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शादी की सालगिरह व पुत्र के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित केपीजे कंपलेक्स के पीछे पर्यावरण भवन के उपरी तल के अकाश बाग में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपने बड़े पुत्र अरुण कुमार जायसवाल के जन्मदिन व अपनी शादी की सालगिरह को यादगार बनाने के लिए पर्यावरण धर्म के तहत थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा लगाया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाई। पौधरोपण के बाद उन्होंने अपने संक्षिप्त संबोधन में जलवायु परिवर्तन पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर जलवायु परिवर्तन रोकने की दिशा में ठोस व कारगर कदम नहीं उठाए गए तो लोगों को जल संकट के साथ ऑक्सिजन की समस्या से भी जूझना होगा।

## लोकसभा चुनाव में वीडी राम भारी मतों से जीत दर्ज करेगें : सतीश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि 13 मई को हमारे कार्यकर्ता हर गांव से जनता को मतदान करने के लिये अभी से प्रेरित करे, सुबह सुबह मतदान कराये। पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बी डी राम भारी मतों से जीत दर्ज करेगें जनता ने मन बना ली है। झारखंड में इन्डिया गठबन्धन को तो वोट मांगने का नैतिक अधिकार भी नही है। जब लाखो झारखण्डी अलग राज्य के आन्दोलन मे अपनी सब कुछ निक्षावर कर रहे थे तो राष्ट्रीय जनता दल के महामहिम लालू यादव अपने लाश पर झारखण्ड राज्य का निर्माण करा रहे थे। ये झारखण्ड आन्दोलनकारियो के दुश्मन थे इन्हें झारखण्डी जनता से मतलब न उस समय था न आज है। इनकी गिद्ध दृष्टि झारखण्ड के प्राकृतिक सम्पदा अकुत वन सम्पदा खनिज पदार्थ खदानों पर लगी थीं।


सतीश कुमार

कांग्रेस की भी यही हाल थी। झारखंड आंदोलन को बेचने वाले झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और खरीदने वाले कांग्रेस के नरसिंह राव सरकार, और अन्त में शिबू सोरेन को भ्रष्टाचार के मुकदमा मे फसाने वाले यही कांग्रेसी। कल तक सडक पर जय श्री राम चिल्लाने वाली मोदी भक्त ममता भूईयां को टिकट नहीं मिला तो चारा चोरो के पार्टी मे शामिल होकर सांसद बनने की सपना देखने लगी। जनता सब जानती है जात पात की राजनीति करने वालों को नकार चुकी हैं। इन्डिया गठबन्धन के सभी दल झारखण्ड मे 5 साल राज्य में सरकार बना कर प्राकृतिक सम्पदा का दोहन किया अब मुखिया हेमंत सोरेन जेल में है इनके और भी मंत्री का जेल का फाटक इन्तजार कर रहा है। सांसद बीडी राम का 10 बर्ष का कार्यकाल कांग्रेसियों के 70 बर्ष के कार्यकाल पर भारी है। एन डीएनए झारखण्ड के 14 लोक सभा में भारी मतों से जितेगी।

## रैयतों ने एनएचएआई संवेदक के चार कर्मियों को बनाया बंधक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** जिले के सतबरवा प्रखंड के तुंबागड़ा में शनिवार को नेशनल अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) में निर्माण करने वाली भारत वाणिज्य कंपनी के संवेदक के चार कर्मियों को रैयतों ने बंधक बना लिया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी को छुड़ाकर थाना ले गयी। रैयतों द्वारा आरोप लगाया गया कि संवेदक के सभी कर्मी गांव में जबरन जाकर लोगों को एलपीसी बनाने के लिए धमकी दे रहे थे। सूचना के बाद रैयत एकजुट हुए एवं विरोध किया और उन्हें आधे घंटे तक एक जगह पर बैठाकर रखा गया। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि एनएच बना रही कंपनी के कर्मियों ने मारपीट करने की जानकारी दी है। दो लाइंजनिंग ऑफिसर, एक सुपरवाइजर तथा एक वाहन का चालक शामिल है। इधर, पुलिस द्वारा संवेदक कर्मियों को थाना लाने की सूचना पर 200 से ज्यादा रैयत थाना पहुंचे थे। संवेदक एवं कर्मियों के खिलाफ पुलिस में लिखित शिकायत की। बताया गया कि इन कर्मियों को कई बार मना किया गया था कि रैयतों का मामला अपर समाहर्ता कोर्ट में चल रहा है। सरकार के निर्देश के बाद सभी लोग एलपीसी करा लेंगे,



लेकिन रैयत की बातों को अनसुना करके कर्मी हमेशा नियम कानून को ताक पर रखकर रैयतों के घर पहुंच जाते थे। कसियाडीह की वृद्धा एतवरिया कुंवर ने कहा कि हमर जमीन जाइत बात, जिकेर मुआवजा कम मिलत बा। इसी को लेकर हमलोग उपर के साहब के पास आवेदन दिए हैं। उसकी पोती संजू कुमारी, दुलसुलमा गांव के बृजभान सिंह, फूलचंद साव, जयनाथ साहू, गुलाब सिंह द्वारा बताया गया कि चारों कर्मी हम लोगों के घर पर जाकर बार-बार एलपीसी बनवाने की धमकी देते हैं। नहीं बनाने पर जमीन का मुआवजा नहीं देने की बात कह कर हमेशा धमकाते हैं।

## वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त ने बरवाडीह आरपीएफ पोस्ट का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त अनुराग मीणा ने बरवाडीह आरपीएफ पोस्ट का कैजुअल इंस्पेक्शन किया। वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल अनुराग मीणा अपने अधीनस्थ अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बरवाडीह आरपीएफ पोस्ट पहुंचे जहां पर सर्वप्रथम आरपीएफ पोस्ट की इंस्पेक्टर डॉ राकेश रंजन ने उनका बुके देकर स्वागत किया. इसके बाद वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त ने रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बरवाडीह का कैजुअल इंस्पेक्शन किया गया । जिसमें रेसुब पोस्ट कार्यालय, मालखाना, स्टोरआदि का निरीक्षण करते हुई कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके बाद आरपीएफ पोस्ट अंतर्गत बनाए गए सुरक्षा बल के जवानों के विश्राम गृह एवं मेश का भी निरीक्षण किया. इसके साथ ही मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री मीणा द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बरवाडीह क्षेत्राधिकार के अंतर्गत अन्य स्टेशनों एवम वहां होने वाले अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया इस अवसर पर रेल अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाने हेतु कई निर्देश दिए। इसके साथ ही सुरक्षा बल के सभी जवानों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने एवं अपने ड्यूटी के प्रति सत्य निष्ठा एवम ईमानदारी से कार्य करने हेतु हिदायत दिया गया। इस दौरान डा. राकेश रंजन इंस्पेक्टर इंचार्ज , सचिन कुमार सब इंस्पेक्टर सुभाष यादव असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर,अरुण कुमार पाण्डे, संजय कुमार सिंह, सुरेश सिंह यादव सभी हेड कांस्टेबल,रंजित कुमार सिंह, निखिल कुमार, राजेश राम, बिनोद शंकर सिंह, श्रवण कुमार, रमेश कुमार, अशोक कुमार सभी जवान मौजूद थे।

# पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल में जन भागीदारी से पुटूस झाड़ से बना कुर्सी-टेबल

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व पुटूस झाड़ियां से भरा पड़ा है अब तक पुटूस को एक बेकार सी झाड़ी के रूप में ही देखा जाता रहा। लेकिन दो सप्ताह की मेहनत ने इस बेकार सी झाड़ी को एक अत्यंत उपयोगी झाड़ी का रूप दे दिया है। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी और मंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया की दो सप्ताह से इस पुटूस पर काम किए गए पहले इसे काटा गया, छिला किया पानी में उबाला गया। और फिर तकनीकी पद्धतियों से इसी पुटूस से कुर्सी, टेबल, टोकरी, स्टैंड और दीवार में लटकाने वाली खूबसूरत आकृतियां बना डाली है। पीके जैना ने बताया के नागपुर के एक विशेषज्ञ जी उनका नाम संदीप कुमार है उन्होंने इस प्रशिक्षण को पूरा कराया और यह सामान बनाकर तैयार हुआ 25 अप्रैल को ही बेतला में एक दिवसीय पुटूस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमे रांची से एक वन्य विभाग के बड़े महिला अधिकारी ने भाग लिया था। जैना ने बताया की आठ लोग अब बेतला और उसके आसपास के गांव में इस कला को पूरी तरह सीख चुके हैं कि वह कैसे इस बेकार की झाड़ी पुटूस से आकर्षक, टिकाऊ और मजबूत कुर्सियां, टेबल, टोकरी,स्टेंट और दीवार में




खूबसूरत आकृतियों को लगाया जा सकता है । जैना ने बताया यह सारे कार्यक्रम जन भागीदारी के तहत हुआ है जो भागीदारी का मुख्य सिद्धांत है पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन और टाइगर रिजर्व के अगल-बगल में बस एक गांव के लोगों के बीच एक मजबूत समझदारी, एक मजबूत विश्वास और एक मजबूत भरोसा एक दूसरे पर। जैना ने बताया कि इस जन भागीदारी से जहां पलामू टाइगर रिजर्व के अन्य प्राणियों की रक्षा सुरक्षा बढ़ेगी वहीं पलामू टाइगर रिजल्ट के आसपास के रहने वाले ग्रामीण लोगों के आर्थिक स्थिति में भी इस तरह के हैंडीक्राफ्ट से रोजगार के नए-नए अवसर पैदा होंगे। जैना ने बताया कि वे अभी छोटे स्तर पर अभी वह इसे पूरा करते रहेंगे लेकिन जैसे ही शीत ऋतु मौसम आ जाएगा तो इस बेकार, खराब पड़ी झाड़ी से वे और भी अच्छी-अच्छी चीजों को बनवाएंगे। इस समय जो कुर्सियां, टेबल, टोकरी, स्टैंड और दीवार में लटकने वाली खूबसूरत आकृतियां बनी है उन्हें इसे बेचा नहीं जाएगा बल्कि वह पर्यटकों के लिए रखा जाएगा। ताकि वह यह देखे समझे कि एक बेकार सी झाड़ी से इतनी खूबसूरत चीज बनाई जा सकती है और बनी है। उन्होंने बताया कि जन भागीदारी से पलामू टाइगर रिजर्व एक नया इतिहास के रचना में पहले पड़ा कदम उठा चुका है।

## बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने बाजार क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने बाजार क्षेत्र में सैकड़ो कार्यकताओं के साथ जन संपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान कामेश्वर बैठा ने लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। लोगों ने भी भरोसा दिलाया कि हाथी छाप पर ही मतदान करेंगे और कामेश्वर बैठा को विजई बनाएंगे ।मौके पर बसपा प्रत्याशी रामेश्वर बैठा ने कहा कि वे हर क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान एक-एक व्यक्ति से संपर्क कर रहे हैं और उनसे बातचीत कर क्षेत्र के समस्याओं से अवगत हो रहे है ।उन्होंने बताया कि लोगों से बातचीत के क्रम में पता चला है कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य बिलकुल ठप हो गई है। विकास का कोई भी काम नहीं हुआ है. इस कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है ।बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में



पानी और पलायन सबसे बड़ी समस्या है ।कई इलाकों में मात्र एक ही चापानल है जिस पर कई लोग निर्भर हैं ।क्षेत्र में सड़क और बिजली की भी घोर समस्या है ।उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद लोगों की समस्याओं का समाधान करना, खेतों और घरों तक पानी पहुंचना और लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी ।मौके पर बसपा नेता विनोद सोनी,संजय बैठा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### हेमंत के विकास कार्य से ...

हेमंत सोरेन ने हरा राशन कार्ड पुनः दिलवाया। इस कार्ड से लोगों को खाद्यान्न मिल रहा है। केंद्र सरकार की आवास योजना में भी झारखंड के साथ धोखा हुआ। ऐसे में अबुआ आवास योजना लेकर हमारी सरकार आई। इस योजना से तीन कमरों का पक्का मकान बन रहा है। कल्पना ने कहा कि झारखंड में भाजपा समर्थित सरकार नहीं रहने के कारण केंद्र ने हमारे साथ सौतेला व्यवहार किया है।

वहीं चिनियां प्रखंड के चिरका स्थित आईटीआई के मैदान में उन्होंने कहा कि भाजपा की चाल कदम-कदम पर बदलते रहती है। भाजपा झूठे सपने दिखलाकर सत्ता में बने रहना चाहती है। कहा, दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने जिन उद्देश्यों के साथ झारखंड राज्य को अलग कराया था, उनके सपनों को हेमंत सोरेन पूरा कर रहे थे। उन्होंने केंद्र से अपने राज्य का बकाया पैसा एक लाख 36 हजार करोड़ मांगा तो केंद्र सरकार को तकलीफ हो गई। उस पैसे से पूरे झारखंड का, राज्य की एक-एक जनता का विकास होता। झारखंड की धरती के नीचे अथाह खजाना भरा हुआ है। इसी खजाने पर केंद्र की गिद्ध नजर लगी हुई है। केंद्र सरकार इसे लूटने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। कल्पना ने कहा कि अभी वक्त है सभी लोग एकजुट होकर केंद्र सरकार को सबक सिखायें। 13 तारीख को लालटेन छाप पर वोट देकर ममता भुईया को विजयी बनाएं। आज हेमंत सोरेन के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए उनकी धर्मपत्नी घर की दहलीज लांघकर निकली है।




## चुनाव के रंग



अनुराग ठाकुर ने शनिवार को हमीरपुर में रोड शो किया। हिप्र के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर भी इसमें शामिल हुए।



गुलाम नबी आजाद श्रीनगर में रोड शो के दौरान पार्टी के मध्य कश्मीर के उम्मीदवार अमीर भट्ट के साथ।



टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा शनिवार को नादिया जिले में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करती हुईं।

## नाना पटोले के बयान पर पीएम मोदी का वार, कहा

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन तो कांग्रेस ने की शुद्धिकरण की बात

■ आदिवासी व महिलाओं का अपमान कांग्रेस की सोच में रचा-बसा ■ 4 जून को एनडीए 400 का आंकड़ा पार करेगा





**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुद्दों को लपकने और उसे भावनात्मक मोड़ देने में माहिर प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को ओडिशा के बरगढ़ में कांग्रेसी नेता नाना पटोले के राम मंदिर का शुद्धिकरण करने वाले बयान पर करारा जवाब दिया। मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज का अपमान कांग्रेस की सोच में रचा-बसा है। अभी कुछ दिन पहले ओडिशा के आदिवासी समाज की बेटी हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या में रामलला का दर्शन करके आई तो दूसरे ही दिन एक बड़े कांग्रेसी नेता ने राम मंदिर को गंगाजल से धोने और उसके शुद्धिकरण की घोषणा कर दी। कहा, आदिवासी समाज का और माताओं-बहनों का अपमान करने वाले ऐसे लोगों को भारत की राजनीति में रहने का हक नहीं है। मैं चाहता हूं कि राष्ट्रपति का अपमान करने वाली कांग्रेस की लोकसभा या विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर जमानत जब्त होनी चाहिए। मालूम हो कि महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी तो राम मंदिर का शुद्धिकरण किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा जनता जनार्दन ने जो आशीर्वाद दिया है, उस आशीर्वाद के भरोसे कह रहा हूं कि 4 जून को एनडीए का 400 पार करना पक्का हो चुका है। इतना ही नहीं कांग्रेस पार्टी इस बार विपक्ष भी बन नहीं पाएगी। उसके लिए उनके शहजादे की उम्र से भी कम सीटें मिलने वाली हैं।

**कहां है श्री रत्न भंडार की चाबी :** उन्होंने राज्य की बीजेडी सरकार पर आगे कहा, आज सुबह ही मैंने श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रबंधन से जुड़ा एक संवेदनशील विषय देश और ओडिशा के सामने रखा है। जगन्नाथ जी मंदिर के श्री रत्न भंडार की चाबियां पिछले 6 साल से गायब हैं। श्री रत्न भंडार में अकूत धन-दौलत है। लेकिन, उसकी सही स्थिति सामने नहीं आ रही है। ओडिशा सरकार श्री रत्न भंडार की जांच रिपोर्ट को सामने नहीं आने दे रही है।

### मोदी ने सीएम पटनायक को दिया चैलेंज

**बलांगीर।** ओडिशा के बलांगीर में प्रधानमंत्री मोदी ने बीजेडी प्रमुख और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर तीखा हमला बोला। मोदी ने सीएम पटनायक को मंच से ओडिशा के बिना कागज लिए 10 गांवों के नाम बताने का चैलेंज दिया। पीएम मोदी ने कहा कि जब दिल्ली में जी-20 सम्मेलन हुआ, पूरी दुनिया के बड़े-बड़े नेता आए, तो मैंने वहां कोणार्क सूर्य मंदिर के चक्र के सामने उनकी तस्वीरें खिंचवाई। हमारी सरकार ने ही ओड़िया वीरता के प्रतीक पाइका संग्राम के मेमोरियल को स्वीकृति दी। ये भाजपा सरकार ही है, जिसने पहली बार एक आदिवासी बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया। आज ओडिशा की बेटी देश की तीनों सेनाओं को कमांड करती है।



ओडिशा के कंधमाल में पद्मश्री पुरस्कार विजेता पूर्णमासी जानी का चरणस्पर्श करते पीएम मोदी।

## इस बार 400 सीट मिली तो देश में लव-जिहाद करने की कोई हिम्मत नहीं करेगा : हिमंता बिस्वा

**एजेंसी। बेगूसराय**

बेगूसराय में भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। सरमा ने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 सीट मिली तो देश में लव-जिहाद करने की कोई हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने माना कि वो हिन्दी ठीक से नहीं बोल पाते हैं और कहा, लेकिन मैं दिल से बोलता हूं, इस कारण लोग समझ भी पाते हैं।

उन्होंने कहा कि पहले पाकिस्तान के लोग भारत में बम फेंकते थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 2 बार पाकिस्तान में बम फेंका, उसके बाद कोई आने की हिम्मत नहीं करता। इसलिए हमें मोदी जी की सरकार लानी है। उन्होंने



अयोध्या राम मंदिर निर्माण की चर्चा करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब कांग्रेस वाले और लालू यादव मंदिर उद्घाटन की तारीख नहीं पूछते हैं।

लोग कहते हैं कि राहुल गांधी और लालू प्रसाद राम मंदिर दर्शन नहीं करने गए। मैं कहता हूं कि वे जाएंगे ही नहीं, क्योंकि उन्होंने इतना पाप किया है कि वो गए भी तो रामलला उन्हें दर्शन नहीं देंगे। इस जीवन में वे रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि इनको रिकॉर्ड मतों से जीताइए। बिहार ही नहीं देश को इनकी जरूरत है।

इनको बेगूसराय की जनता के अलावा देश के गरीबों का भी आशीर्वाद प्राप्त है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को बेगूसराय में मतदान होना है। बेगूसराय से भाजपा के गिरिराज सिंह का मुकाबला महागठबंधन के प्रत्याशी अवधेश राय से है।

## फिर लिखेंगे चुनाव आयोग को पत्र : मल्लिकार्जुन खरगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एक बार फिर से चुनाव आयोग को पत्र लिखेंगे। इस बार उनके पत्र लिखने का आशय पिछली बार उनके द्वारा भेजे गए पत्र को अस्वीकृत किए जाने का कारण जानना है। चुनाव आयोग ने मौजूदा लोक सभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में विसंगति के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 6 मई के पत्र में उठाए गए सवालों को आरोप बताते हुए शुक्रवार को खारिज कर दिया है। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए खरगे ने कहा, मैं एक बार फिर पत्र लिखकर चुनाव आयोग से अस्वीकृति का कारण पूछूंगा लेकिन मैं इसे वहां (चुनाव आयोग) पहुंचने से पहले प्रेस को जारी नहीं करूंगा। खरगे ने आयोग को लिखे पत्र में छह सवाल उठाए थे और उस पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर डाल दिया था।




### कांग्रेस को झटका, प्रवक्ता विनोद शर्मा ने छोड़ी पार्टी



**पटना।** लोकसभा चुनाव के बीच बिहार कांग्रेस को झटका लगा है। पार्टी के प्रवक्ता विनोद शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस संबंध में एक पत्र पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी भेजा है, जिसमें पार्टी छोड़ने के कई कारण गिनाए हैं। शर्मा ने खड़गे को लिखे पत्र में कहा है, कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता तथा प्रवक्ता एवं सह संयोजक मीडिया भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पद से इस्तीफा देता हूं। पत्र में उन्होंने आगे कारणों का जिक्र करते हुए लिखा कि बिहार में कांग्रेस पार्टी ने जंगलराज पार्ट-2 की शुरूआत के लिए राजद के सामने घुटने टेक दिए तथा भारत तेरे सौ-सौ टुकड़े होंगे का नारा लगाने वाले को दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी बनाया, इनकी मंशा स्पष्ट है।

भारत निर्वाचन आयोग ने पत्र मिलने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे को लोकसभा चुनाव में बाधा डालने के लिए फटकार लगाई। आयोग ने उनके बयानों को आक्रामक कहा। आयोग ने यह भी कहा कि मतदाता मतदान डेटा जारी करने के संबंध में उनके (खरगे) निराधार आरोप स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन में भ्रम, गलत दिशा और बाधाएं पैदा करने के लिए लगाए गए हैं। आयोग ने आशंका भी जताई कि उनके बयान से मतदाताओं की भागीदारी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

### खरगे बोले- सरकार बनी तो सीबीआई और ईडी के मामले लिए जाएंगे वापस

**पटना।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए तमाम सियासी मुद्दों पर खुलकर अपनी राय जाहिर की। इस दौरान महागठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता उपस्थित रहे। इंडिया गठबंधन के पीएम चेहरे के सवाल के जवाब में खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर कोई परेशानी नहीं है। गठबंधन के लोग बैठकर विचार करेंगे और जिनका नाम तय होगा, वह इंडिया गठबंधन की तरफ से देश का प्रधानमंत्री बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि पहले भी हम लोगों ने गठबंधन की सरकार सफलतापूर्वक चलाई है और कई अच्छी योजनाएं भी लाई है। उन्होंने आगे कहा कि अगर देश में गठबंधन की सरकार बनती है तो सीबीआई और ईडी की ओर से जो मामले दर्ज किए गए हैं, उन्हें वापस लिए जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो मामले कानून सम्मत दर्ज किए गए हैं, वो चलेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनको झूठ बोलने का अधिकार प्राप्त है और बोलते रहते हैं। वे बेरोजगारी और महंगाई तथा किए गए वादों को लेकर कुछ नहीं बोल रहे, केवल धर्म और हिन्दू-मुसलमान की बात कर रहे हैं। जनता उनके बांटने की नीति को समझ गई है।

### अखिलेश यादव का औरैया में रोड शो, कहा-

## भाजपा ने हर वर्ग को किया अपमानित

**एजेंसी। औरैया**

चौथे चरण का चुनाव प्रचार थम गया है। उससे पहले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने औरैया की बिधूना विधानसभा में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग को अपमानित किया है। रोड शो में भगत सिंह चौराहे से लेकर ऐरवाकटरा तक 16 किलोमीटर की दूरी तय की गई। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने का है, जिस तरीके से समुद्र मंथन हुआ था, उसी तरीके से संविधान मंथन होने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जो भाजपा सत्ता में रही, उसने महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाई, किसानों को लूटा। यह हमारे भविष्य और आने वाली पीढ़ियों का चुनाव है। एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान के भक्षक हैं, जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं, वहीं दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो



संविधान को बचाना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने बेरोजगारी और महंगाई देकर जनता के साथ अन्याय किया। कोई वर्ग नहीं बचा, जिसे इस सरकार ने अपमानित न किया हो। इन लोगों ने भेदभाव के साथ जितना अन्याय कर सकते हैं उतना किया। आज खुशी है कि इस बार बिधूना और आसपास के लोगों ने कन्नौज और इटावा लोकसभा सीट को भी जीतने का मन बना लिया है।

## बंगाल में चुनाव की निष्पक्षता के लिए 'प्रारंभिक कार्रवाई फॉर्मूला' अपनाएगा चुनाव आयोग

**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पश्चिम बंगाल में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आगामी चार चरणों के लोकसभा चुनावों में 'प्रारंभिक कार्रवाई फॉर्मूला' अपनाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक सूत्र ने 'प्रारंभिक कार्रवाई फॉर्मूले' को समझाते हुए शनिवार को कहा कि यह रणनीति बहुआयामी होगी। सबसे पहले, मतदान शुरू होने के पहले घंटे से ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान मतदान केंद्रों के आसपास राजनीतिक दलों के समर्थकों को इकट्ठा होने से रोकेंगे। सूत्र ने कहा, संभावित उपद्रवियों व अपराधियों के मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी। दूसरा, चिन्हित किए गए 'प्रभावशाली' स्थानीय नेताओं की लगातार निगरानी की जाएगी। उन्हें मतदान केंद्रों के पास अपने सहयोगियों के साथ लंबे समय तक इकट्ठा होने से रोका जाएगा। इसे मतदान शुरू होने के पहले घंटे से ही लागू कर दिया जाएगा। तीसरा, आदतन अपराधियों को दिन भर के लिए हिरासत में लिया जाएगा और मतदान बंद होने के एक घंटे पहले रिहा किया जाएगा, ताकि वे मतदान कर सकें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि 'प्रारंभिक कार्रवाई फॉर्मूला' को सात मई को चुनाव के तीसरे चरण में एक सीमित सीमा तक लागू किया गया था। सूत्रों ने कहा, चौथे चरण से यह फॉर्मूला अधिक विस्तृत और सख्ती से लागू किया जाएगा।

### जम्मू-कश्मीर : पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने की आयोग के नोटिस की निंदा




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी) ने पार्टी अध्यक्ष सज्जाद लोन द्वारा एक्स पर शेयर एक गाने के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा नोटिस जारी करने पर उसकी आलोचना की है। पार्टी प्रवक्ता अदनान अशरफ मीर ने कहा, यह गीत पार्टी ने नहीं, बल्कि कश्मीरी युवाओं ने तैयार किया है। यह कश्मीरियों की भावनाओं का प्रतीक है। यह उनकी पीड़ा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि इस गाने को चुनावी मानदंडों के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने चुनाव आयोग से नियमों को समान रूप से लागू करने का आग्रह किया। प्रवक्ता ने कहा, यह निराशाजनक है कि चुनाव आयोग दूसरों के प्रति उदारता दिखाते हुए हमारी पार्टी को जांच के लिए चुनता है। उन्होंने कहा, बिना किसी पूर्वाग्रह के सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिए।"

## महबूबा मुफ्ती का प्रशासन पर चुनाव में बेइमानी की कोशिश का आरोप



**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन चुनाव में बेइमानी की कोशिश कर रहा है। शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने पुलवामा में धारा 144 के तहत शनिवार शाम 6:30 बजे से 48 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। यह इलाका सोमवार को होने वाले श्रीनगर लोकसभा सीट का हिस्सा है। उन्होंने कहा, शनिवार शाम 6:30 बजे से पुलवामा जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि जहां चुनाव होने हों, वहां पाबंदियां लगाई जाएं और वह भी चुनाव खत्म होने तक। प्रशासनिक मशीनरी लोग को परेशान करने की कोशिश कर रही है, ताकि वे मतदान के लिए बाहर न निकलें। महबूबा ने कहा कि चुनाव में फजीर्वाड़ा की तैयारी की जा रही है। चुनाव फिक्स प्रतीत होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। कुछ दिन पहले सुरनकोट (जम्मू के पुंछ जिले में) में हमला हुआ और हमले के बाद हमारे 50 से 60 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आयोग को 1987 के चुनाव दोहराने हैं, तो कश्मीर में चुनाव का नाटक क्यों किया जा रहा है?

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com